WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, सोमवार, 14 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 151 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

एक अढैया शनि होता है जो साढ़े साति शनि से भी ज्यादा खतरनाक होता है। कांग्रेस इस अढैया के चक्कर में राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता से हाथ धो चुकी है। जहां तात्कालीन मुख्यमंत्री क्रमशः अशोक गहलोत और भूपेश बघेल ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बने थे लेकिन फेवीकोल लगाकर कुर्सी से ऐसे चिपके की पांच साल टस से मस नहीं हुए। नतीजतन दोनों जगह कांग्रेस की सरकार नहीं बनी। अब यही कहानी कर्नाटक में दोहराई जा रही है। सिद्धारमैया भी अंगद बनकर सीएम की कुर्सी पर जम गये हैं। बेचारे डी शिवकुमार ता...ता...थैया कर रहे हैं।

'यादवी शक्ति प्रदर्शन' से भाजपा हाईकमान नाराज, संगठन की राजनीति गरमाई

गजेंद्र को मंत्री बनाने के लिये दबाव की राजनीति के तहत सीएम हाउस के घेराव की खुली चेतावनी दे चुका है यादव समाज

■ **भाजपा में स्वीकार्य नहीं है प्रेशर पॉलिटिक्स, कई लोगों का हो चुका है गेम ओवर**

रायपुर/नवप्रदेश। साय केबिनेट में मंत्री पद पाने के लिये दुर्ग के भाजपा विधायक गजेंद्र यादव खेमे ने जिस 'प्रेशर पॉलिटिक्स' का इस्तेमाल किया है, उससे भाजपा मुख्यालय में राजनीतिक हलचल तेज होने लगी है। भाजपा के अंदरखाने में इसका खुला विरोध हो रहा है। संगठन में आवाज उठने लगी है कि किसी एक समाज की मांग मानने पर दूसरे समाजों के प्रादेशिक नेता भी एकजुट होकर ऐसी प्रेशर पॉलिटिक्स कर सकते हैं। भाजपा की सेहत के लिये प्रेशर पॉलिटिक्स के नतीजे बेहद नुकसानदेह साबित हो सकते हैं।

सच ये है कि भाजपा की आंतरिक राजनीति में प्रेशर पॉलिटिक्स गेम का कभी दूर-दूर तक नाता नहीं रहा। कांग्रेस

में यह बीमारी भले ही शुरू से छाई रही हो, लेकिन कैडर बेस पार्टी कहे जाने वाली भाजपा संगठन में दबाव की राजनीति को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम हाउस के घेराव की चेतावनी दे चुका है यादव समाज

यादव समाज के प्रादेशिक नेताओं ने कई बार बयान जारी कर दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव को केबिनेट में जगह देने की मांग की है। लगातार मांगों के बाद सारी हदें तब पार हो गई, जब यादव समाज ने इस मांग को लेकर 10 जुलाई को सीएम हाउस घेरने का ऐलान कर दिया। तय तारीख से पहले संकट को टालने के लिये भाजपा संगठन के नेता एक्टिव हुए और संगठन की पहल से ही यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने साय से मुलाकात की। सीएम साय से मुलाकात के दौरान यादव समाज ने गजेंद्र को केबिनेट में जगह देने और गौसेवा आयोग सहित अन्य निगम-मंडलों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पलटी बस, कांच तोड़कर बाहर निकले यात्री

लोरमी/नवप्रदेश। जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व इलाके में भीषण सड़क हादसा हो गया। बस में सवार करीब 25 यात्री अपनी जान गवाने से बाल-बाल बच गए. हालांकि लगभग दर्जनभर लोगों को चोटें आई है। जिन्हें घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस के माध्यम से बिलासपुर भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, घटना एटीआरक्षेत्र अंतर्गत लमनी इलाके के तिलईडबरा वनग्राम की है. जहां प्रतिदिन वनांचल मार्ग पर चलने वाली कैपिटल बस सर्विस में नए ड्राइवर आने के चलते अनियंत्रित होकर बस मोड़ पर पलट गई. घटना के वक्त बस में करीब 25 यात्री सवार थे. हादसे में दर्जनभर से अधिक यात्रियों को मामूली चोट आई. घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई. हादसे के बाद सभी यात्री एक दूसरे को सहयोग करते हुए बस के सामने कांच को तोड़कर बाहर निकल गए. इसके बाद 17 यात्री जो मदद की गुहार लगाते हुए टीम का इंतजार कर रहे थे, उन्हें राहत सामग्री प्रदान कर एंबुलेंस के माध्यम से बिलासपुर की ओर भेजा गया।

मानसून सत्र की रणनीति पर सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई है।पार्टी सुत्रों के अनुसार, श्रीमती गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर बुलायी गयी इस बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी द्वारा अपनायी जानेवाली रणनीति और इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस पिछले कुछ समय से पहलगाम में आतंकवादी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों को लेकर सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करती रही है।

ट्रेनों में सुरक्षा बढाने के लिए डिब्बों और ईंजनों में लगेंगे कैमरे

नयी दिल्ली (वार्ता)। रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यात्रियों की सुरक्षा बढाने के उद्देश्य से सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और इंजनों में छह कैमरे लगाऐ जायेंगे। ये कैमरे अत्याधुनिक होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार में तथा कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाली सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करायेंगे।

मिजोरम के लोगों का भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा

आईजोल(वार्ता)। पूर्वोत्तर के मिजोरम राज्य में रेल संरचना का कार्य पूरा हो गया है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इस खंड पर रेल को हरी झंडी दिखाकर आईजोल के नागरिकों का भारतीय रेल नेटवर्क से जुडऩे का सपना पूरा कर देंगे।मिजोरम अब तक बैरवी तक भारतीय रेल से जुड़ा है लेकिन अब बैरवी से आईजोल तक रेल लाइन पर काम लगभग पूरा हो गया है और इसे हरी ठंडी दिखाने का इंतजार है। अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने ही इस लाइन का शिलान्यास किया था और अब उम्मीद है कि वही हरी झंडी दिखाकर इस मार्ग पर रेल संचालन की भी शुरुआत भी करेंगे। परियोजना के मुख्य इंजीनियर विनोद कुमार का कहना है कि बैरवी-सारंगी रेल लाइन पर निर्माण का काम पूरा हो चुका है। रेलगाड़ी के संचालन के लिए यह खंड अब पूरी तरह से तैयार है। इस खंड के निर्माण पर करीब 11 साल का वक्त लगा है। बैरबी-साइरंग तक की परियोजना के निर्माण में चुनौतियां कई तरह की रहीं लेकिन परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने इन चुनौती की परवाह किये बिना इस काम को सफलतापूर्वके पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 51 किमी लंबे बैरबी-साइरंग खंड पर 153 पुल हैं जिनमें 55 बड़े पुल हैं, जिनमें 6 पुलों की ऊँचाई कुतुबमीनार से भी ज्यादा है। इस खंड पर 10 पुल सड़कों के ऊपर भी बने हैं। मार्ग पर कुल 48 सुरंगे बनाई गई है। उनका कहना था कि आईजोल तक रेल मार्ग बनने से बैरबी आईजोल के बीच की दूरी 8 से 10 घंटे के सड़क मार्ग की महज करीब 3 घंटे में पूरी की जा सकेगी।

श्री कुमार के अनुसार सैइरंग स्टेशन के पास बना पूंक्र 124 मीटर ऊंचा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से इसकी खूसरती देखते ही बनती है। इसकी लम्बाई 378 मीटर है। बैरबी साइरंग रेलमार्ग निर्माण की संस्तुति 2008-9 में मिली थी। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मार्ग के निर्माण की आधारशिला रखी और कई चुनौतियों के बाद इस मार्ग पर अब काम पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियरों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को किया मनोनीत

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (ए) और खंड (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्यसभा के लिए 4 नए सदस्यों को मनोनीत किया है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, उज्ज्वल देवराव निकम के नाम शामिल हैं। यह नियुक्तियां नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त हुए स्थानों को भरने के लिए की गई हैं। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना (एस.ओ. 3196(ई) के अनुसार, 12 जुलाई 2025 को इसका ऐलान किया गया। नामित सदस्यों में उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन का नाम शामिल हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य राज्यसभा में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और प्रख्यात व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है, जैसा कि संविधान में प्रावधान किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत, राष्ट्रपति को कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा और अन्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उप अभियंता भर्ती परीक्षा में नकल करते हुए एक परीक्षार्थी पकड़ी गई,एफआईआर दर्ज

■ **छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की कड़ी निगरानी में परीक्षा आयोजन, नकल प्रकरण में पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही जारी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) भर्ती परीक्षा के अंतर्गत परीक्षा केन्द्र क्र. 1309 - शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) में एक गंभीर नकल प्रकरण प्रकाश में आया। कक्ष क्रमांक 07 में परीक्षार्थी रोल नंबर 13091014 - कु. अन्नु सूर्या, पिता - कलेश्वर राम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए परीक्षा कक्ष में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उक्त परीक्षार्थी के अंतःवस्त्र में हिडन कैमरा व कान से माइक्रो स्पीकर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छिपाकर रखे गए पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त किया गया।

परीक्षा केन्द्र परिसर के बाहर नकल में सहायता करने हेतु उपस्थित कु. अनुराधा बाई के पास से वॉकी-टॉकी, टैबलेट, ब्लूटूथ डिवाइस और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। यह स्पष्ट रूप से एक संगठित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से नकल करने का प्रयास था।

प्रशासन द्वारा नियमानुसार तत्काल नकल प्रकरण तैयार कर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) को प्रेषित कर दिया गया है। साथ ही, थाना सरकंडा पुलिस को सूचित कर एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित व्यक्तियों पर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल एवं जिला प्रशासन द्वारा इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु ऐसी घटनाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विदेश मंत्री एस जयशंकर का तीन दिवसीय चीन दौरा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार से चीन की तीन दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। वे तियानजिन में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कई बार अंतरराष्ट्रीय बैठकों के दौरान अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की है। लेकिन, जून 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई तनाव के बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा होगी।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की घर वापसी तय

■ **15 जुलाई को होगा स्प्लैशडाउन**

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से वापसी को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को एक्सिओम-4 इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन मिशन से जुड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) पृथ्वी पर लौट सकते हैं। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर गए थे। इन अंतरिक्ष यात्रियों का 14 दिन का मिशन था, जो पूरा हो चुका है। फिलहाल शुभांशु शुक्ला समेत अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने का इंतजार है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया, एक्सिओम-4 मिशन का अंडॉकिंग (स्पेस स्टेशन से अलग होने) का समय 14 जुलाई को शाम 4:30 बजे निर्धारित किया गया है। पृथ्वी पर वापसी (स्प्लैशडाउन) की प्रक्रिया 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे तय की गई है। इन टाइमिंग में लगभग एक घंटे का मार्जिन विंडो होता है। यदि कोई और अपडेट होता है, तो उसे समय पर साझा किया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

पुलिस रिमांड पर जारी है पूछताछ | **कोयला घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई**

2 साल से फरार आरोपी नवनीत तिवारी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला लेवी घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी नवनीत तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। नवनीत पर अवैध कोल लेवी की योजना बनाने, वसूली करने और उससे अर्जित अवैध धनराशि को निवेश करने जैसे गंभीर आरोप हैं।

पुलिस रिमांड पर जारी है पूछताछः गिरफ्तारी के बाद नवनीत तिवारी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। ईओडब्ल्यू सूत्रों के मुताबिक, आरोपी से अब तक कोल ट्रांसपोर्ट परमिट की धांधली, पैसों की वसूली की प्रक्रिया और उसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।

क्या है कोयला लेवी मामला : ED की जांच में सामने आया कि कुछ लोगों ने राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों से मिलीभगत के बाद ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर कोयला ट्रांसपोर्ट करने वालों से अवैध वसूली की। जुलाई 2020 से जून ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी रेड के बाद से था फरार

ईओडब्ल्यू के अनुसार कोयला घोटाला मामले में नवनीत तिवारी आरोपी के विरुद्ध धारा 7, 7(ए), 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) तथा आईपीसी की धाराएं 420, 120बी, 384, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज है। नवनीत तिवारी वर्ष 2022 में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की छापेमारी के बाद से लगातार फरार था। अदालत ने उसके विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था। आरोपी लंबे समय तक कानून से बचता रहा, लेकिन अंततः ईओडब्ल्यू की टीम ने उसे धर दबोचा।

डीजल से लदी मालगाड़ी के 18 डिब्बों में आग लगी

चेन्नई (वार्ता)। दक्षिण रेलवे के चेन्नई बीच-अरक्कोणम खंड पर तिरूवल्लुर स्टेशन के पास रविवार को डीजल से लदी मालगाड़ी के कम से कम 18 टैंकरों में आग लग गयी और कई टैंकर पटरी से उतर गए जिसके कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।दक्षिण रेलवे के सूत्रों के मुताबिक आज सुबह लगभग 05:30 बजे चेन्नई हार्बर से वालाजाह रोड साइडिंग जा रही डीजल से लदी मालगाड़ी के बीच के टैंकर में आग लग गयी तथा कई अन्य टैंकर पटरी से उतर गए। आग से पूरे इलाके में काला धुआं भर गया और प्रशासन ने स्थानीय लोगों को वहां से सुरक्षित निकालने का प्रयास शुरू कर दिया। इंजन के बाद तीसरे टैंकर में आग लग गयी जो 19वें टैंकर तक फैल गयी। लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

मौके पर पहुंचे अग्निशमन दलों ने करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। राहत और बचाव कार्य तथा पटरियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजरंग

बर्दाश्त नहीं कन्हैया का तेज!

राजनीति भी अजीब है..साथ होते हुए भी नहीं होती। अब बिहार को ही लीजिए। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व नेता और मौजूदा कांग्रेसी कन्हैया कुमार का तेज, लगता है तेजस्वी को पसंद नहीं है..ऐसा हम नहीं कह रहे, पाटलिपुत्र में ऐसी चर्चा है। इस चर्चा को बल मिला है, कांग्रेस और आरजेडी की रैली में उनसे हुए व्यवहार से। कन्हैया इन दिनों राहुल का गुणगान करते नहीं थक रहे, लेकिन उन्हें ही अपने प्यारे नेता के साथ मंच साझा करने से वहां सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने रोक दिया। पप्पू यादव की भी यही हालत हुई। कहा जा रहा है कि अगर कन्हैया मंच पर होते तो उन्हें बोलने का मौका मिलता..और फिर वे छा जाते...ऐसा संदेश जाता कि बिहार के विपक्षी दलों के युवा नेता वे भी हैं..बिहार में उनके लिए संभावनाएं खुल जातीं..यह दूसरे युवा की राह का कांटा बन सकता था..लिहाजा उन्हें मंच पर चढ़ने ही नहीं दिया गया..ना मंच पर चढ़ेंगे और ना ही वे बोल पाएंगे..इससे पप्पू और कन्हैया के दिल में गांठ पड़ गई है..यह गांठ आगामी विधानसभा चुनावों में विपक्षी उम्मीदों पर असर डाल सकती है..यह देखने के लिए तब तक इंतजार करना होगा..

कर्नाटक में बदलेगी कमान



कर्नाटक कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पिछले दिनों दिल्ली में थे। पखवाड़ेभर के भीतर दोनों की राजधानी का यह दूसरा दौरा था। कहने के लिए दोनों आए थे बंगलुरू में दशहरा उत्सव के दौरान एयरशो की मंजूरी मांगने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने आए थे। लेकिन कहा जा रहा है कि दोनों पार्टी आलाकमान के सामने अपना पक्ष रखने आए थे। सिद्धा कुर्सी ना छोड़ने के लिए कमर कसे हुए हैं तो डीके कुर्सी पाने के लिए। फिलहाल डीके के पक्ष में पलड़ा झुका दिख रहा है..इस यात्रा के दौरान उनसे प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुलाकात जो कर ली है। देखना होगा कि बंगलुरू की संसदीय सौध में डीके का डंका कब बजता है।

सांसत में सांसद जी

राजधानी दिल्ली के सियासी गलियारों में एक चर्चा चटखारे लेकर सुनी-सुनाई जा रही है। कहा जा रहा है कि बीजेपी ने अपने एक युवा सांसद को कथित तौर पर शिवसेना सांसद की नकल के लिए फटकार लगाई है। हुआ यह था कि हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान उस युवा सांसद ने जूनियर डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर ली। हालांकि शिवसेना नेता से उनकी मुलाकात तय थी। इससे बीजेपी सांसद को अपनी हेठी लग रही थी, लिहाजा उन्होंने खुद को बीजेपी का अहम और मोदी का नजदीकी बताकर वक्त मांग लिया है। कहा जा रहा है कि उस मुलाकात के दौरान जूनियर ट्रंप ने उस नेताजी से रूखा और असभ्य व्यवहार किया। इससे बीजेपी सांसद का शर्मिंदा होना स्वाभाविक था। उन्होंने यह बात छुपाए रखी। लेकिन यह बात पार्टी आलाकमान तक पहुँच गई। इसका जरिया बना केरल कांग्रेस का ट्वीटर हैंडल। बहरहाल सांसद ने माफी मांग ली है और पार्टी ने उन्हें आइंदा ऐसा न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया है। अब पता लगाते रहिए कि वे सांसद महोदय हैं कौन?

नौकरशाही के हवाले प्रसार भारती

प्रसार भारती, कहने को अहम संस्था है..लेकिन इसे किस तरह चलाया जा रहा है, इसका उदाहरण है, शीर्ष पर इसके खाली पड़े पद...महीनों से प्रसार भारती के सदस्य वित्त का पद खाली है.. सदस्य कार्मिक का पद तो बरसों से खाली है..कह सकते हैं कि यहां सिर्फ काम चल रहा है। अब ये दोनों पद छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अफसर गौरव द्विवेदी के ही पास हैं...जो इस संस्था के सीईओ हैं..यानी एक अकेले गौरव जी तीन-तीन पदों का गौरव बढ़ा रहे हैं... यूपी के नामी पूर्व नौकरशाह नवनीत सहगल इसके चेयरमैन बन ही चुके हैं.. मतलब ये कि पूरी प्रसार भारती नौकरशाही के हवाले है.....राजधानी दिल्ली में बीजेपी विरोधियों के बीच चर्चा है कि सत्ताधारी दल के पास पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की इतनी कमी है कि उसे ना तो मीडिया वाला कोई चेयरमैन मिला और ना ही सीईओ.. नौकरशाह ठहरे नौकरशाह....उन्हें आदेश देना खूब आता है...कंटेंट से उनका कोई लेना-देना नहीं....तो प्रसार भारती में इन दिनों कंटेंट की बजाय हुकुमशाही चल रही है..

–राजदार

चिराग पासवान को धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

पटना (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। समस्तीपुर पुलिस ने आरोपी को बेगूसराय के तेघरा से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। आरोपी की पहचान जिले के भीड़हा गांव के रहने वाले मोहम्मद मेराज (21) के रूप में हुई है। युवक की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस ने युवक को पटना साइबर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस इस बात की जानकारी इकट्ठा कर रही है कि मेराज ने किसके कहने पर चिराग पासवान को धमकी दी थी। साइबर क्राइम डीएसपी दुर्गेश दीपक ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक के पास से मोबाइल जब्त किया गया है। मोबाइल में इंस्टाग्राम आईडी बरामद की गई है, साथ ही वह कमेंट भी पाया गया है, जिसके माध्यम से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक को पटना साइबर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

चीन का पहला आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन प्रयोग का पहला चरण पूरा

बीजिंग (आईएएनएस)। चीनी विज्ञान अकादमी के उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान के मुताबिक, हाल ही में, इस संस्थान द्वारा संचालित और चीन के शीत्सांग स्वायत्त प्रदेश के न्गेरी प्रीफेक्चर यानी अली प्रीफेक्चर में 5,250 मीटर की ऊंचाई पर एक रिज पर निर्मित अली आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन प्रयोग का पहला चरण (अलीसीपीटी-1) पूरा हुआ और प्रकाश से पहला अवलोकन प्राप्त हुआ।

यह पहली बार है, जब चीन ने आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन का प्रयोग किया है। इस प्रयोग ने चंद्रमा और बृहस्पति से विकिरण के 150 गीगाहर्ट्ज आवृत्ति बैंड की स्पष्ट तस्वीरें सफलतापूर्वक प्राप्त कीं, जो आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन प्रयोगों के क्षेत्र में चीन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

बताया जाता है कि इस प्रयोग का मुख्य उपकरण अली आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग नंबर 1 दूरबीन (अली प्रिमोर्डियल ग्रेविटेशनल वेव टेलीस्कोप नंबर 1) चीनी विज्ञान अकादमी के उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान, चीनी विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला और अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय आदि 16 चीनी व विदेशी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों द्वारा 8 वर्षों में विकसित और निर्मित किया गया। इसे हाल ही में स्थापित और डीबग किया गया है। जिसने अली और चीन की राजधानी पेइचिंग के बीच दूरबीनों के रिमोट कंट्रोल और डेटा ट्रांसमिशन का सफल कार्यान्वयन किया।

इससे संबंधित उपकरणों की एंड-टू-एंड कार्यक्षमता और कोणीय विभेदन आदि मुख्य डिजाइन संकेतकों का सत्यापन किया गया है।

शी चिनफिंग ने सूरीनाम की राष्ट्रपति बनने पर सिमंस को बधाई संदेश भेजा

बीजिंग (आईएएनएस)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सूरीनाम की राष्ट्रपति बनने के लिए जेनिफर सिमंस को बधाई संदेश भेजा। शी चिनफिंग ने कहा कि सूरीनाम कैरेबियन में चीन का रणनीतिक साझेदार है। राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद पिछले 49 सालों में दोनों पक्षों के समान प्रयास में चीन-सूरीनाम संबंधों का स्वस्थ और सतत विकास हुआ, विभिन्न क्षेत्रों में व्यवहारिक सहयोग की व्यापक उपलब्धियां मिलीं और बहुपक्षीय मामलों में घनिष्ठ समन्वय कायम रहा। शी चिनफिंग ने कहा कि मैं चीन-सूरीनाम संबंधों के विकास पर बड़ा ध्यान देता हूं और राष्ट्रपति सिमंस के साथ समान प्रयास करना चाहता हूं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच आपसी लाभ वाला मित्रवत सहयोग मजबूत हो सके और रणनीतिक साझेदारी में ज्यादा बड़ा विकास हो सके। इससे दोनों देशों के लोगों को फायदा मिलेगा।

छत्रपति शिवाजी ने देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष किया : पीयूष गोयल

कांदिवली (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के कांदिवली स्थित लोककल्याण कार्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की पूजा और आरती की गई। यहां पर केंद्रीय मंत्री ने ऑफिस के बाहर ढोल बजाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किले यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के उपलक्ष्य में किया गया। गोयल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने जीवन भर देश की एकता अखंडता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज्य, सुराज्य, देश की स्वतंत्रता, अखंडता और एकता के लिए जीवन भर संघर्ष किया। शिवाजी महाराज ने प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान देने का काम किया। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किले को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है, इनमें से

11 किले महाराष्ट्र और एक किला तमिलनाडु में स्थित है। यह दर्शाता है कि शिवाजी का व्यापक प्रभाव पूरे देश में रहा है। विशेष लोक अभियोजक उज्ज्वल देवराव निकम के राज्यसभा में मनोनयन पर मीडिया से बातचीत के दौरान गोयल ने कहा कि उज्ज्वल निकम ने 2008 में मुंबई पर हमला करने वाले आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने, कसाब को दोषी ठहराकर न्याय दिलाने और पाकिस्तान व आतंकवादियों को यह कड़ा संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें स्पष्ट संदेश था कि भारत ऐसे कृत्यों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और इसका पूरा बदला लेगा। राज्यसभा के लिए उनका मनोनयन इसी रुख का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सराहनीय और संतोषजनक कार्य किया है, जिस पर हर महाराष्ट्र वासी को गर्व है।उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुंबई के नागरिक जागरूक हैं, उन्हें अच्छे से पता है कि उनका भविष्य कहां सुरक्षित है। एनडीए की केंद्र में और महायुति की महाराष्ट्र में सरकार है, इसलिए अब मुंबई में इसे 'डबल इंजन' से 'ट्रिपल इंजन' सरकार में बदलना चाहिए और अच्छे प्रतिनिधियों को चुनकर नगरसेवक बनाया जाना चाहिए। ऐसे नगरसेवक चाहिए जो मुंबई का समावेशी विकास करे और जनता को साथ लेकर आगे बढ़े।

सरकार छात्रा की जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध

- दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : सीएम मोहन माझी

भुवनेश्वर (आईएएनएस)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को बालासोर के फकीर मोहन स्वायत्त महाविद्यालय की छात्रा की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया। छात्रा ने कथित उत्पीड़न और प्रशासनिक लापरवाही के कारण आत्मदाह का प्रयास किया था। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री माझी ने गंभीर रूप से घायल छात्रा का इलाज कर रहे डॉक्टरों की टीम से मुलाकात की और उसके परिवार के सदस्यों से भी बात की। इसके बाद मुख्यमंत्री माझी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि घटना दर्दनाक है। छात्रा की हालत फिलहाल बेहद गंभीर है। छात्रा की देखभाल के लिए खासतौर पर एक मेडिकल टीम का गठन किया गया है और हर संभव उपचार दिया जा रहा है। हम छात्रा की जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने बताया कि एम्स भुवनेश्वर ने वर्चुअल परामर्श के माध्यम से एम्स दिल्ली के वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ भी संपर्क किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। जरूरत पड़ने पर छात्रा को तुरंत एम्स दिल्ली या किसी अन्य प्रमुख मेडिकल फैसिलिटी में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिवार को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनके साथ पूरी तरह खड़ी है। उन्होंने पुष्टि की कि एफएम ऑटोनॉमस कॉलेज में हुई घटना की गहन जांच शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमने शुरुआती रिपोर्टों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

शुभांशु की वापसी के लिए परिजन उत्साहित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। एक्सिओम-4 (एएक्स-4) मिशन 14 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से धरती पर लौटने वाला है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का परिवार इस मौके पर बहुत उत्साहित और गर्व महसूस कर रहा है। शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा का आखिरी चरण चार दिन की देरी के बाद पूरा होने जा रहा है। शुभांशु देश के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुके हैं। शुभांशु शुक्ला के माता-पिता अपने बेटे का स्वागत करने को लेकर भावुक हैं। उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में गर्व और खुशी जताई है। शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि हम सब बहुत उत्साहित हैं! उनकी वापसी 14 जुलाई से शुरू होगी ।

हरियाणा के करनाल में कैदी चलाएंगे पेट्रोल पंप, जेल प्रशासन की अनूठी पहल

करनाल (आईएएनएस)। हरियाणा के करनाल जिले में जेल प्रशासन ने कैदियों के सुधार और पुनर्वास के उद्देश्य से नई पहल की शुरुआत की है। जेल विभाग की ओर से एक पेट्रोल पंप खोला गया है, जिसे जेल के कैदी और बंदी चलाएंगे। रविवार को हरियाणा के जेल महानिदेशक (डीजी) मोहम्मद अकील ने पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। जेल डीजी मोहम्मद अकील ने बताया कि यह पहल कैदियों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने कहा, ÷कैदियों को काम करने का मौका मिलेगा, जिससे उनमें सुधार होगा। काम में व्यस्त रहने से जेल में अनुशासन बना रहता है और आपसी झगड़े भी नहीं होते। साथ ही उन्हें इस कार्य के बदले मेहनताना भी मिलेगा।

पुलिस अधिकारी ने कहा, पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल के साथ आने वाले समय में सीएनजी और इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस पूरी परियोजना में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। डीजीपी मोहम्मद अकील ने बताया कि कुरुक्षेत्र में पंप सफलतापूर्वक चल रहा है। अंबाला, यमुनानगर और हिसार में भी इस तरह के पंप शुरू किए जा चुके हैं। आगामी समय में फरीदाबाद, नूंह और सिरसा में भी इस मॉडल को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन पेट्रोल पंपों पर तेल की गुणवत्ता की पूरी जिम्मेदारी वे स्वयं लेते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां तेल की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। ग्राहक निश्चिंत होकर पेट्रोल भरवा सकते हैं।

आईआईएम-कलकत्ता हॉस्टल में कथित दुष्कर्म मामला जांच के लिए 9 सदस्यीय एसआईटी का गठन

कोलकाता (आईएएनएस)। जोका स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता (आईआईएम-सी) के हॉस्टल में हुए कथित दुष्कर्म मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। कोलकाता पुलिस ने 9 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई है। एक छात्रा ने आईआईएम कॉलेज के छात्र पर हॉस्टल में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। एसआईटी टीम में मेडिकल से जुड़े अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। राज्य पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसआईटी की शुरुआती कोशिश पीड़िता और उसके पिता के विरोधाभासी बयानों के बीच सच्चाई स्पष्ट करने की होगी। पीड़िता ने अपने बयान में दावा किया, आईआईएम-सी के सेकेंड ईयर छात्र ने शुक्रवार शाम उसे काउंसलिंग के बहाने बॉयज हॉस्टल बुलाया। वहां उसने पिज्जा और कोल्ड ड्रिंक दी, जिनमें कथित रूप से नशीले पदार्थ मिले थे।÷ पीड़िता का कहना है कि इनका सेवन करने के बाद वह बेहोश हो गई और इसी अवस्था में आरोपी ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

सेनाध्यक्ष ने की नव नियुक्त कमांड सूबेदार मेजर्स के साथ बातचीत

- कल्याण और मनोबल ..
- सेनाध्यक्ष ने मजबूत नेतृत्व और साझा उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर किया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना में नवनियुक्त कमांड सूबेदार मेजर्स से मुलाकात की है। सेनाध्यक्ष ने कमांड सूबेदार मेजर्स के साथ एक केंद्रित चर्चा भी की। इस चर्चा का उद्देश्य सैनिकों के कल्याण और मनोबल को बढ़ाना था। सेना के मुताबिक इस संवाद के दौरान, जमीनी स्तर पर नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। सेनाध्यक्ष ने एक संगठित एवं प्रेरित बल के निर्माण में इन अधिकारियों की जिम्मेदारी पर बल दिया। सेनाध्यक्ष ने मजबूत नेतृत्व और साझा उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर किया, जिससे रक्षा व्यवस्था की समग्र क्षमता और दृढ़ता को सुदृढ़ किया जा सके। गौरतलब है कि सेनाध्यक्ष लगातार विभिन्न स्तरों पर सैन्य अधिकारियों व जवानों से बातचीत कर रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने नई दिल्ली में 'चीफ्स चिंतन' नामक विशेष संवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व सेना प्रमुखों के साथ भी एक गहन विचार-विमर्श का किया था। यह दो दिवसीय कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया गया था। सेना के मुताबिक ऑपरेशन 'सिन्दूर' के बाद आयोजित इस संवाद का उद्देश्य पूर्व सेनाध्यक्षों के विशाल अनुभव और रणनीतिक दृष्टिकोण का लाभ उठाते हुए भारतीय सेना के भविष्य को दिशा देना था। वहीं हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर क्षेत्र का दौरा किया है। इस दौरान सेना प्रमुख ने कश्मीर में सुरक्षा ग्रिड की व्यापक समीक्षा की थी। उन्होंने अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए की जा रही सुरक्षा संबंधी तैयारियों का भी जायजा लिया था। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सेना प्रमुख को वर्तमान अभियानगत स्थिति और व्यापक रणनीतिक परिदृश्य की जानकारी दी। उन्हें अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए की जा रही सुरक्षा व्यवस्था से भी अवगत कराया गया था। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने और यात्रा की निर्बाध सम्पन्नता सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है। इस बार यहां सुरक्षा व्यवस्था को काफी मजबूत रखा गया है।

विशेष तौर पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकियों से उत्पन्न खतरे के मद्देनजर यहां पूरे इलाके में कड़ी चौकसी बरती जा रही है। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए 8,500 से अधिक सैनिकों की तैनाती की गई है। एक गतिशील आतंकवाद विरोधी ग्रिड, रोकथाम आधारित सुरक्षा तैनाती और कॉरिडोर सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। सेना के मुताबिक यहां 50 से अधिक काउंटर-यूएएस और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम्स के साथ एक मजबूत ड्रोन रोधी ग्रिड भी तैनात है। यात्रा मार्गों एवं पवित्र गुफा की लाइव निगरानी की जा रही है। पुल निर्माण, ट्रैक चौड़ीकरण और किसी भी आपदा से निपटने के लिए सेना की इंजीनियर टास्क फोर्स को तैनात किया गया है। 150 से अधिक डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी, 2 एडवांस ड्रेसिंग स्टेशन, 9 मेडिकल एड पोस्ट, एक 100-बेड का अस्पताल और 26 ऑक्सीजन बूथ उपलब्ध कराए गए हैं।

साइबर अपराधियों ने झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी से लेकर मंत्री तक के सोशल अकाउंट्स में लगाई सेंध

एक आरोपी की पहचान

रांची (आईएएनएस)। झारखंड में शीर्ष पदों पर बैठे लोग भी साइबर अटैक का शिकार हो रहे हैं। अपराधी सरकार के मंत्री और अफसरों से लेकर सत्तारूढ़ पार्टी तक की डिजिटल सुरक्षा में सेंध लगा रहे हैं। पिछले 24 घंटे में ऐसे दो मामले सामने आए। एक तरफ जहां राज्य सरकार की कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर लिया गया, वहीं दूसरी तरफ सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स अकाउंट को हैक कर उस पर अवांछित पोस्ट कर दिया गया। पुलिस का साइबर ब्रांच दोनों मामलों में आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने में जुटा है। मंत्री का सोशल मीडिया अकाउंट हैक किए जाने के मामले में रांची के नामकुम निवासी अर्सलान दरवानी नामक एक व्यक्ति को आरोपित बनाया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हालांकि अब तक उसके ठिकाने का पता नहीं चल पाया है। मंत्री के आप्त सचिव मनोरंजन कुमार ने साइबर पुलिस के पास दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि मंत्री का सोशल मीडिया अकाउंट हैक किए जाने से उनकी निजता भंग हो रही है और इससे उनकी सामाजिक-राजनीतिक प्रतिष्ठा को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। पुलिस को दिए गए आवेदन में अवैध रूप से संचालित किए गए फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को बंद कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इधर, झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक्स अकाउंट हैक कर लिए जाने के मामले पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस को जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है। सोरेन ने 'एक्स' के भारत स्थित कार्यालय से भी इस संबंध में संज्ञान लेने को कहा है।

सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है, ' झामुमो का आधिकारिक एक्स हैंडल आसामाजिक तत्वों द्वारा हैक किया गया है।

विस सत्र में विपक्ष को जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष पूरी तरह तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 अप्रैल से शुरू हो रहा है. सत्र में सत्ताधारी भाजपा को घेरने के लिए कांग्रेस विधायक हावी होंगे। विपक्ष को जवाब देने के लिए भाजपा विधायक दल आज बैठक कर रणनीति बनाएगी। बैठक से पहले सीएम विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सत्र में विपक्ष को जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष पूरी तरह तैयार है।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि मॉनसून सत्र की शुरुआत हो रही है. इसमें 5 बैठकें होंगी, इसके लिए पूरी तैयारी है. साथ ही विपक्ष की ओर से सरकार को घेरने की रणनीति बनाने और खाद की कमी का मुद्दा सदन में उठाने की तैयारी को लेकर भी उन्होंने बयान दिया। उन्होंने डीएपी खाद की कमी को लेकर कहा कि डीएपी खाद की थोड़ी कमी है, ये कमी छत्तीसगढ़ में ही नहीं सभी जगह है. डीएपी की जितनी खपत है, उतना उसका निर्माण नहीं होता। उन्होने बताया कि बाहर से इसका इंपोर्ट होता है. रूस यूक्रेन में युद्ध चल रहा है उसके कारण कम इंपोर्ट हुआ है, उसकी जगह में कृषि विभाग एनपीके खाद को दे रहा है बढ़ावा। भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब पर हमले के मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- मैंने भी बात की उन्होंने घटना की जानकारी दी है। जांच करवा रहे हैं, जो भी जांच में आएगा उसके मुताबिक कार्रवाई होगी। साजिश तो नहीं लगता पर जांच में स्पष्ट होगा। बारिश हो रही थी रात का समय था।

सरकार सभी वर्ग के लिए काम कर रही

छत्तीसगढ़ का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि, विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देने सरकार तैयार है। हमने डेढ़ साल में सभी दिशाओं और हर वर्ग के लिए काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता में सात शहरों को अवार्ड के लिए शामिल किए जाने पर उन्होंने कहा कि हम स्वच्छता को लेकर लगातार काम कर रहे हैं। डिप्टी सीएम साव ने आगे कहा कि, मैं इन निकायों के सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दीपक बैज के 2 साल पूरे होने पर उन्होंने कहा कि, उनके नेतृत्व में कांग्रेस विधानसभा, लोकसभा, उपचुनाव, पंचायत और नगरी चुनाव हारे हैं। कांग्रेस की आज क्या स्थिति है सबके सामने है। छत्तीसगढ़ में क्वांटिफिएबल डाटा आयोग की रिपोर्ट अनुसार ओबीसी की जनसंख्या सवा करोड़ लगभग होने पर उन्होंने कहा इस डाटा पर अभी विचार होगा।

कांग्रेस ने बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। रविवार को कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक रायपुर स्थित राजीव भवन में हुई। बैठक में विधानसभा में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश में बदतर हो रही कानून व्यवस्था, खाद बीज की समस्या से जूझते किसानों और युक्तियुक्तकरण से स्कूल बंद होने सहित राजनांदगांव में रेत खनन गोलीकांड, गैंगवार, बलात्कार, अनाचार और कानून व्यवस्था बदतर होने जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि विधायकों के चाहने पर भी केवल पांच दिनों का विधानसभा सत्र बुलाया गया है। पूरे प्रदेश में किसान, आदिवासी नौजवानो सहित हर वर्ग के लोग परेशान हैं। प्रदेश का विकास ठप है। प्रदेश की जनता के लिये कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे राज्य में सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। उसी दर्द के साथ सदन के भीतर सरकार को पूरी आक्रामकता के साथ घेरा जाएगा।

महंत ने कहा कि प्रदेश सरकार जंगल काटकर उद्योगपतियों को दे रही है। आदिवासियों को तेंदूपत्ता का पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण से दस हजार स्कूल बंद हो गए हैं। शिक्षक वर्ग परेशान है। इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेस विधायक दल द्वारा सदन में हर पीड़ित वर्ग की आवाज उठाई जाएगी। पूरी ताकत से कांग्रेस विधायक शक्तिप्रदर्शन करेंगे।

विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक भोलाराम साहू, लालजीत सिंह राठिया, लखेश्वर बघेल, यशोदा वर्मा, देवेन्द्र यादव, द्वारिकाधीश यादव, दिलीप लहरिया, उत्तरी गणपत जांगड़े, शेषराज हरबंश, अटल श्रीवास्तव, व्यास कश्यप, राघवेन्द्र सिंह, चतुरी नंद, फूलसिंह राठिया, कविता प्राणलहरे, संदीप साहू, ओंकार साहू, इंद्र साव, हर्शिता स्वमी बघेल, पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, कांग्रेस विधायक दल सचिव अमित पांडे, पीसीसी संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, पीसीसी वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी उपस्थित थे।

छग जनजातीय संस्कृति विश्व पटल पर होगी स्थापित : उईके

- **जनजातीय जीवन शैली की हुबहू प्रस्तुति से हुए प्रभावित**
- **केन्द्रीय मंत्री ने जनजातीय संग्रहालय का किया अवलोकन**

रायपुर/ नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली पर आधारित जनजातीय संग्रहालय का केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री श्री दुर्गा दास उइके ने अवलोकन किया और नवा रायपुर में बनाए गए इस संग्रहालय में आदिवासी जीवन शैली के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय के जरिए छत्तीसगढ़ की सांस्कृति विरासत विश्व पटल पर स्थापित होगी। इससे जनजातीय युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति आत्मगौरव का भाव जगेगा। इस अवसर पर आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग मंत्री श्री राम विचार नेताम भी उपस्थित थे। केन्द्रीय जनजातीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातियों के संर्वागीण विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना में यह प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने संग्रहालय के निकट ही बनाए जा रहे शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय के निर्माण की समीक्षा की। इस संग्रहालय के लिए केन्द्र सरकार ने 45 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है। इस संग्रहालय को आगामी 30 सितम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इस दौरान संग्रहालय में प्रयुक्त डिजीटल एवं एआई तकनीक के संबंध में जानकारी दी। बैठक में टीआरटीआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संग्रहालय में 14 गैलरियों में जनजातीय जीवनशैली के विभिन्न अवसरों का है झलकियां जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय संस्कृति, जीवनशैली और परंपरा को प्रदर्शित करने के लिए 14 गैलरियों का निर्माण किया गया है। संग्रहालय के अलग-अलग गैलरियों में जनजातीयों के परंपरागत वाद्ययंत्रों, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, उनमें कृषि की परंपरागत तकनीकें एवं उपकरणों का जीवंत प्रदर्शन किया गया है।

वैष्णव ब्राह्मण समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है : सीएम

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ (चतुः संप्रदाय), मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की पावन भूमि छत्तीसगढ़ में वैष्णव ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस समाज की विभूतियों ने छत्तीसगढ़ में दानशीलता की अद्भुत मिसालें स्थापित की हैं। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में वैष्णव ब्राह्मण समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज ने सनातन धर्म को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। यह समाज केवल पुरोहित कर्म से ही नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में भी सक्रिय रहा है। दानशीलता की महान परंपरा का परिचय देते हुए इस समाज ने कभी राजपाट तक दान कर दिए। राजनांदगांव की वैष्णव ब्राह्मण रियासत इसका अनुपम उदाहरण है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज एक दूरदर्शी और कल्पनाशील समाज है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव से विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने इस समाज के ऐतिहासिक योगदान को निकटता से देखा है। उच्च शिक्षा, रेलवे, उद्योग और पेयजल व्यवस्था के विकास में राजनांदगांव के राजपरिवार ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। महंत दिग्विजय दास जी ने महाविद्यालय के लिए अपना महल दान किया, रेलवे के लिए विशाल भूमि दी, और बीएनसी कॉटन मिल की स्थापना की, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। महंत घासीदास जी ने व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क भूमि देने की घोषणा की थी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज सनातन धर्म की ध्वजवाहक है। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के आयोजन से समाज और अधिक एकजुट होकर आगे बढ़ेगा।

दिसम्बर तक सभी सड़कों को करें गड्ढामुक्तः अरुण साव

रायपुर/ नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ बरसात में सड़कों और पुल-पुलियों की स्थिति तथा उनकी मरम्मत के लिए किए जा रहे कार्यों समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परफॉर्मेंस गारंटी के तहत सड़कों की मरम्मत की भी जानकारी ली। बैठक में वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि से मार्गों को अवरुद्ध होने से बचाने तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने निगरानी एवं आवश्यक उपायों की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री साव के साथ लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, संयुक्त सचिव श्री एस.एन. श्रीवास्तव और सभी मुख्य अभियंता भी निर्माण भवन से बैठक में शामिल हुए। सभी संभागों और जिलों से अधीक्षण अभियंता तथा कार्यपालन अभियंता बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने समीक्षा बैठक में सभी मैदानी अधिकारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदेश की अवहेलना करने वालों पर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास का आयोजन

- **कलश स्थापना और ध्वजारोहण के साथ हुआ पावन वर्षायोग का शुभारंभ**

रायपुर/ नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब लाभांडी के 1008 पद्मप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास का आयोजन किया जा रहा है। पावन वर्षायोग 2025 का शुभारंभ आर्यिका अंतर्मति माताजी की ससंघ के पावन सानिध्य में कलश स्थापना और ध्वजारोहण के साथ हुआ । कलश स्थापना समारोह में अरुण भैया, संजीव भैया कटंगी, सुनील भैया रायपुर, अंकित भैया भिलाई के साथ प्रतिभास्थली से पधारी दीदियां विशेष रूप से उपस्थित थी ।

प्रमुख कलश की स्थापना का सौभाग्य समाज श्रेष्ठी श्री हनुमान प्रसाद, राजकुमार, विनोद कुमार, दिलीप कुमार जैन बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के भामाशाह विनोद बडजात्या परिवार द्वारा 3000 स्क्वायर फीट भूमि लभांडी मंदिर के लिए दान की घोषणा की गई । साथ ही पदम चंद जितेंद्र गदिया, रतनलाल संजय बढ़जात्या, सज्जन बड़जात्या, गुलाबचंद मनसुख पाटौदी रांची, केशरी चंद मनीष जैन बिलासपुर, श्रीसनत जैन चूड़ी वाले, संजय जैन साइंटिस्ट, संजय जैन सतना, रवि सेठी सहित समाज जनों ने मंगल कलश स्थापना का सौभाग्य प्राप्त किया।

समारोह का संचालन चंद्रकांत जैन राजनंदगांव द्वारा किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों सहित रायपुर जैन समाज ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया । आराधना के क्रम में रविवार सुबह 6 बजे अभिषेक शांतिधारा, 6.30 बजे पूजन, 7 बजे ध्वजारोहण और मंडप उद्घाटन, 7.30 बजे मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं आचार्य विद्यासागर स्मारक अनावरण के साथ आचार्य जी की दीक्षा दिवस पर आयोजित पूजनकर्ता को पुरस्कार वितरण हुआ। इसके पश्चात 8.30 बजे शास्त्र भेंट, महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण, सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा चातुर्मास निवेदन, 9 बजे आचार्य भगवन की पूजन, 9.30 बजे कलश स्थापना और 10 बजे आर्यिका संघ का प्रवचन हुआ। पावन वर्षायोग 2025 समिति ने ससंघ से चातुर्मास का निवेदन किया।

सुविचार

घर की छत को बड़ा गुरूर होता है छत होने का लेकिन एक मंजिल और बनते ही वही छत फर्श बन जाती है। - अज्ञात

टैरिफ बना डोनाल्ड ट्रंप का नया हथियार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब टैरिफ को अपना नया हथियार बना लिया है और इससे वे दुनिया के कई देशों पर वार कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है और यह नई दर 1 अगस्त से लागू हो जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ब्रिक्स से डोनाल्ड ट्रंप की नाराजगी कोई नई बात नहीं है। न ही अमेरिका ब्रिक्स को मजबूत होते हुए देखना चाहता है। 2009 में जब ब्रिक्स बना था तभी से यह अमेरिका के आखों की किरकिरी बना हुआ है। ब्रिक्स में भारत, चीन, रूस, अफ्रीका, ब्राजील ईरान और सउदी अरब सहित 10 देश शामिल है। विश्व की क्रूड आइल का 44 प्रतिशत उत्पादन इन्हीं देशों में होता है। इसलिए ब्रिक्स की बढ़ती ताकत अमेरिका को पसंद नहीं है। अब तो ब्रिक्स में शामिल देशों ने डालर की जगह अपनी करेन्सी में लेन-देन करने का मसौदा तैयार करना शुरू कर दिया है जो अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका है। गौरतलब है कि विश्व का 86 प्रतिशत लेन-देन डालर से ही होता रहा है। अर्थात डालर दुनिया के लिए एक मानक मुद्रा बन गई है। इसीलिए अमेरिका दुनिया पर धौंस जमाता रहता है। लेकिन ब्रिक्स देशों ने अपनी करेन्सी पर आपसी लेन-देन करने की योजना बना ली है जिससे अमेरिकी डालर की बादशहत खत्म नहीं तो कम जरूर होगी। यही वजह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर ही टैरिफ वार करने की चेतावनी दी है। इससे ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव जरूर पड़ेगा। लेकिन खुद अमेरिका के लिए भी यह टैरिफ वार घातक सिद्ध होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में भी अपना माल खपाने के लिए टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। लेकिन भारत ने भी जैसे को तैसा की नीति पर चलने का फैसला लेकर डोनाल्ड ट्रंप को आइना दिखा दिया है। देखना होगा कि डोनाल्ड ट्रंप इस टैरिफ को लेकर दुनिया का चौधरी बनना चाह रहे हैं उससे खुद अमेरिका को इतनी क्षति पहुंचती है। ब्रिक्स देशों ने तो अपना एक अंतर्राष्ट्रीय बैंक बनाने पर भी विचार विमर्श शुरू कर दिया है। यदि ऐसा तो अमेरिका के प्रभाव वाले विश्व बैंक की पूछ परख भी कम हो जाएगी। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रंप जिस टैरिफ को बतौर हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। वह एक दो धारी तलवार है जिसे चलाने वाला भी जख्मी होता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल की खरी खरी

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी के पर्याय बन चुके पाकिस्तान को जो करारा सबक सिखाया था उसे लेकर न सिर्फ भारत में लोगों ने सवाल उठाये थे बल्कि विदेशी ने भी आपरेशन सिंदूर को लेकर भ्रांति फैलाई थी और भारत को भी इस सैन्य कार्यवाही के दौरान नुकसान होने का दावा किया था। विदेशी मीडिया द्वारा फैलाये गये प्रोपोगेंडा के चलते ही भारत की कुछ विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने आपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार पर निशाना साधा था और यह आरोप लगाया था कि इस अभियान से भारतीय सेना को भी जो नुकसान हुआ है उसे सरकार छिपा रही है। हालांकि इस बारे में भारतीय सेना के प्रवक्ता ने पहले ही स्पष्टीकरण देकर ऐसी शंकाओं को निर्मूल सिद्ध कर दिया था। किन्तु अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खुद सामने आया हैं और उन्होंने आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर उठाये जाने वाले सवालों को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेशी मीडिया को भी खरी खरी सुनाते हुए डोभाल ने उन्हें चुनौती है कि अगर उनके पास भारत को हुए नुकसान को लेकर कोई सबूत है तो उसे पेश करें। अजीत डोभाल ने दावा किया है कि भारत का आपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा और हमारी सेना ने मात्र 23 मिनट में पूरे आपरेशन को कुसलतापूर्वक अंजाम दिया। हम एक भी लक्ष्य से नहीं चूके और सटीक हमला किया। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना और अन्य सुरक्षा ऐजेन्सियों ने मिलकर ऐसी सामरिक ऐकता दिखाई थी जो आज पूरे विश्व के लिए एक मिसाल बन गई है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आपरेशन सिंदूर को लेकर जो यह बयान दिया है उसके बाद अब उम्मीद की जानी चाहिए कि आपरेशन सिंदूर को लेकर भ्रांति फैलाने से विपक्षी नेता बाज आएंगे क्योंकि डोभाल ने विदेशी मीडिया को बेनकाब करके रख दिया है।

सद्‌गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ वास्तव में हरि और गुरु की सेवा उनकी सेवा नहीं अपनी सेवा है क्योंकि भयमुक्त तुम होगे, दुख मुक्त तुम होगे, प्रसन्नता तुम्हारे भीतर आएगी तो सेवा उनकी है या तुम्हारी है? दुनिया में सारे प्रयत्न तो इसीलिए कर रहे हो कमर तोड़ के तुम सुखी हो जाओ अगर उनकी सेवा से तुम्हारा सुख प्रतिक्षण वर्धमानम् हो रहा है, प्रेम बढ़ते ही जा रहा है भीतर में तो यह तुम्हारी सेवा है या उनकी सेवा है?

◆ सेवा करने का दम्भ भी बड़ा खतरनाक है। 'मैं सेवक हूँ' ये बड़ा खतरनाक शब्द है, इन्हीं शब्दों से आज तक साधकों का पतन हुआ है। जितने भी साधक पतित हुए हैं वो सेवा के अहंकार के कारण पतित हुए हैं और जितने भी साधक की उन्नति हुई है वो इसी कारण हुई है कि मैं धन्य हो गया, मैं कृतार्थ हो गया, गुरुदेव ने मुझे आनंद दे दिया।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। 1223: फिलिप द्वितीय की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुई फ्रांस के राजा बने। 1636: मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया। 1789: फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत। 1850: मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन। 1914: पहले तरल ईंधन आधारित रॉकेट की डिजाइन का पेटेंट रॉबर्ट एच गोगार्ड ने प्राप्त किया। 1927: हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू। 1940: द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी की। 1942: वर्धा में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में ब्रिटिश सरकार से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। 1951: सीबीएस चैनल पर घुड़दौड़ के रूप में किसी खेल कार्यक्रम का पहली बार रंगीन प्रसारण। 1965: मंगल के पास से गुजरने वाले नासा के अंतरिक्ष यान ने किसी दूसरे ग्रह की पहली क्लोज अप तस्वीरें लीं।

राजीव खण्डेलवाल

''बिहार'' ने देश को ''बे-हाल'' कर दिया है। उच्चतम न्यायालय से लेकर सर्वथा चर्चा चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची की विशेष गहन पुर्नरीक्षण ''सर'' की अभूतपूर्व कार्रवाई की है। यद्यपि चुनाव आयोग का यह दावा है कि इसी तरह की प्रक्रिया वर्ष 2003 में बिहार में की जा चुकी है। अतः यह ''अभूतपूर्व'' नहीं है, जैसा कि विपक्षी दलों के कुछ नेतागण दावा कर रहे हैं। यद्यपि उक्त कहावत लगभग 1 वर्ष में 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व पूरी हो चुकी थी। तथापि इस सूची के आधार पर ही पूरे देश के लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में हो चुके हैं। फिर वर्ष 2024 के बाद भी मतदाता सूची का सामान्य सत्यापन जिसे ''विशेष सारांश पुर्नरीक्षण'' एस.एस.आर 2025 चुनाव आयोग करा चुका है। ''द रिपोर्टर्स कलेक्टिव'' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह एक नियमित प्रक्रिया है। परिणाम स्वरूप जनवरी 2025 तक यह मतदाता सूची मजबूत व अद्यतन मानी गई। आम मतदाता चुनाव आयोग की इस नए अभियान से ''आधार'' के आधार पर मिले मताधिकार के कारण एक नागरिक होने के नाते सरकारी योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं के प्रति वह चिंतित है। क्या चुनाव आयोग अब 'आधार' को ''निराधार'' ठहराने का प्रयास कर रहा है? जैसा कि कुछ विपक्षी नेता आरोप लगा रहे हैं। यह तो ''जिन्न को वापस बोतल में डालने जैसा है''।

अनावश्यक चिंता का वातावरण देश में उत्पन्न

चुनाव आयोग ने अनजाने में ही विपक्षी दलों को जो अभी से मतदाता को चेता रहे हैं कि ''तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा'', को चुनाव आयोग व सत्ता पक्ष के विरोध में एक ''चुनावी हथियार'' बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा के आम चुनावी बेला के पूर्व ही दे दिया है। बि-हार, जिसमें ''हार'' शब्द शामिल है, विपक्ष के शब्दों में चुनाव आयोग इस ''हार'' को किस तरह, किसके पक्ष में प्रभावित करेगा या किसके गले में ''हार'' पहनाया, इसकी सत्यता फिलहाल ''समय के गर्भ'' में है?

आखिर आधार कार्ड है क्या?

वर्ष 2009 में यूपीए सरकार ने ''आधार कार्ड'' की योजना को लागू किया गया था। तथापि तत्समय भाजपा ने आधार परियोजना का स्पष्ट रूप से समर्थन नहीं किया था। विपक्ष में होने के नाते, भाजपा ने आधार कार्ड की शुरुआत के दौरान निजता, डेटा सुरक्षा, और इसकी अनिवार्यता को लेकर चिंताएँ व्यक्त की थीं। हालांकि, 2014 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने आधार को न केवल अपनाया बल्कि इसका विस्तार भी किया और 2016 में आधार अधिनियम को पारित करवाकर इसे कानूनी मान्यता दी। चुनाव आयोग ने अगस्त 2022 में स्वयं मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने की ''स्वेच्छिक प्रक्रिया'' प्रारंभ की है। वैसे चुनाव आयोग ने कभी भी न तो आज और न ही इसके पूर्व सिर्फ आधार के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लागू किया है। ''आधार सिर्फव्यक्ति की पहचान व निशान को प्रमाणित करता है''। इससे ज्यादा कुछ नहीं। नागरिकता को नहीं! तथापि ''आधार'' सहायक दस्तावेज के रूप में किसी भी पहचान पत्र का एक महत्वपूर्ण भाग अवश्य रहा है। वास्तव में आवश्यकता आज इस बात की थी कि ''आधार'' का आधार क्षेत्र बढ़ाकर व्यापक किया जाकर उसे एक पूर्ण स्वतंत्र कार्ड के रूप में स्वीकार किया जाकर मान्यता दी जानी चाहिए। माननीय न्यायाधिपति धूलिया का यह कथन बहुत ही महत्वपूर्ण है कि ''आप जो दस्वावेज मांग रहे है, अगर मुझसे मांगेगें तो मेरे पास भी नहीं मिलेगा''। इससे आधार कार्ड की महत्ता, सुलभता व उपयोगिता सिद्ध होती है।

''आधार'' का आधार-व्यापक क्षेत्र बढ़ाया जाना चाहिए।

''वोटर आईडी'' जो स्वयं चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया है, उसे भी चुनाव आयोग स्वीकार करने से इंकार कर रहा है। इसे समझदारी पूर्ण निर्णय नहीं कहा जा सकता है। यह ठीक उसी प्रकार हो रहा है, जिस प्रकार भारत सरकार ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के समय यह तय किया था कि पाकिस्तान सेना या नागरिकों पर हमला नहीं करेगा, सिर्फ आतंकी आतंकियों और आतंकी स्थल को ''टारगेट'' किया जाएगा। मतलब आतंकी की ''प्रोडक्शन मशीन'' पाकिस्तान की सेना को छोड़कर उसके ''प्रोडक्ट आतंकवादियों'' को आपको बार-बार नष्ट करना होगा। ठीक उसी प्रकार आधार कार्ड के मुख्य आधार पर (अन्य दस्तावेजों के साथ) बने ''दूसरे पहचान पत्रों'' को स्वीकार कर आप किस तरह का संदेश देना चाहते हैं? चुनाव आयोग आज आधार के क्षेत्र को व्यापक करने के बजाए सीमित करने में क्यों तुला है? चुनाव आयोग द्वारा दिये गये पहचान पत्रों में से किसी भी एक में सर्वाधिक पहचान पत्र 140 करोड़ ''आधार'' के ही बने हैं। इसलिए इसके बनने में कुछ ''सुरक्षा तत्वों'' को शामिल कर इसे पूर्णतः ''एक व्यापक स्वतंत्र पहचान पत्र'' बनाये जाने की नितांत आवश्यकता है। सामान्य रूप से इसे नागरिकता का ''आधार'' बनाया जाना चाहिए। जब हम आधार को हर क्षेत्र में लागू करने का निरंतर प्रयास कर रहे है। विदेशों से आने वाले व्यक्तियों जो आधार कार्ड की पात्रता रखते है, उसमें निश्चित अवधि लिखी होती है। अतः यह भ्रम नहीं होना चाहिए। वैसे जब 11 पहचान पत्रों में से सिर्फ पासपोर्ट को छोड़कर बाकी 10 पहचान पत्र स्वतंत्र रूप से अपने आप में व्यक्ति की नागरिकता को पूर्ण रूप से प्रमाणित नहीं करते हैं बावजूद इसके वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए सक्षम पहचान पत्र चुनाव आयोग द्वारा माने गए हैं। तब फिर यह भेदभाव सिर्फ''आधार कार्ड'' के साथ ही क्यों?

आधार में गड़बड़ी, जालसाजी ''नकारने का आधार'' नहीं हो सकता है।

सही कहा हैं; ''खटमल के कारण खटिया क्यों मार खाये''? बात जहां तक गड़बड़ी की है, वह गड़बड़ी, जालसाजी सिर्फ आधार कार्ड तक ही सीमित नहीं है, वह हर ''पहचान पत्र'' के साथ हो सकती ही नहीं, बल्कि ''चक्की में से भी साबुत निकल आवे'' की हद तक जुड़ी हुई है। जब देश में कोई भी नया कानून बनाया जाता है, तब उसके ''दुरुपयोग'' की संभावनाएं कहीं न कहीं रहती ही हैं। परन्तु इस आधार पर कोई कानून ही न बनाया जाए ऐसा नहीं होता है। यही सिद्धांत आधार को आधार मानकर लागू करना चाहिए और जहां भी गड़बड़ी की कोई सूचना चुनाव आयोग के पास है, क्योंकि यह अधिकार उसी के पास है कि वह मतदाता सूची की गड़बड़ियों, गलतियों को ठीक करें, ''गाय को अपने सींग भारी नहीं होते''; ऐसे गलत अवैध आधार कार्ड के आधार पर मतदाता सूची से नाम निरस्त करें। परन्तु आधार का आधार मजबूत कर ''धार-दार'' बनायें। उच्चतम न्यायालय का चुनाव आयोग को 11 दस्तावेजों के अतिरिक्त, ''आधार'' को जोड़ने का सुझाव भी इसी दिशा में है।

प्रेम शर्मा

कई जगह घर-घर जाकर गणना प्रपत्र बांट रहे कर्मियों ने लोगों से कहा है कि वे आधारकार्ड की कॉपी ही जमा करा दें। इस तरह के कंफ्यूजन से बेहतर है, आयोग बीच का रास्ता निकाले।शीर्ष अदालत ने विशेष गहन पुनरीक्षणपर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह बिल्कुल वाजिब है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह टाइमिंग भी है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे।

सुको के सुझाव के साथ पूरे देश में होगी वोटर लिस्ट समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए।बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भले ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्ष दलों की ओर से अभी भी सवाल खड़े किए जा रहे है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख को देखने के बाद चुनाव आयोग अब इस मुहिम को देश भर में छेड़ने की तैयारी में है। वह जल्द इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर सकता है। उनमें अगले दो सालों में इसे चरणबद्ध तरीके से सभी राज्यों में लेकर वह जाएगा। जिसकी शुरूआत अगले महीने से पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल सहित पांच राज्यों से हो सकती है। इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा के चुनाव भी है। आयोग का मानना है कि कोर्ट के दिशा-निर्देशों के बाद उसे इस काम करने में और आसानी होगी। गौरतलब है कि आयोग ने यह मुहिम तब शुरू की, जब कांग्रेस सहित उसके सहयोगी दलों ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद मतदाता सूची में गड़बडी के बड़े गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद ही चुनाव आयोग ने ठाना था, वह मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाकर ही दम लेगा।

बिहार में चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीज़न करवा रहा है। चुनाव आयोग का तर्क है कि इस प्रक्रिया से मतदाता सूची में सुधार किया जा रहा है। यानी वोटर लिस्ट से डुप्लीकेट, मृत लोगों के नाम या फिर ऐसे नाम हटाए जाएंगे जो ग़लत पते पर दर्ज हैं।विपक्ष का आरोप है कि यह एक शसाफ़-सुथरी प्रक्रियाश् नहीं, बल्कि राजनीतिक साज़िश है। विपक्ष का दावा है कि इससे लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। जो ख़ासकर एक समुदाय और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों को प्रभावित करेगा। लेकिन मामला इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोटर लिस्ट और मतदान संबंधी आंकड़ों में गड़बड़ी का आरोप लगाया था. राहुल गांधी ने इस विषय पर देश के प्रमुख अख़बारों में लेख लिखा था।

बहरहाल आधार और राशन कार्ड को मान्य दस्तावेजों की लिस्ट से बाहर रखने के कारण बड़ी आबादी के सामने संकट खड़ा हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केवल किशनगंज जिले में एक हफ्ते के भीतर निवास प्रमाण पत्र के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कई जगह घर-घर जाकर गणना प्रपत्र बांट रहे कर्मियों ने लोगों से कहा है कि वे आधारकार्ड की कॉपी ही जमा करा दें। इस तरह के कंफ्यूजन से बेहतर है, आयोग बीच का रास्ता निकाले।शीर्ष अदालत ने विशेष गहन पुनरीक्षणपर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह बिल्कुल वाजिब है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह टाइमिंग भी है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और लोकतंत्र में सबसे अहम है। लेकिन, चुनाव आयोग की मौजूदा प्रक्रिया में जनता को ही सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। यह रिवीजन जुड़ा है वोटर लिस्ट से, लेकिन मेसेज जा रहा है कि इससे नागरिकता तय होगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से राहत मिलेगी कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं। यह मामला केवल बिहार तक सीमित रहने वाला नहीं है। दूसरे राज्यों में वोटर लिस्ट की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में जनता की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सारे गम बेहद छटे

सारे गम बेहद छटे निकले, दर्द भी सारे थके निकले। कब खुदा की रहमतें बरसीं, उम्र भर हम ताकते निकले। ज़ाहिदों की हम सुनें क्यूं हां, उम्र भर जो सरफिरे निकले। इश्क़ में कुछ शखूस तो खुश हैं, पर हज़ारों दिलजले निकले।जी रहे तन्हाई में भी जो, बज्म को वे झांकते निकले। दिल का सागर गहरा औ चौड़ा, ओ किनारे भी बड़े निकले। हौसला दानी जगाया जब, तो बहुत से रास्ते निकले। - **संजय दानी**

लेख नहीं हूं-आलेख

लेख नहीं हूं-आलेख नहीं मैं- फिर भी शब्द क्यों तौल रहा है,, जल चर भू चर और नभ चर, हर पल क्यों मुझसे बोल रहा है,, स्व में साक्षात-जग रहा साक्षात मैं, कभी कहीं कोई ना भेद रखा मैं- स्वछंद नदी सा निमित्त रहा मैं- फिर क्यों लगा मेरा मोल रहा है, हे मनवा बस तू चलता चल- ये जगत राह ले चले जहां तक-कठोर नहीं धरा तेरे कदमों कीमार्ग तेरा जल सा डोल रहा है,,लेख नहीं-आलेख नहीं मैं-फिर भी शब्द क्यों तौल रहा है। - **ललित उपाध्याय**

भोलेनाथ शंकर महेश रूद्र गंगाधर

भोलेनाथ शंकर महेश रूद्र गंगाधर आदि-आदि शंकराय नाम भी अनंत हैं देव दानव मंथन में विष से जली दिशाएं गरल उतार कंठ बने नीलकंठ हैं सत्व,रज,तम,भूत,वर्तमान और भविष्य त्रिनेत्रधारी के तो अपने ही ढंग हैं डमरू,त्रिशूल मुंडमाला,छाल सर्पहार धूनी रमाय भस्मधारी पीते भंग हैं --!! - **नीरू श्रीवास्व**

बचपन बीत गया, पेड़ कट गए, और

बचपन बीत गया, पेड़ कट गए, और प्रकृति अब बस तस्वीरों में कैद है। ये कविता एक याद है – उस मिट्टी की, उस गाँव की, उस मासूमियत की। क्या सच में हमने अपनी ही जड़ों को काट दिया है? कहाँ गई वो खुशियाँ जो गाँव की गलियों में मिलती थीं? ?? आइए, याद करेंज और संकल्प लें कि जो बचा है, उसे बचाएँ। - **रेनु सिंघल**

इस अंतस की पीड़ा तुम हरदम ही

इस अंतस की पीड़ा तुम हरदम ही उसको सहती है मन में चलती

उथल-पुथल कहां तुमको सब कहती है एक लौ तमस घटाती बाहर एक भीतर बहुत जलाती है बंद आँखों में धुआं -धुआं आंसू कोरों से बहती है । - **सपना चन्द्रा**

भूतपूर्व कामरेड कन्हैया कुमार को समझ

भूतपूर्व कामरेड कन्हैया कुमार को समझ आने लगा है कि राजद उसे बिहार मे विधायकी भी नही लडने देगी फिर भी यदि कांग्रेस उतारती है तो राजद भी इस सीट पर प्रत्याशी उतारेगी और भूतपूर्व कामरेड एक हार को और गले लगायेगा । - **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

तू लाख खड़ी कर ले झूठ की दुकान

तू लाख खड़ी कर ले झूठ की दुकान चुकेगा सब यही चुंगी ओ लगान ।। तेरी जादूगरी तेरी बाज़ीगरी दो कौड़ी का है ये सब सामान ।। ये हीरे मोती क्या क़ब्र में ले जाओगे वहाँ तो साथ देगा बस ईमान ।। खाली हाथ आया है खाली ही जाएगा रह जाएगा यही तेरा शीशे का मकान ।। - **राजीव वर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। धन लाभ के साथ-साथ संबंधों में भी निकटता का अहसास होगा।

वृषः आज आप कार्यो में व्यस्त रहने के बाद भी दिन का भरपूर आनंद उठाएंगे। मन इच्छित कार्य होने से हास-परिहास का वातावरण बना रहेगा। कार्य-व्यवसाय में थोड़ा अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

मिथुनः आपका आज का दिन भी अशुभ रहने से अधिक सावधानी बरतने की सलाह है। सेहत का आज विशेष ध्यान रखें परिवार में बीमारी का प्रकोप अथवा अन्य आकस्मिक दुर्घटना होने की संभावना है।

कर्कः आज का दिन भी आपके लिए लाभदयक रहेगा फिर भी ध्यान रखें आज किसी के गलत मार्गदर्शन अथवा गलतफहमी में पड़ने से लाभ के अवसर किसी अन्य के पास भी जा सकते है।

सिंहः आज के दिन आप कार्य-व्यवसाय में असहयोग की स्थिति बनने पर उग्र हो सकते है। सहयोगी आवश्यक कामो में लापरवाही दिखाएंगे।

कन्याः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में कुछ हानि हो सकती है।

तुलाः आज के दिन आप किसी ना किसी उलझन में फंसे रहेंगे। दिन का अधिकांश समय अनर्गल कार्यो में बर्बाद होगा। लोग आपके मन के विपरीत कार्य करवाने को बाध्य करेंगे जिसमें निकट भविष्य में हानि ही होगी। कार्य व्यवसाय में देरी के कारण सौदे निरस्त हो सकते है।

वृश्चिकः आज का दिन आपको आर्थिक रूप से सबल बनाने में सहयोग करेगा। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा आज कुछ कम रहेगी जिसका फायदा अवश्य उठाएंगे। नौकरी पेशा जातको को अधिकारी वर्ग का प्रोत्साहन मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

धनुः आज के दिन आप अधिकांश कार्यो में लापरवाही दिखाएंगे जिससे उचित लाभ मिलने में विलंब के साथ ही कमी भी आएगी। स्वयं का काम छोड़ अन्य लोगो के कार्य मे रुचि लेना हानि कराएगा।

मकरः आज के दिन आपकी मनोवृति सुखोपभोग की अधिक रहेगी जिस वजह से कार्य क्षेत्र पर पूर्ण ध्यान नही दे पाएंगे फिर भी आज धन लाभ के अवसर मिलते रहेंगे। जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे।

कुंभः आपका आज का दिन भी विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई अशुभ समाचार मिलने से मन हताश रहेगा।

मीनः आज का दिन आपको आकस्मिक धन लाभ कराएगा। आज जिन कार्यो अथवा व्यवहारों से उम्मीद नही रहेगी उनसे भी आकस्मिक लाभ होने की संभावना है।

QUIZ TIME

1) टेली-मैनस पहल किस क्षेत्र से संबंधित है?

2) कूजी बीच, जो रहस्यमय मलबे की खोज के कारण खबरों में था, किस देश में स्थित है?

3) फ्लेग्रियन फील्ड्स किस देश में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखीय क्षेत्र है?

4) हर साल महापरिनिर्वाण दिवस किस दिन मनाया जाता है?

5) 2024 के एशियाई ईस्पोर्ट्स खेलों में बैंकॉक में ईफुटबॉल में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी कौन हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मानसिक स्वास्थ्य (2) ऑस्ट्रेलिया (3) इटली (4) 6 दिसंबर (5) पवन कुमार

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -108

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 107 का हल

नलवा माइंस को लेकर विधायक अनुज शर्मा की जनप्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा क्षेत्र में प्रस्तावित नलवा माइंस को लेकर स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में क्षेत्र के सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य माइंस से संबंधित मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की राय जानना तथा उनके हितों को सुनिश्चित करना था।

बैठक में विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र की जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए कहा, एक जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं जनता की भावनाओं और उनके हितों के साथ खड़ा रहूँ। खरोरा क्षेत्रवासियों का जो भी निर्णय होगा, मैं पूरी तरह से उनके साथ हूँ।

यह बैठक नलवा माइंस के मुद्दे पर क्षेत्रवासियों और प्रशासन के बीच एक सकारात्मक संवाद का प्रतीक रही। विधायक अनुज शर्मा ने भविष्य में भी ऐसी बैठकों के माध्यम से जनता की आवाज को बुलंद करने का वादा किया।

वहीं बैठक मे जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा नेता वेदराम मनहरे, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुरेन्द्र वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुमित सेन समेत छेत्र के कई सरपंचगण शामिल हुए.

जहाँ सभी ने यह निर्णय लिया की किसी भी हालत मे सीमेंट खदान को लगने नहीं दिया जायेगा पहले ही सीमेंट खदान के कारण छेत्र मे जल स्तर गिरते जा रहा है और पानी की समस्या है साथ ही अन्य समस्याओ के कारण सभी ने एक स्वर मे उद्योग का विरोध किया।

एनएचएम कर्मियों का 10 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन जारी

काली पट्टी बांध कर कार्यस्थलों पर जताया विरोध

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों द्वारा नियमितीकरण, ग्रेड पे, स्थानांतरण नीति, मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा परिचर्या सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने कहा कि यह आंदोलन मोदी की गारंटी को याद दिलाने और वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार को जागरूक करने के लिए हो रहा है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि यदि सरकार द्वारा मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो यह आंदोलन और भी व्यापक व निर्णायक रूप लेगा। एनएचएम कर्मी बीते 20 वर्षों से बिना नियमित हुए, अल्प वेतन, बिना ग्रेड पे और बिना सामाजिक सुरक्षा के प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना महामारी जैसे संकट के समय भी इन कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर इलाज किया है। आंदोलन का सांसद रुपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू का समर्थन किया है। अब तक प्रदेश के सभी 90 विधायकों व सांसदों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। आगामी कार्यक्रम के अनुसार 16 जुलाई को जिला स्तरीय धरना -प्रदर्शन एवं कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 17 जुलाई को प्रदेश स्तरीय विशाल प्रदर्शन एवं विधानसभा घेराव, जिसमें 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी रायपुर में शामिल होंगे। नागरिकों ने भी एनएचएम कर्मियों की सेवा भावना को सराहते हुए मांग की है कि स्वास्थ्य जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग में संविदा व्यवस्था समाप्त कर कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए।

वृध्द से देशी शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने मुक्तिधाम के पीछे गार्डन के पास वार्ड नंबर 8 कर्रापारा बागबाहरा निवासी ओम प्रकाश सलूजा (68) से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3.600 लीटर कीमत 1800 रुपए और बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफधारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तालाब में महादेव बनाकर महिलाओं ने की पूजा -अर्चना

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में महिलाओं ने 11 जुलाई की शाम 6 बजे तालाब में महादेव बनाकर पूजा-अर्चना की। शिवकुमारी चंद्राकर ने बताया कि हर साल भक्तगण श्रावण मास यानी सावन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, सावन का महीना भगवान महादेव को सबसे ज्यादा प्रिय है। सावन का हर दिन, विशेष रूप से सभी सोमवार को भगवान महादेव की पूजा-उपासना करने से जीवन की हर समस्या का निवारण होता है। साथ ही सावन में महादेव के नाम का जप करने से भी जीवन में शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस महीने भगवान महादेव अपने हर भक्त की सभी तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। इस अवसर पर रेखा, उत्तरा , पूनम, अंरुण, माधुरी, ममता, दुर्गा, देवकी, कृष्ण, नंदिनी, डाली, गोदावरी, प्रियंका, टीना, ज्योति, सरोज आदि मौजूद रहे।

खेत गए शिक्षक की बाइक चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम धनापाली में एक शिक्षक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को ग्राम हरदी निवासी विजय कुमार चौहान (41)ने बताया कि 7 जुलाई की दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 2571 से ससुराल ग्राम धनापाली में खेत गया और खंभा तालाब के पास बाइक खड़ी की। वापस आकर देखा तो वहां पर बाइक नहीं थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एसडीएम कार्यालय का घेराव

सिमगा /नवप्रदेश। बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि नगर पालिका परिषद सिमगा क्षेत्र में भूमाफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर निर्माण किया जा रहा है। इस परिस्थिति में नगरवासियों को जल, रोड आदि संबंधी जो सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए वह नहीं हो पा रही है। अली ने बताया कि अवैध प्लाटिंग एवं कालोनी निर्माण पर रोक लगाने हेतु पुर्व में उनके द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी, सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार सिमगा, सीएमओ नगर पालिका परिषद सिमगा को कई बार लिखित शिकायत किया गया है किन्तु आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश है। जिसके चलते बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली द्वारा मोर्चा खोलने की तैयारी की जा रही है। अली ने बताया कि आने वाले दिनों में उनके संगठन द्वारा एक बड़े प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के लोग शामिल होंगे और विभिन्न मांगो को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

फिंगेश्वर विकासखंड की लखपति दीदी ने राष्ट्रीय कार्यशाला में सुनाया लखपति बनने का सफर

राजिम/नवप्रदेश। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लखपति दीदी बनाने की दिशा में विषय पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला के अंतिम दिवस 11 जुलाई 2025 को राजधानी रायपुर में प्रदेश भर की चयनित लखपति दीदियों ने अपने संघर्ष, मेहनत व आजीविका से आत्मनिर्भर बनाने की कहानियों, परिचर्चा सत्र का आयोजन हुआ।

उल्लेखनीय है कि कार्यशाला का शुभारंभ ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव शैलेष कुमार, सूक्ष्म व लघु उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव एस. सी. एल. दास द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया था। सत्र में मिशन संचालक जयश्री जैन ने एमीन साहू, लखपति दीदी की कहानी सुन कार्यो व प्रयासों की सराहना की गई। अन्य राज्यों के प्रतिनिधि गण लगातार तालियां बजाकर एमीन साहू का उत्साहवर्धन करते रहे।

एमीन दीदी ने बताया कैसे एक छोटी सी गुमटी से आज बिहान कैंटीन चला रही है। वर्तमान में प्रतिमाह 30 से 40 हज़ार कमा ले रही है। आज की स्थिति में प्रशिक्षणों की सहायता से दीदी विभिन्न प्रकार के अचार जैसे- आम, करौन्दा, नींबू, कटहल, जीमिकान्दा आदि, पापड़, बड़ी फ्रिाईल, धूपबत्ती बना रही हैं। दीदी के द्वारा अपने उत्पादों की पैकिंग कर गाँव स्तर पर, समूह बैठकों में ग्राम संगठन, कलस्टर बैठकों में, मेलों में स्टाल लगाकर, दुकनों में अपने उत्पादों का विक्रय किया जाता है। जिससे की उनकी वार्षिक आय 3 लाख रूपये से 4 लाख रूपये तक हो चुकी हैं।

बिहान में महिला लखपति पहल के तहत इनका चिन्हांकन हुआ। इसके द्वारा सभी उत्पादों हेतु राजिम में एक आउटलेट की शुरूआत की गई है। साथ ही इनके द्वारा छ.ग. की पारम्परिक खान-पान जैसे- चीला, फरा, ठेठरी, खुर्मी, गुजिया, बड़ा एवं छ.ग. व्यंजन के स्टाल भी लगाया गया। बिहान के सहयोग से इन्हे भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक का लाइसेंस भी दिलवाया गया।

छत्तीसगढ़ी व्यंजन का लगाया स्टाल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर गुड़गांव, दिल्ली में आयोजित सरस मेला में फूड जोन हेतु इनका चयन हुआ। सरस मेला अंतर्गत गुरूग्राम, दिल्ली में छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्टाल लगाया गया, जहाँ उनके व्यंजनों को सराहा गया। साथ ही दीदी के द्वारा 15 दिवस के आयोजन में कुल 1 लाख 85 हजार रूपये का विक्रय किया गया। एमिन दीदी के साथ उन्ही के समूह की चार अन्य दीदीयां प्रेमीन गायकवाड़, खेमीन साहू, भूमिका साहू, केवरा साहू भी समूह के माध्यम से फूड जोन मे जुड़कर कार्य कर रही है।

राजिम में आउटलेट की शुरूआत

ऐमीन साहू जिला गरियाबंद, विकासखण्ड फिंगेश्वर ग्राम पंचायत तर्रा में निवासरत है। एमीन साहू समूह में जुड़ने से पहले केवल एक गृहिणी के तौर पर परंम्परागत खेती-बाड़ी कर रही थी, जिससे उनकी आय सीमित थी। उक्त कार्य में अपने परिवार के सदस्यों की सहायता करती थी। समूह के माध्यम से अन्य दीदीयों के साथ राशि बचत कर अपनी आवश्यकता को पूरा करने एवं अपनी आय को बढ़ाने हेतु समूह से जुड़ी।

दिव्यांग बच्चों को स्टेला फाउंडेशन ने फल मिठाइयां और टॉफियां वितरीत की

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। नवापारा नगर की समाजसेवी संस्था स्टेला वेलफेयर फ़ाउंडेशन की टीम नवागांव स्थित संकल्प संस्थान पहुंची। मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जाना। बच्चों के बीच रहकर उनसे बातचीत की और प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बता दें कि नवागांव स्थित संकल्प संस्थान में लगभग 25 मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों का पढ़ाई - लिखाई एवं पालन-पोषण किया जाता है।

संकल्प संस्थान बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। संकल्प संस्थान के बच्चों में संगीत और गायन में विशेष प्रतिभा है। स्टेला फ़ाउंडेशन ने बच्चों को फल, मिठाइयाँ, चॉकलेट, फ्रूटी, चिप्स और उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया। फ़ाउंडेशन की प्रमुख पूजा सायरानी ने संकल्प संस्थान के बच्चों को नियमित सहयोग प्रदान करने की बात कही। समाजसेवी और भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी समाज का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी प्रतिभा को निखारना और उसे लोगों तक पहुंचाना सभी की ज़िम्मेदारी है। इस मौके पर स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन की सदस्य पूजा सायरानी, योगिता सिन्हा, मनीषा अठवानी, राखी असरानी, अंजलि और राधिका असरानी आदि मौजूद रहीं।

स्प्रिंगबोर्ड किड्स में माय समर विकेशन विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान स्प्रिंगबोर्ड किड्स, गरियाबंद में आज गर्मियों की छुट्टियों के उपरांत विद्यार्थियों के अनुभवों, रचनात्मकता और सीख को साझा करने के उद्देश्य से माय समर विकेशन विषय पर एक विशेष प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों में गजब का उत्साह और सहभागिता देखने को मिला। इस प्रतियोगिता की विशिष्टता यह रही कि प्रत्येक छात्र को अपने अभिभावकों के सहयोग से गर्मियों की छुट्टियों में किए गए यात्रा-वृत्तांत, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन, परिवारिक कार्यक्रमों में सहभागिता, सामाजिक गतिविधियों, किसी नई कला या कौशल की सीख, आदि को एक रचनात्मक प्रोजेक्ट फाइल के माध्यम से प्रस्तुत करना था। फाइल में लेखन, चित्र, फोटो, पेपर कटिंग, एवं सजावट के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और मेहनत का परिचय दिया।

विद्यालय प्रांगण में लगे प्रदर्शनी स्टॉलों पर जब बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, तो हर कोई उनके रचनात्मक प्रयासों से अभिभूत हो उठा।

गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में सामूहिक साधना अनुष्ठान

महासमुंद/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा अखंड दीप के शताब्दी वर्ष एवं माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर पूरे देश में सामूहिक साधना का क्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले में भी साधना अनुष्ठान जारी है। महासमुंद जिले के पुरातात्विक नगरी सिरपुर स्थित नवनिर्मित गायत्री चेतना केंद्र में गायत्री परिवार महासमुंद की समस्त इकाइयों के सहयोग से पवित्र सावन माह में एक मासिक साधना अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है।

छोटे-छोटे कदम बड़ी मंजिले तय करते है: इन्द्र

स्कूली बच्चों को विधायक इन्द्र साव ने बांटा शूज

मां और पिताजी की स्मृति में हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय शिवलाल मेहता स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं को उनके बीच पहुंचकर विधायक इन्द्र साव ने अपने माता जी स्व. श्रीमति गणेशी देवी साव एवं पिता जी स्व. के.आर. साव शिक्षक की स्मृति में शूज का वितरण किया।विधायक के हाथों शूज प्राप्त कर छात्र छात्राएं काफी खुश और प्रफुल्लित नजर आए।

नगर के शिवलाल मेहता स्कूल में एक छोटे और गरिमामय कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने छात्र छात्राओं को शूज का वितरण किया।इस दौरान विधायक इन्द्र साव ने सभी बच्चों से नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा छोटे छोटे कदम एक दिन बड़ी मंजिले तय करते है। जीने के लिए दो वक्त भोजन जरूरी है लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है शिक्षा, जिससे हमे जीने की कला मिलती है। श्री साव ने कहा कि जब बच्चे पढ़ेंगे तो ना केवल अपनी संस्था का नाम रोशन करेंगे,बल्कि अपने माता पिता का भी नाम रोशन करेंगे और अपनी पढ़ाई योग्यता के दम पर अपना भविष्य को संवारेंगे। विधायक इन्द्र साव के हाथों शूज प्राप्त करते समय स्कूली बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट थी।

इको क्लब के विघार्थियों ने किया पौधरोपण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के इको क्लब के विघार्थियों पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शाला परिसर में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया ।

क्लब के प्रभारी शिक्षक विकास यादव ने पौधे लगाने के उद्देश्य एवं आवश्यकता, महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विघार्थियों को अपने-अपने घरों के आसपास खाली जगहों पर एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर उसको संरक्षित, सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के जीआर टांडेकर, प्रियंका पीटर, मितेश शर्मा, नेहा सिंह, ध्रुति श्रीवास्तव, अंशुमाला बारिक एवं इको क्लब के अध्यक्ष गरिमा साहू, सदस्य हिमांशु साहू, खुशी साहू, चंद्रशिला, द्रोण टंडन, लीलेश साहू, गुलशन साहू, लीना साहू आदि उपस्थित थे।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के नियमित संचालन के लिए हुई चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। विकासखंड स्तरीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण समिति महासमुंद की बैठक बीआरसीसी कार्यालय में हुई। बैठक में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के 2025-26 में नियमित संचालन के लिए वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में सीईओ बीएस मंडावी ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि उक्त समिति का गठन उल्लास नवभारत कार्यक्रम को विखं महासमुंद में सक्रिय संचालन के लिए किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों का असाक्षर के रूप में चिन्हांकन कर अध्यापन कराकर एनआईओएस के सहयोग से आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में मूल्यांकन कार्यक्रम में भाग लेकर उत्तीर्ण करने का कार्यक्रम है। वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा होने से पूर्व एबीईओ एवं विखं साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद के विखं परियोजना अधिकारी तारिका कुंजाम ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कार्यों की जानकारी एवं कार्यक्रम संचालन के केंद्र और राज्य शासन के उद्देश्य से अवगत कराया । नोडल अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण ईश्वर चंद्राकर ने असाक्षरों का सर्वे के माध्यम से चिन्हांकन और उल्लास एप्प में संधारण, स्वयंसेवी शिक्षक का चिन्हांकन एवं एप्प में संधारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा की। बैठक में प्रमुख रूप से जुगलकिशोर पटेल, डॉ. विकास चंद्राकर बीएमओ महासमुंद, सियाराम कर्मकार, तरुण, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद, शीला प्रधान पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग लीनू चंद्राकर उपस्थित थे।

प्रशिक्षण | ग्राम डगनिया स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण समापन

जिपं सदस्यों को पंचायती राज व्यवस्था के तहत दिया गया प्रशिक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र डगनिया में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 09 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य जिला पंचायत सदस्यों को पंचायती राज व्यवस्था की गहन समझ योजनाओं के क्रियान्वयन बजट निर्माण स्थानीय विकास एवं तकनीकी पोर्टलों के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में संकाय सदस्यो द्वारा पंचायती राज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं संवैधानिक अधिकारों को बताया गया। 73 वे संविधान संशोधन के साथ पंचायत राज अधिनियम 1993 पर चर्चा की गई। जिला जनपद एवं ग्राम पंचायतों की त्रिस्तरीय संरचना ग्राम सभा की भूमिका पंचायत बैठकों की प्रक्रिया तथा स्थायी समितियों के कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।इसके अतिरिक्त पंचायतों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत 9 प्रमुख विषयों पर आधारित सत्र में पंचायतों के माध्यम से लक्ष्यों की प्राप्ति और इसके लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पंचायत विकास योजना की रूपरेखा, निर्माण प्रक्रिया, स्थानीयकरण की विधियाँ, तथा जल संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित ग्राम विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन एवं अन्य प्रमुख योजनाओं पर प्रशिक्षित किया गया। पंचायतो का बजट , लेखांकन प्रक्रिया, सामाजिक लेखा परीक्षण एवं ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, लागत निर्धारण, सामग्री मानक, निरीक्षण एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल नियम 2024 की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस में पंचायत विकास संकेतक एवं मानव विकास मानकों के आधार पर पंचायतों के मूल्यांकन तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। ई-गवर्नेंस के अंतर्गत पंचायत राज पोर्टल, टीएमपी पोर्टल, डिजिटल सेवाओं एवं ऑनलाइन डैशबोर्ड के उपयोग की कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला के समापन अवसर पर टीएमपी क्विज, फीडबैक , प्रशिक्षण आंकलन एवं ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अंतर्गत डीपीआरसी में सभी जिला पंचायत सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अजय कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य दीपा धुर्वे, अन्नपूर्णा चंद्राकर, रामकुमार भट्ट, राजेश्वरी धृतलहरे, पूर्णिमा साहू, ललिता धुर्वे, गंगाबाई साहू, राजकुमार मेरावी, सुमित्रा पटेल, डॉ.वीरेन्द्र कुमार साहू, रोशन दुबे, राजकुमारी साहू , उपसंचालक पंचायत राज तिवारी, डीपीएम जितेन्द्र ठाकुर, संकाय सदस्य किशन गुप्ता एवं अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

अभाविप परिषद के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण



भाटापारा/नवप्रदेश। ज्ञान, शील और एकता के मंत्र को लेकर छात्रों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, इकाई- भाटापारा के समस्त नगर कार्यकारिणी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में संगोष्ठी कर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजानंद कॉलेज भाटापारा के जनभागीदारी अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति सजग रहें एवं वृक्ष मित्र बनकर पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।विशिष्ट अतिथि नन्द किशोर वैष्णव ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण की आत्मा हैं और युवाओं को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर के लिए आज शुरू होगी पदयात्रा

- **पदयात्रा की तैयारी पूरी, श्रद्धालुओं को एलईडी के माध्यम से होंगे लाइव दर्शन**
- **छह सौ भक्तों तक पहुँचेगा माँ नर्मदा का पावन जल, भोरमदेव का होगा जलाभिषेक**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम में सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को एक बार फिर आस्था और परंपरा का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। हजारों श्रद्धालु और कंवरिया भोरमदेव महादेव के पवित्र धाम की ओर 18 किलोमीटर लंबी पदयात्रा पर निकलेंगे। यह पदयात्रा कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से सुबह 7 बजे प्रारंभ होगी, जो ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक दृष्टिकोण से समृद्ध भोरमदेव मंदिर परिसर तक पहुँचेगी।

पदयात्रा के माध्यम से श्रद्धालु भगवान भोरमदेव बाबा को माँ नर्मदा के पावन जल से अभिषेक करेंगे। इस अभिनव पहल के अंतर्गत कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लगभग 600 पैकेट माँ नर्मदा का जल तैयार किया गया है, जिसे भक्त अपने साथ लेकर जलाभिषेक करेंगे। नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा इस पहल की सराहना की जा रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधि भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होंगे।

भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पदयात्रा मार्ग में जिला प्रशासन द्वारा 9 प्रमुख स्थानों पर शीतल पेयजल, नाश्ता एवं विश्राम व्यवस्था की गई है। इन स्थानों में सकरी नदी विद्युत केन्द्र, समनापुर,

बरपेलाटोला, रेंगाखारखुर्द, कोडार, राजानवागांव, बाघुटोला, छपरी (गौशाला) और भोरमदेव मंदिर परिसर शामिल हैं।

पदयात्रा में चलित एम्बुलेंस, स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की व्यवस्था के साथ-साथ डीजे साउंड बॉक्स भी उपलब्ध रहेगा ताकि पूरे मार्ग में हर हर महादेव और बोलबम की गूंज बनी रहे।

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें सहज दर्शन की सुविधा प्रदान करने हेतु मंदिर के गर्भगृह से एलईडी के माध्यम से लाइव दर्शन की व्यवस्था की गई है। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग प्रवेश द्वार निर्धारित किए गए हैं ताकि दर्शन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो सके।

सावन माह के प्रत्येक सोमवार को ज्वाइन हैंड्स ग्रुप द्वारा भोरमदेव मंदिर परिसर में निःशुल्क भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए भरपेट भोजन तथा व्रतधारियों के लिए फलाहार की समुचित व्यवस्था की गई है। कबीरधाम जिले में पूर्व में पदस्थ रहे राज्य शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रित किया गया है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं और व्यापारिक संगठनों से अपील करते हुए कहा है कि सावन के प्रथम सोमवार को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक ऐतिहासिक पदयात्रा का आयोजन आस्था और सांस्कृतिक विरासत का पर्व है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

कांवड़ यात्रा के लिए कबीरधाम पुलिस सतर्क, व्यापक सुरक्षा के साथ चाक–चौबंद व्यवस्था

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर भोरमदेव, डोंगरिया और बुढ़ामहादेव की ओर जाने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने कबीरधाम पुलिस द्वारा पूरे माह के लिए सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए यात्रा मार्गों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में यात्रा मार्ग पर पुलिस बल, होमगार्ड्स और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष निगरानी की जाएगी। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से चार मोटरसाइकिल सवार पेट्रोलिंग टीमों को भी तैनात किया गया है, जो लगातार यात्रा मार्ग पर गश्त करेंगे और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। यात्रा मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन के लिये चिन्हांकन कर मार्गदर्शन दिया गया है। प्रत्येक रविवार और सोमवार को भोरमदेव रोड पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी, ताकि पदयात्रियों को सुगम मार्ग उपलब्ध हो सके। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को सड़क के दाहिने ओर चलने की सलाह दी गई है, जिससे सामने से आने वाले वाहनों को देखा जा सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। अंधे मोड़, चढ़ाई वाले स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पिकेट स्थापित किए गए हैं, जो यात्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। भारी वाहनों पर अस्थायी प्रतिबंध भी यात्रा के अनुसार लागू किया जाएगा। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भोरमदेव थाना और कुकदूर थाना परिसर के सामने कांवड़ यात्रियों और पदयात्रियों के लिए निःशुल्क जलपान और विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। मार्ग में पेयजल, चिकित्सा सहायता, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय और स्वच्छता की अस्थायी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

न्यूज गैलरी

गैस कटर से ट्रक की बॉडी काट रहे कबाड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर पुलिस विभाग की टीमों द्वारा लगातार अपराध पर नियंत्रण के लिये अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम बनभेडी में डिस्पोजल गैरेज में अवैध रूप से गाडियों को गैस सिलेण्डर से काटकर कबाड़ में बदलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर एजाज खान पिता अयाज खान निवासी तुलसीपुर राजनांदगांव को गिरफ्तार किया। युवक पुरानी ट्रक के सामान को गैस कटर से काटते हुए मिला। पुरानी गाड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। एजाज खान के कब्जे से पुरानी ट्रक का हेड, 2 नग पुरानी ट्रक का कटा हुआ ड्रेसबोड, एक नग एचपी कंपनी का सिलेण्डर, गैस काटने का पाइप नोजल लगा हुआ जप्त किया गया। युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस दौरान मोहल्ले में हुल्लड़ करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, गोवर्धन देशमुख, राजेश परिहार, आरक्षक कुश बघेल, राजेश्वर बंदेश्वर व रूपेन्द्र वर्मा की भूमिका रही है।

जल लेकर सिंघोला महाकाल मंदिर पहुंची डाक कावड़ यात्रा

राजनांदगांव। पवित्र सावन माह के प्रथम दिन डाक कांवड़ यात्रा। मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर सिंघोला महाकाल मंदिर पहुंची। जीवनदान सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि डाक कांवड़ यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। आयोजनकर्ता शिवगण को श्री बागेश्वर धाम मंदिर, माँ पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लडडा से प्रेरणा मिली। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह ने सीटी बजाकर यात्रा को प्रारंभ किया। सोमवार 14 जुलाई को मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर बागेश्वर धाम रायपुर नाका जाएगी। यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारत भूषण वैष्णो, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मूदंड़ा, राजनांदगॉव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष ऋषभ मल्ला, महेश्वर जंघेल, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, चेष्टा, मिताली, पूर्व आदि उपस्थित थे।

शाला में मनाया प्रवेशोत्सव

खैरागढ़। जिले के शा उ मा शाला साल्हेकला में शाला प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण और गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता पर कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

तालाब के पानी को स्वच्छ रखने के तरीकों पर संगोष्ठी

पानी को स्वच्छ रखने और जल संकट से बचने तालाब पार में रोपे 200 पौधे

धमधा/नवप्रदेश। शनिदेव तालाब बिरझापुर में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने एक स्वर में तालाब के महत्व का बखान किया और कहा कि प्राचीन काल में तालाबों को बहुत अधिक महत्व दिया जाता था। इसीलिए छै आगर छै कोरी तालाब (126 तालाब) खोदने की परंपरा यहां प्रचलित रही। बारिश के पानी को रोककर भू-जल रिचार्ज करना प्राचीन परंपरा है। आज तालाब संरक्षण के नाम पर इन तालाबों का गला घोंटा जा रहा है। तालाबों के पार को कांक्रीट से कुंड की तरह बनाया जा रहा है, जिससे तालाब के पार में रहने वाले सांप, केकड़ा व अन्य जीव समाप्त होते जा रहे हैं। ये जीव भूजल को पाताल तक पहुंचाने बिल बनाते थे। इसीलिए तालाबों में सीमेंट कांक्रीट का उपयोग करना प्रतिबंधित किये जाने की आवश्यकता है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग, हिन्द एथलेटिक्स क्लब

और ग्राम पंचायत बिरझापुर ने मिलकर इस संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें प्राचीन काल में कैसे स्वच्छ रहते थे तालाब विषय पर वक्ताओं ने विचार रखे। शनिदेव तालाब की जीर्णोद्धार किया गया, जिसमें तालाब के पार में 200 पौधे रोपे गए, ताकि तालाब का पानी सूखने से बचाया जा सके। पूर्व में शनि मंदिर के पास पथरीली जमीन है, जिसमें पंचायत ने रोजगार गारंटी से तालाब बनवाया था। जमीन पथरीली होने के कारण वहां पानी नहीं रुकता है। इस तालाब में पानी रोकने के लिये स्थायी उपाय करने पर विचार किया गया। इसी के तहत आज तालाब के पार में वृहद वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. एसके पांडेय ने कहा कि जल से ही सारी धरती का ऐश्वर्य है। इसे बचाने के लिए हमें जागरूक होना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घासीदास संग्रहालय रायपुर के पुरातत्वविद् प्रभात कुमार सिंह, वीपी ताम्रकार ने बताया कि आज तालाबों के संरक्षण में क्रांकीटीकरण का प्रयोग किया जाता है, जिससे तालाबों में पानी रिसकर आना बंद हो गया है, इसके कारण तालाब का पानी सड़ रहा है। उसमें से बदबू आने लगती है। शनि मंदिर के संरक्षक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि तालाब में सांप, केकड़ा जैसे जीव होते हैं, जिनके बिल गहराई तक पानी को जाने का रास्ता होते हैं। उनसे पानी भूजल तक पहुंचता है।

गांव के वरिष्ठ व्यास नारायण शर्मा ने कहा कि धमधा के सभी तालाबों के आसपास काफी संख्या में आम के पेड़ थे। प्रतिवेदन वाचन अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग अध्यक्ष जगमोहन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर धर्मधाम गौरवगाथा समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन, ईश्वरी निर्मलकर, सामर्थ ताम्रकार, अशोक देवांगन, सुजीत ताम्रकार, उमेश सोनी, केशव देवांगन, राजू कहार, राजूलाल यादव, अभिनव कल्याण समिति के बीके साहू, अनीता साहू, प्रवीण पांडेय, ग्राम पंचायत बिरझापुर के पंच देवसिंह साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

ई-समन पर कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस कार्यालय बालोद में एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में एएसपी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने ई-समन प्रणाली और हाईकोर्ट के जवाब/दावा पोर्टल के उपयोग व संचालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता व पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान सीएसपी राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनिफास एक्का और रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से संबंधित समन वारंट आरक्षक, कोर्ट मोहर्रिर, कोर्ट आरक्षक, सीसीएमएस (को केस मॉनिटरिंग सिस्टम) से जुड़े कार्मिक, पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ई-समन प्रणाली के माध्यम से समन व वारंट की डिजिटल प्रक्रिया, त्वरित डिलीवरी व न्यायालयीन कार्यों की निगरानी हेतु सीसीएमएस पोर्टल की भूमिका, और हाईकोर्ट पोर्टल के माध्यम से जवाब व दावा भेजने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा ई-समन प्रणाली का परिचय एवं महत्व पोर्टल पर केस मॉनिटरिंग की विधि, हाईकोर्ट पोर्टल से जवाब/दावा प्रस्तुत प्रक्रिया, डिजिटल दस्तावेज अपलोड करने तकनीकी पहलू, न्यायिक समय सीमा का पालन एवं उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला।

प्रशासन की टीम ने हटाए अतिक्रमण, 8 विद्युत मीटर जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम, जिला प्रशासन व यातायात की टीम शहर को व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चला रही है। अभियान के तहत् आज प्रशासन की अतिक्रमण हटाओ टीम फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए। कार्यवाही के दौरान निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहकर टीम का उत्साहवर्धन कर ठेला खोमचा वालों को स्वयं हटाने समझाईस दिए। शहर में सुगम आवागमन एवं अतिक्रमण मुक्त करने प्रशासन की टीम जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर बाजार क्षेत्र के दुकानों का सामान बाहर रखने पर उसे दुकान के अंदर रखने तथा दुकान के बाहर लगे शेड हटाने समझाईस दिए थे। समझाईस उपरांत गुड़ाखु लाईन, जूनी हटरी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और आज फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक दुकान तथा ठेला खोमचा हटाया गया। उक्त स्थल से अतिक्रमण हटाने पूर्व में भी समझाईस उपरांत कार्यवाही की गई थी। किन्तु पुनः अतिक्रमण होने पर आज निगम प्रशासन तथा यातायात की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। वही बिना अनुमति लगे 8 विद्युत मीटर को जप्त की गई।

विधायक के काफिले पर हमला: दीपेश ने की कड़ी निंदा

बेमेतरा/नवप्रदेश। आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर नवागढ़ से लौटते समय चारभांठा और भोईनाभांठा के बीच अज्ञात तत्वों द्वारा किए गए हमले की घटना को लेकर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय और चिंता का विषय है। आरंग विधायक साहेब नवागढ़ में सतनाम समाज की सामाजिक बैठक में शामिल होने आए थे और रायपुर लौटते समय उनकी गाड़ी पर हमला हुआ, यह बेहद दुर्भाग्यजनक है। ऐसी घटनाएं लोकतंत्र और सामाजिक व्यवस्था के लिए खतरा हैं। घटना की निष्पक्ष जांच हो। जांच प्रारंभ कर दी गई है। दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाना चाहिये। इस प्रकार की हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। तिवारी ने बताया कि गुरु खुशवंत साहेब के पिता गुरु बाल दास साहेब आज बेमेतरा पहुंचे। रेस्टहाऊस में योगेश के नेतृत्व में साहेब का स्वागत किया।

श्रावण महाअभियान, रोपा सिंदूरी का पौधा

खैरागढ़/नवप्रदेश। श्रावण मास के पहले दिन निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के पौधारोपण की शुरुआत हनुमान मंदिर परिसर से की गई। इस मौके पर हनुमान प्रतिमा के समक्ष सिंदूरी का पौधा रोपित कर हरियाली की शुभ शुरुआत की गई। साल 2019 से लगातार पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय महाअभियान के माध्यम से इस बार मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर 50 से 60 पौधे रोपित किए जाएंगे। आयोजन में स्थानीय स्वयंसेवकों और वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाअभियान में सिर्फ पौधे नहीं लगाए जाते, बल्कि उनके पेड़ बनने तक निरंतर संरक्षण भी किया जाता है। गर्मियों में थाल निर्माण, जल सिंचन और ढोलियों की व्यवस्था जैसी गतिविधियाँ की जाती हैं। इस मौके पर स्व. चक्रधर शरण सिंह की स्मृति में पौधा रोपित किया। मनोहर चंदेल द्वारा उपस्थितजनों को बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम में उमेद पटेल, मंगल सारथी, गौतम सोनी, समशुल होदा खान, जय देवांगन, नरोत्तम उर्वशा, किशोर शर्मा, राजू यदु, गोलडू रजक, दीपक देवांगन, लक्ष्मण साहू, शेष नारायण यादव, महेश गिरी गोस्वामी, धर्मेंद्र पटेल सहित विकेश गुप्ता, राजेंद्र सिंह ठाकुर, आलोक सिंह व सीएमओ नरेश वर्मा, टोडर सिंह मौजूद रहे।

डीपीएस में विशेष सभा, शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति, प्रेरणादायक भाषण व मौन श्रद्धांजलि दी गई। छात्रों को वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया।

प्रधानाचार्या ग्रेसिया एन फ्रीग्रेड ने छात्रों को संबोधित

करते हुए कहा कि हमें शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। विशेष सभा के बाद विद्यालय में गरिमामयी वातावरण में अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवचयनित छात्र-छात्राओं को विधिवत शपथ दिलाई गई और उनके पदों के अनुरूप अलंकृत किया गया।

समारोह में प्रधान छात्र (हेड बॉय) आदित्य दसरिया, प्रधान छात्रा (हेड गर्ल) कनिका जोशी, उप प्रधान छात्र (वाइस हेड बॉय) पीयूष वर्मा, उप प्रधान छात्रा (वाइस हेड गर्ल) एंजल, खेल कप्तान लोकेश दुबे, सांस्कृतिक कप्तान संस्कृति, हाउस कैप्टन (बालक / बालिका) रेड हाउस सानिध्य शर्मा / अश्विका, ग्रीन हाउस आनंद / दिशा साहू, ब्लू हाउस देवेंद्र / रेनू जायसवाल, येलो हाउस पंकज तिवारी / अंजली वर्मा, पर्यावरण क्लब कप्तान प्रवीण साहू, अनुशासन कप्तान जीवेश को जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा संगीत व नृत्य कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। गरिमामयी समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर आशीष कुमार अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उन्हें निष्ठा, सेवा और अनुशासन के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या ग्रेसिया एन फ्रीग्रेड के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

पेज -1 का शेष

यादवी शक्ति प्रदर्शन' से ....

कभी तवज्जो नहीं दी गई। उलटे, ऐसा करने वालों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जमीन दिखाने में देर नहीं की है। केंद्रीय स्तर पर आरएसएस से लेकर भाजपा संगठन में ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे पता चलता है कि पद के लिये पार्टी में किसी भी स्तर पर दबाव बनाने वालों का काफी बुरा हश्र हुआ। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कभी भी पद के लिये दबाव की राजनीति को स्वीकार नहीं किया।

साहू समाज के सशक्त नेता ताराचंद का हो गया था गेम ओवर : भाजपाई राजनीति में आज तक किसी भी राजनेता का प्रेशर गेम कभी कामयाब नहीं हुआ। उच्च कमान के सामने दबाव की राजनीति का खेल खेलने वाले भाजपा नेताओं का हश्र छत्तीसगढ़ ने भी देखा है। दुर्ग में कांग्रेस के अभेद किले को बार-बार नेस्तनाबूद करने वाले ताराचंद साहू ने भाजपा से दो बार विधानसभा चुनाव और चार बार लोकसभा चुनाव जीता। प्रदेश में साहू समाज के शक्तिशाली नेता के रूप में स्थापित हो चुके ताराचंद साहू ने प्रदेश भाजपा संगठन को 2008 में ऐसे ही क्षेत्रीयता को बढ़ावा देने प्रेशर पॉलिटिक्स को माध्यम बनाया। नतीजा ये हुआ कि ताराचंद साहू जैसे ताकतवर नेता को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ताराचंद के प्रेशर गेम के बाद अब गजेंद्र यादव कैंप ने वही दांव खेला है। इस किस्म की राजनीति का नतीजा क्या होगा, यह भविष्य के गर्त में है।

सीएम हाउस के घेराव की ...

यादव समाज के लोगों को अध्यक्ष पद देने की मांग दोहराई। साय ने उचित कदम उठाने का आश्वासन देकर घेराव को टाल दिया, लेकिन अब अंदरखाने में कुछ और ही खबरें चल रही हैं।

मिजोरम के लोगों का ...

का कहना है कि कि यहां निर्माण सामग्री के लिए पूरी तरह से बाहरी क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता है और गिट्टी कंक्रीट जैसी सामग्री झारखंड असम पश्चिम बंगाल आदि क्षेत्रों से मांगनी पड़ती है। उनका यह भी कहना था यहां पर कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों की कमी रही है और श्रमिकों की कमी के कारण काम को पूरा करना ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा है। बाहर के श्रमिक ज्यादा देर तक टिक नहीं पा रहे थे। इसकी वजह दुर्गम क्षेत्र था जहां मोबाइल नेटवर्क जैसी आवश्यक सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी। रेल मार्ग कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्ग से 12 किलोमीटर से ज्यादा अंदर घने जंगलों से गुजर रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा ...

क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को राज्यसभा में नामित करने का अधिकार है। ये नियुक्तियां संसद के उच्च सदन में विविध दृष्टिकोण और विशेषज्ञता को शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। नामित सदस्यों की भूमिका विधायी चर्चाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने और राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श को समृद्ध करने की होती है। उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्ष वर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए जाने जाते हैं। विशेष रूप से, हर्ष वर्धन श्रृंगला की नियुक्ति को उनके कूटनीतिक अनुभव के आधार पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जबकि डॉ. मीनाक्षी जैन इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में अपने विद्वत्तापूर्ण योगदान के लिए जानी जाती हैं। वहीं निकम को अजमल कसाब के खिलाफ केस लड़ने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 26/11 मुंबई आतंकी वारदात के एकमात्र जिंदा पकड़े गए कसाब के लिए सजा ए मौत के लेकर जबरदस्त पैरवी की थी।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ....

अनडॉकिंग के कई घंटे बाद प्रशांत महासागर में कैलिफोर्निया तट के पास स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उतरने की उम्मीद है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी कि एक्सिओम-4 को लेकर मिशन प्रबंधकों ने हरी झंडी दे दी है। इस मिशन का नेतृत्व कमांडर पेगी व्हिटसन कर रही हैं, जबकि शुभांशु शुक्ला पायलट की भूमिका निभा रहे हैं। स्लावोस उजनान्स्की-विस्निव्स्की मिशन स्पेशलिस्ट हैं, जिनके साथ टिबोर कापू भी शामिल हैं। यह टीम अंतरिक्ष में 14 तक वैज्ञानिक अनुसंधान कर चुकी है। नासा के मुताबिक, एक्सिओम-4 टीम ने शुक्रवार को कई अहम प्रयोग किए। पहले जैव-चिकित्सकीय अनुसंधान के तहत रक्त के नमूने लिए गए। इसके बाद माइक्रोएल्गी का अध्ययन किया गया, जो अंतरिक्ष में भोजन और जीवन समर्थन प्रणाली का संभावित स्रोत है। साथ ही नैनोमटेरियल्स का अध्ययन किया गया। ये ऐसे वियरेबल डिवाइस के विकास में सहायक हैं, जो क्रू की सेहत पर लगातार नजर रख सकते हैं। नासा ने बताया कि शनिवार को टीम ने अपने विज्ञान प्रयोगों को अंतिम रूप दिया, जिसमें इलेक्ट्रिकल मसल स्टिमुलेशन, थर्मल कम्फर्ट सूट मटेरियल की जांच और क्रू बिहेवियरल स्टडी के लिए गतिविधियों की रिकॉर्डिंग शामिल रही। रविवार को अंतरिक्ष यात्री शोध सैंपलों से भरे वैज्ञानिक उपकरणों की पैकिंग शुरू करेंगे और पृथ्वी पर वापस लाने के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में अपने सामान को रखेंगे।

उप अभियंता भर्ती परीक्षा में ...

पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। भविष्य में भी किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

2 साल से फरार आरोपी...

2022 के बीच कोयले के हर टन पर 25 रुपये की अवैध लेवी वसूली गई। 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया गया था। खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक आईएएस समीर बिश्नोई ने आदेश जारी किया था। यह परमिट कोल परिवहन में कोल व्यापारियों को दिया जाता है। पूरे मामले का मास्टरमाइंड किंगपिन कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया। इसमें जो व्यापारी पैसे देता उसे ही खनिज विभाग से पीट और परिवहन पास जारी होता था, यह रकम 25 रुपये प्रति टन के हिसाब से सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा होती थी। इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

डीजल से लदी मालगाड़ी ...

की मरम्मत युद्धस्तर पर जारी है। दक्षिण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक, जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं के साथ निकट समन्वय में बचाव और बहाली कार्यों की निगरानी के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। ऐहतियात के तौर पर आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चेन्नई जाने वाले आस-पास के स्टेशनों और रास्ते में रुकी ट्रेनों में फंसे यात्रियों को मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एमटीसी) की बसों के माध्यम से वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था प्रदान की गयी।

लौह नगरी के दोनों युवा विधायक शिद्दत से कर रहे जनसेवा

देवेंद्र ने सुनी सैकड़ों नागरिकों की समस्या

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव ने आज सेक्टर-5 स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय में भिलाई नगर के विभिन्न वार्डों से आए सैकड़ों लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान टाउनशिप क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 सहित कई अन्य वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी देते हुए निराकरण की मांग की। कई नागरिकों ने लगातार बारिश के कारण कई लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि बारिश का पानी उनके घरों और गलियों में भर रहा है। इसके कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई वार्डों के लोगों ने नलों में गंदा और दूषित पानी आने की समस्या भी बताई, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने बिजली, नाली निर्माण, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। विधायक यादव ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलभराव की विकराल स्थिति के लिए बीएसपी प्रबंधन की लापरवाही जिम्मेदार है। बारिश के पूर्व नालों की समुचित सफाई नहीं की गई, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और लोगों के घरों में पानी भर रहा है। उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नालों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए। विधायक ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि भिलाई नगर के हर नागरिक की समस्या का समाधान किया जाएगा। वे हर समय जनता के साथ खड़े हैं। सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कराया जाएगा, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

रिकेश ने किया डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज सब्जी मंडी में डोम शेड, सिंधु भवन विस्तार और जवाहर नगर में देव धाम निर्माण के लिए लगभग 1.51 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर पार्षद स्मिता दोंडके, कांजी भाई, दिलीप पवानी, भीमसेन सेतपाल सहित व्यापारीगण और सिंधी पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

गोल मार्केट वैशाली नगर स्थित सब्जी मंडी चबूतरे को व्यवस्थित कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। तीन डोम शेड निर्माण कार्य के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मार्केट व्यापारियों की मौजूदगी में 10 लाख 59 हजार रुपये के कार्य के लिए भूमिपूजन किया।

सिंधु भवन विस्तार और डोम शेड के लिए लगभग 40 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। विधायक रिकेश सेन का श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवानी और समाज प्रमुखों ने स्वागत किया। विधायक रिकेश ने सिंधु भवन प्रांगण के विस्तार के लिए 25 लाख रुपये, मंदिर प्रांगण में डोम शेड के लिए 15 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद स्मिता दोंडके, भीमसेन सेतपाल, जय गेहानी, गोपी राजपालानी, अर्जुन सचदेव, मुन्ना लाल कुकरेजा, चंदूलाल आहूजा सहित सिंधी समाज के प्रमुखजन मौजूद रहे।

जवाहर नगर में देव धाम निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का विधायक सेन ने भूमिपूजन किया। श्रीश्रीश्री मंकिनम्मा मंदिर, रेणुका एलम्मा देवी मंदिर, नुकाम्बिका देवी, विराट पोतुलूरी वीर ब्रम्हेंद्र स्वामी मंदिर, मां सिन्धु पाटरानी मंदिर के लिए पहुंच मार्ग, डोम शेड, स्ट्रीट लाइट्स सहित सम्पूर्ण क्षेत्र को देव धाम के रूप में डेवलप किया जाएगा। इस अवसर पर तेलुगू, उत्कल, वैश्य, चित्रगुप्त, यदुवंशी, कसौंधन वैश्य समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

शीतला मंदिर में आज सत्संग

दुर्ग। ओम फाउंडेशन दुर्ग जिला शाखा द्वारा सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को दुर्लभ आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन सिविल लाइन कसारीडीह स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में किया जाएगा। सत्संग में शिव सत्संग से भाग्योदय के प्रणेता स्वामी ऋषिभानंद द्वारा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। सत्संग दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चलेगा। सत्संग आयोजन की तैयारी में सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, ओम फाउंडेशन सदस्य अर्जुन वर्मा, टोमन साहू, पंचूराम निषाद व अन्य जुटे हैं।

कुश्ती दंगल प्रतियोगिता शुरू

दुर्ग। महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। अध्यक्षता दुर्ग जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष शिव सागर सिन्हा, विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका वाघमार, विशेष अतिथि जगन्नाथ सिंह यादव, दुर्ग जिला कुश्ती संघ सचिव नागेन्द्र शर्मा अधिवक्ता दुर्ग जिला कुश्ती संघ कोषाध्यक्ष तोषानंद शुक्ला, अधिवक्ता दुर्ग जिला कुश्ती संघ रहे। इनके अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतियोगिता में पहलवान मेन्नु यादव (खेलो इंडिया गोल्ड मेडलिस्ट), राम गोपाल यादव, अभिषेक निषाद (खेलो इंडिया सिल्वर मेडलिस्ट), लक्ष्मण लाल साहू, भूपेंद्र यादव और अवधेश यादव जैसे प्रसिद्ध पहलवान भाग ले रहे हैं।

साइंस कालेज दुर्ग में पहुंची रूसा की टीम, लैब सहित विभागों और निर्मित कक्षों का किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। रूसा (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) की विशेषज्ञ टीम ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग का निरीक्षण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि सुबह 11 बजे टीम के महाविद्यालय के पहुंचने के बाद तत्काल रूसा की टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों और प्रयोगशालाओं व रूसा निर्मित कक्षों का अवलोकन किया।

दिल्ली और रायपुर से रूसा के निरीक्षण दल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी धनश्याम, अनन्या पटनायक, दृष्टि गुप्ता, रूसा कार्यालय, रायपुर से संयुक्त संचालक, डॉ. अंजली अवधिया और सहायक संचालक डॉ. वेणु गोपाल व अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय उपस्थित थे।

साईंस कालेज के प्राध्यापकों द्वारा निरीक्षण दल के समक्ष पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तैयार किया गया। निरीक्षण दल ने महाविद्यालय के भौतिक, रसायन, माइक्रो बायलॉजी और इतिहास विभाग का विजिट कर विद्यार्थियों के लिये रूसा मद से क्रय किये गये विभिन्न उपकरणों, विस्तार गतिविधियों और आयोजित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की विस्तार से जानकारी ली।

महाविद्यालय के रूसा प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय और डॉ. एस.डी. देशमुख ने बताया कि इतिहास विभाग में रूसा मद से आयोजित बस्तर लौह शिल्प कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह की विशेषज्ञ दल के सदस्यों ने सराहना की। विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु स्मृति चिन्ह को क्रय भी किया।

उन्होंने कहा कि रूसा मद में प्राप्त राशि का तत्काल पूर्ण रूप से उपयोग कर उसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का महाविद्यालय प्रयास करें, जिससे 2026 में रूसा के तृतीय चरण के आरंभ होने पर महाविद्यालय को उसकी आवश्यकता और नये पाठ्यक्रम हेतु और राशि प्रदान की जा सके। भ्रमण के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया।

बस्तर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के आईक्यूएसी कक्ष में विश्वविद्यालय को रूसा मद से प्राप्त राशि के उपयोग से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के दौरान दिल्ली से आए विषेषज्ञ रूसा अधिकारियों ने अनेक प्रश्न पूछकर जानकारी ली। बस्तर विश्वविद्यालय का प्रस्तुतिकरण देने वालों में डॉ. शरद नेमा, डॉ. समीर ठाकुर, डॉ. संजय डोंगरे, डी.पी. देवांगन, के.आर. ठाकुर शामिल थे। बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रस्तुतिकरण के दौरान ऑनलाइन जुड़े थे।

साइंस कालेज में निरीक्षण दल के भ्रमण के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. सुनीता मैथ्यू, डॉ. अनिल पाण्डेय, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

विधायक ललित ने प्रदेशवासियों को दी श्रावण मास की बधाई

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री कुंज रिसाली में आज पवित्र सावन मास के अवसर पर आयोजित शिवलिंग स्थापना के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना किया।'देवाधिदेव महादेव के परम प्रिय श्रावण मास की प्रदेशवासियों को बधाई दी। भगवान भोलेनाथ की कृपा से सभी श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की की कामना की। साल के सबसे पवित्र महीने और भगवान शिव के समर्पित सावन माह की 10 जुलाई से शुरूआत हो गई है। ये महीना भगवान शिव के भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस दौरान भगवान शिव के भक्त कड़ी तपस्या और जप-तप करते हैं। ताकि, उनकी मनोकामनाएं पूरी हो सकें।

विधायक ने प्रदेश के समस्त शिव भक्तों व श्रद्धालुओं को भगवान शिव को समर्पित पवित्र श्रावण मास और कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पार्षद रमा साहू, अनिल साहू, आसपुरण चौधरी, अजित चौधरी, अजित परिहार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धलुगण उपस्थित रहे।

जंजगिरी में श्रीराम कथा का समापन

भिलाई/नवप्रदेश। श्री राम कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन शिष्य परिवार श्री राधे निकुंज शिक्षण एवं जनकल्याण ट्रस्ट जंजगिरी में किया गया। समापन के अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कथा वाचक पूज्य गुरुदेव श्री नारायण महाराज के पावन सानिध्य में पूज्य गुरुदेव अशोक महाराज जी से आशीर्वाद लिया। पांच दिवसीय आयोजन में श्री राम कथा का पाठ किया गया, जिसमें भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुओं की महत्ता और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। समापन समारोह में सांसद विजय बघेल ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और कथा वाचक व अन्य गुरुओं से आशीर्वाद लिया। श्री राम कथा और गुरु पूर्णिमा महोत्सव जैसे आयोजनों से आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति भावना को बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बस स्टैण्ड में चोरी

दुर्ग। शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीती रात नया बस स्टैंड जीई रोड पर स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट को चोरों ने निशाना बना लिया। शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी, चांदी की मूर्तियां, सिक्के तथा मिठाई सहित लगभग 30 हजार के सामान पर हाथ साफ कर दिया। कृष्णा रेस्टोरेंट के संचालक वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि चोर रात्रि में शटर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और गल्ले में रखे करीब 6-7 सौ नकद, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, चांदी की मूर्ति व सामान चोरी हो गई।

बेटियों की शिक्षा में नहीं आएगी बाधा, जीई फाउंडेशन ने दिए उपहार

भिलाई/नवप्रदेश। शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने संजीवनी बालिका हॉस्टल में स्कूली छात्राओं को स्कूल बैग, जूते, नोटबुक और स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया। छात्राओं को शिक्षा की सुविधा देने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई इस पहल के दौरान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बेटियों की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बच्चियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि हर बार की तरह सभी बेटियां उल्लेखनीय अकादमिक परिणाम लाएंगी। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए इस प्रकार के प्रयास करता रहेगा। इस दौरान समाजसेविका कमला देवी टावरी ने जीवन में हर चुनौती का सामना करने तैयार रहने का आह्वान किया। समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग जिला समन्वयक सुरेंद्र पाण्डेय ने जीई फाउंडेशन की पहल को अनुकरणीय कदम बताते हुए कहा कि ऐसे छोटे-छोटे कदम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ जीवन मूल्यों को भी जरूर जानें। छात्राओं ने इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और नए उत्साह के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

शासकीय पॉलीटेक्निक में ऑनलाइन काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। तकनीकी शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर द्वारा पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश के लिये ऑनलाईन कांउसिलिंग का कार्यकम जारी किया गया है। इस हेतु अधिकारिक वेबसाईट पर शैक्षणिक अर्हता व प्रवेश सम्बन्धी नियमों का अवलोकन किया जा सकता है। प्रदेश के अन्य पॉलीटेक्निक संस्थाओं के साथ साथ उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी, नान-पीपीटी और लेटरल एंट्री के माध्यम से सत्र 2025-26 में मेरिट के आधार पर द्वितीय चरण के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, प्रवेश के बाद रिक्त सीटों पर संस्था स्तर पर प्रवेश के लिये पंजीयन के बाद प्रावीण्यता सूची 18 जुलाई को शाम 4 बजे जारी की जाएगी।

प्रवेश के लिये मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में 19 जुलाई को सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा। संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने का कार्य 19 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 22 जुलाई को 1 बजे तक होगा। संस्था में सीट रिक्त होने पर मेरिट सूची के अनुसार 19 जुलाई को समय पर अनुपस्थित रहे स्टूडेंट्स को प्रवेश देने की कार्यवाही की जाएगी।

उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में पीपीटी के माध्यम से प्रवेश के लिए सिविल-05 सीट, कम्प्यूटर सांईस 17 सीट, विद्युत इंजीनियरिंग - 9 सीट, इलेक्ट्रॉनिक्स 15 सीट, आई.टी. 4 सीट, यांत्रिकी 5 सीट, धातुकर्म 13 सीट (कुल 68 सीट) रिक्त है। लेटरल एंट्री के माध्यम से सिविल-02 सीट, कम्प्यूटर सांईस 02 सीट, इलेक्ट्रानिक्स 24 सीट, यांत्रिकी 01 सीट, धातुकर्म निरंक सीट कुल 29 सीट रिक्त है। मार्डन आफिस मैनेजमेंट में 10 सीट रिक्त है। संस्था में अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के केम्पस प्लेसमेंट हेतु प्रतिवर्ष लगभग 20 प्रतिष्ठित संस्थान उपस्थित होते हैं, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत छात्र/छात्राओं का चयन होता है। संस्था में छात्र/छात्राओं के लिए एन.सी.सी., एन.एस.एस., बालक छात्रावास, कन्या छात्रावास, छात्रवृत्ति, ग्रन्थालय, अनु. जनजाति व अनु. जाति के छात्रों के लिए बुक बैंक और स्टेशनरी की सुविधाएं उपलब्ध है। संस्था में एक अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। किसी अभ्यर्थी को पंजीयन कराने में असुविधा होने पर संस्था के कक्ष कमांक 107 में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

मधुमेह मरीजों को स्वस्थ रहने की सलाह

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के सीएसआर विभाग की पहल से जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की टीम भिलाई सहित जिले जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमा मरीजों का उपचार कर लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड पाटन के शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि शिविर में कुल 96 लोगों का पंजीकरण किया गया। उच्च रक्तचाप और डायबिटीज टाइप-2 और नवजात शिशुओं की विशेष स्क्रीनिंग की गई। 6 मरीज उच्च रक्तचाप और 10 मरीज टाइट 2 डाइबिटीज के मरीज मिले हैं। नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग में माताओं को बच्चों को स्तनपान के बाद बच्चों को डकार दिलाने की विधि बताई गई। डा ए एल बेंजामिन ने बताया कि बच्चों में चर्म रोग और बुखार सर्दी-जुकाम वायरल फीवर के मरीज मिले। दवा देकर साफ सफाई और के साथ ताजा भोजन करने और स्वाद अनुसार व्यंजन बनाकर बच्चों को देने की जानकारी दी गई। ताकि, बच्चों को बाजार में बिकने वाली चीजों से बचाया जा सके।

समारोह.... लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

अध्यक्ष रुंगटा ने क्लब के वरिष्ठ सदस्यों को बेहतर कार्य करने का दिलाया भरोसा

दुर्ग/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने प्रहलाद रुंगटा के अलावा प्रथम उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष सुधीर खंडेलवाल, सचिव नवीन जैन, कोषाध्यक्ष हरिंदर भाटिया, टेमर मनीष रुंगटा, टेल ट्विस्टर सुनील अग्रवाल, मेंबरशिप चेयरपर्सन दीपक तुमाने, पीआरओ आशीष निमजे, क्लब डायरेक्टर अरविंद खंडेलवाल, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कल्पना भाटिया, रेखा रुंगटा, आराधना खंडेलवाल, मीणा खंडेलवाल, मनीष रुंगटा, शारदा बोथरा, राजश्री तुमाने, ललिता निमजे, पूजा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

नई कार्यकारिणी को शपथ अधिकारी द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक द्वारा शपथ दिलाई गई। शिवनाथ नदी रोड पुलगांव स्थित एक निजी होटल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि प्रथम वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी ने प्रहलाद रुंगटा के नेतृत्व वाली नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए क्लब द्वारा साल भर किए गए सेवाभावी कार्यों की सराहना की। उन्होने नई कार्यकारिणी से संगठन और समाज हित में आगामी समय में भी बेहतर कार्य करने की आशा व्यक्त की।

शपथ अधिकारी द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक ने सभा में नई कार्यकारिणी को पद दायित्वों और कार्य के बोध से अवगत कराते हुए कहा कि लायंस क्लब एक ब्रांड है। यह संगठन सेवाभावी कार्य करने का मंच प्रदान करता है। क्लब के सदस्यों को समाज में एक विशेष पहचान दिलाती है।

विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ राजकुमार शर्मा व जोन चेयरपर्सन सुमन पांडेय ने भी लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन के कार्यों की प्रशंसा की। शपथ ग्रहण समारोह में संगठन के नए सदस्य उत्कर्ष शर्मा का स्वागत किया गया। इसके अलावा पिछले कार्यकाल में क्लब के कार्यों में सहयोगी बने खंडेलवाल महिला मंडल और समाजसेवी पप्पू रुंगटा का सम्मान किया गया। यह सम्मान रीजन चेयरपर्सन अनिल अग्रवाल भिलाई द्वारा डोंगरगढ़ पदयात्रियों के सेवार्थ लगाए गए सेवा पंडाल और रक्तदान शिविर के आयोजन में सराहनीय योगदान देने के लिए प्रदान किया गया।

समारोह का संचालन अरुण अग्रवाल और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी अरविंद खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर लायंस क्लब दुर्ग रीजन अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, हरमीत सिंह भाटिया, अमर गुप्ता, राजेश जैन,आदित्य शर्मा,टीडी सक्सेना के अलावा अन्य लायंस सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202506100800063
/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-घोठा, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका धनैया बाई पति कृपाराम टण्डन साकिन घोठा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम घोठा प.ह.नं. 09 स्थित भूमि खसरा नंबर 920/1 रकबा 0.33 हे. को वसीयतकर्ता राधाबाई पति परघनिया का दिनांक 19.09.2021 को फौत हो गया है, जिसके द्वारा वसीयतनामा दिनांक 27.05.2016 के अनुसार वसीयतप्राप्त कर्ता धनैया बाई पति कृपाराम नाम से नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था/समिति को कोई दावा आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 23.07.2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800192

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी छन्दा सिन्हा पिता/पति डी.के सिन्हा पता क्वा. नं. 18 ए/ई पाकेट के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 358/13(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सैकत सिन्हा पिता/पति स्व. दिपांकर सिन्हा पता प्रगति नगर रिसाली, दिगंता सिन्हा पिता/पति स्व. दिपांकर सिन्हा पता प्रगति नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

सरकार की नीति : विद्यालय और पालक समुदाय के बीच संबंध मजबूत हो

नगरी/ नवप्रदेश। एन. ई.पी. 2020 के परिपालन में छत्तीसगढ़ सरकार की नीति यही है कि विद्यालय और पालक समुदाय के बीच का संबंध बहुत मजबूत हो। बिना समुदाय के सहयोग से विद्यालय प्रभावी कार्य नहीं कर सकता। इसी बात को आधार बनाकर सेजेस सिंगपुर के एस एम डी सी ,पालक एवम शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय को एन ई पी के अनुरूप उत्कृष्ट विद्यालय बनाने का सामूहिक निर्णय लेते हुए चौदह सूत्रीय घोषणा पत्र का निर्माण आम सहमति से किया गया। ग्रीष्मावकाश में इस घोषणा पत्र पर घण्टों तक बृहद चर्चा हुई। क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों की समीक्षा की गई और उसका समाधान भी निकाला गया। पालकों की तरफसे घोषणा पत्र में उन्हीं बातों को शामिल किया गया जो बच्चों के सीखने सिखाने को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। इस घोषणा पत्र पर पालक एवम एस एम डी सी ने मुहर लगाया ततपश्चात इसे अमल में लाया गया। सेजेस सिंगपुर में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पालकों की उपस्थिति में ही प्रवेश दिया गया। घोषणा पत्र में पालक एवम छात्र के संयुक्त हस्ताक्षर लिए गये उसके बाद ही विद्यालय में प्रवेश दिया गया। घोषणा पत्र में जिन बातों को शामिल किया गया उनमें मुख्यतः शैक्षिक सामग्री की समय पर व्यवस्था, गणवेश, नियमित उपस्थिति पूरे समय तक विद्यालय में उपस्थिति , विद्यालय में मोबाइल एवम वाहन निषेध,प्रत्येक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी,टिफिन एवम पेयजल की व्यवस्था,नशा पान एवम आपराधिक गतिविधियों में असंलग्नता, प्रत्येक टेस्ट में उपस्थिति, गृह कार्य कराने की जिम्मेदारी,विद्यालयों से सतत सम्पर्क,पाल्य के जन्म दिन पर स्कूल को किताब भेंट करना,न्योता भोज का समर्थन एवम सहयोग के साथ प्रत्येक टेस्ट के बाद बच्चे की उपलब्धि जानने हेतु विद्यालय में उपस्थिति जैसी बातें शामिल हैं। उन्नीस जून को जब स्कूल तिहार मनाया गया तब जन प्रतिनिधि एवम हजारों पालकों की उपस्थिति में इस घोषणा पत्र का पुनः वाचन किया गया । अब इस घोषणा पत्र का अक्षरशः पालन विद्यालय में हो रहा है। इस विद्यालय में माह जून में आयोजित टेस्ट परीक्षा के बाद पालकों की पहली बैठक सम्पन्न हो चुकी है ।

पालकों की जागरूकता का असर बच्चों पर पड़ा

इस बैठक में शत प्रतिशत पालक उपस्थित हुए। बैठक में न केवल बच्चों की प्रगति की जानकारी पालकों को दी गई अपितु बच्चों को बेहतर पढ़ाने एवम सिखाने की योजना के बारे में जानकारी शिक्षकों को दी गई। विद्यालय के प्रयास एवम योजना से पालकों में उत्साह का संचार हुआ है। पालकों की जागरूकता का असर बच्चों पर पड़ा है। इस विद्यालय में अनुपस्थिति शून्य है। शतप्रतिशत बच्चे गृह कार्य करते हैं। पूरे समय तक विद्यालय में रहते हैं। एक भी बच्चे विद्यालय परिसर से नहीं निकलते। शतप्रतिशत बच्चे शिक्षकों की उपस्थिति में टिफिन लेते हैं। विद्यालय की योजना की खास बात यह है कि वर्ष में किस किस तिथि को कौन सी परीक्षा होगी, कौन से माह के किस दिनांक को पालकों को विद्यालय आना है प्रत्येक पालक को इसकी जानकारी है। प्रत्येक पालक को वार्षिक कार्य योजना की कलरफुल प्रति दी गई है। इसी क्रम में इधर शिक्षकों ने भी वर्ष में तीन बार बच्चों के घर घर जाकर पालक से सम्पर्क कर उनसे बच्चों की पढ़ाई सीखने सिखाने के स्तर पर बातचीत की रणनीति बनाकर इसकी शुरुआत कर दी है। पालक दिन में नहीं मिलेंगे तो रात्रि में भी पालकों से संपर्क बनाने की योजना विद्यालय द्वारा बना ली गई है।इस तरह से सेजेस सिंगपुर में विद्यालय एवम समुदाय का रिश्ता मजबूत हुआ है। आने वाले दिनों में इसके चौकाने वाले परिणाम जरूर आएंगे।

न्यूज गैलरी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मनाई गई व्यास जयंती

बालोद/नवप्रदेश। डौण्डी लोहारा विकासखण्ड के वनांचल ग्राम मड़ियाकट्ठ स्कूल में बच्चों ने गुरु पूर्णिमा पर्व को मनाया। कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना से हुआ। बच्चों द्वारा शिक्षकों का आरती तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त कर किया। इस अवसर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर ने गुरु पूर्णिमा पर्व का महत्व, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आषाढ़ मास के पूर्णिमा दिन को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और व्यास जयंती के नाम से जाना जाता है।राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कहा, गुरु बिना ज्ञान नहीं, जीवन में मान नहीं,यह एक सार्थक वाक्य है। यह वाक्य गुरु के महत्व को दर्शाता है जो ज्ञान और सम्मान दोनों प्रदान करते है। इसके अतिरिक्त गुरु वह दीपक है,जो हमारे अज्ञान के अंधकार को दूर करता है। यह एक उपयुक्त वाक्य है जो गुरु द्वारा प्रदान किया जाता है।

जिला पदाधिकारियों एवं विकासखंड का किया मनोनयन

बालोद/नवप्रदेश। राज्य कर्मचारी संघ ,छत्तीसगढ़ की आवश्यक बैठक संस्कार शाला बालोद में हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे, जिला सचिव गजेंद्र पुरी गोस्वामी एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू के द्वारा प्रांतीय महामंत्री अश्वनी चेलक के मार्गदर्शन में जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष पद पर लोमन राणा, गेंद लाल साहू, ओम प्रकाश देवांगन, चंद्र प्रकाश साहू ,एवं तुलसी डोंगरे का मनोनयन किया गया। जिला संगठन मंत्री विकास शर्मा को बनाया गया। जिला प्रवक्ता जयकांत पटेल एवं सुश्री मनोरमा कुंभज को बनाया गया। जिला मीडिया प्रभारी अमित श्रीवास्तव एवं श्रीमती रीमा सोरी, सहसचिव भेद कोसले, संगठन सलाहकार के रूप में चेतन यादव, अजय शर्मा, दिनेश मालेकर, घनाराम देशमुख ,चंद्र कुमार देशमुख,बने। जिला कार्यकारिणी में मनीष यादव ,राजेश साहू, नरेंद्र जांगड़े, सुरेश देशमुख,एवं पंकज सोनी को दायित्व दिया गया। इसी प्रकार पांचो विकासखंड में दायित्व दिया गया, जिसमें बालोद से ब्लॉक अध्यक्ष चमन कलिहारी, ब्लॉक सचिव नेम सिंह साहू, सहसचिव विष्णु राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष मुरारी सोनवानी बने। गुरुर विकासखंड से अध्यक्ष नरेंद्र साहू, सचिव स्वदेश तिवारी, सहसचिव योगेश ठाकुर को बनाया गया। डौंडी विकासखंड से अध्यक्ष हेमलाल सहारे एवं सचिव आर एस नेताम बने। गुंडरदेही विकासखंड से अध्यक्ष घनश्याम साहू, सचिव प्रवीण सहारे बने।

हाईकोर्ट पोर्टल जवाब/दावा प्रक्रिया पर कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस कार्यालय बालोद में एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में एएसपी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के तत्वाधान में ई-समन प्रणाली तथा हाईकोर्ट के जवाब/दावा पोर्टल के उपयोग एवं संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएसपी राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनिफ्रस एक्का तथा रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से संबंधित समन वारंट आरक्षक,कोर्ट मोहर्रिर,कोर्ट आरक्षक, सीसीएमएस (को केस मॉनिटरिंग सिस्टम) से जुड़े कार्मिक आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

विधायक इन्द्र साव ने सोसायटियों में खाद की व्यवस्था का लिया जायजा

खाद न मिलने की शिकायत पर सोसायटी पहुंचे विधायक

भाटापारा/ नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज ना मिलने की शिकायत पर विधायक इंद्र साव ने सिमगा ब्लाक के ग्राम पौसरी एवं कामता सोसाइटी पहुंचकर खाद एवं बीज की स्थिति की जानकारी ली तथा समय अनुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था करने का निर्देश व्यवस्थापक को दिया।

विधायक इंद्र साव के सोसायटी पहुंचने पर पौसरी के किसानों ने समय पर बीज नहीं मिलने की शिकायत करते हुए कहा कि बोनी के समय किसानों को बीज नहीं मिला वही स्थिति खाद की बनी हुई है। किसानों को डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद वितरित किया जा रहा है जो की डीएपी से 400 रूपए महंगा है जिसे किसान मजबूरी वस खरीद रहा है। समिति के व्यवस्थापक ने यूरिया, पोटाश, राखड़ एवं एनपीके खाद उपलब्धता की जानकारी दी इस दौरान समिति अध्यक्ष परस पटेल ने विधायक इन्द्र साव का स्वागत करते हुए समिति में कीचड़ एवं बाउंड्री वाल की समस्या से अवगत कराया तो वहीं पौसरी के ग्राम वासियों ने लो वोल्टेज की समस्या रखी। बिनैका के किसानों ने नहर के ऊपर पुल की मांग की ,औराठी के किसानों ने सड़क मरम्मत करने की बात से विधायक को अवगत कराया । कामता समिति में किसानों ने डीएपी एवं एनपीके दोनों खाद नहीं होने की बात की व्यवस्थापक ने यूरिया,राखड़ पोटाश उपलब्ध होने की जानकारी दी।नवागांव के किसानों ने खाद एवं बीज दोनों नहीं मिलने की शिकायत विधायक से की वही कामता के किसानों ने स्वास्थ्य केंद्र में नर्स एवं स्कूल में शिक्षकों की कमी से भी विधायक को अवगत कराया इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दुगनी करने की बात करते हैं वहीं छत्तीसगढ़ के डबल इंजन की सरकार किसानों को बीज एवं खाद उपलब्ध नहीं कर पा रही खरीफ सीजन में किसान धान की फसल के लिए खेती में जुट गए है लेकिन जिले की सहकारी समितियों में खाद बीज उपलब्ध नहीं है इसके चलते उन्हें बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं अधिकारियों ने डीएपी की कमी स्वीकारते हुए एनपीके खाद देने की बात कही लेकिन एनपीके खाद की उपलब्धता नहीं होना भी गहन चिंता का विषय है।विधायक श्री साव ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि कार्य शुरू होने के पहले ही खाद बीज का भंडारण कर लेने का दावा कर रही है मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही है किसानों को डीएपी की जगह एनपीके का उपयोग करना पड़ रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से जुड़ रहे रायपुर ग्रामीण के युवा

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नया विकल्प के रूप में उभरी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जो की राजनीति में एक क्षेत्रीय पार्टी है। छत्तीसगढ़ में बढ़ रही समस्या का वर्तमान में सिर्फएक हि समाधान जेसीपी: समाधान चाहे वह ग्राम नकटी का हो, ग्राम छपोरा में हर्ष यादव की मौत का मामला हो, ग्राम सिरीं में मजदूर की कमर टूटने का मामला, पीड़ित को न्याय दिलाने का मामला हो, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर छत्तीसगढ़ में युवाओं को राजनीतिक का नया विकल्प बनकर उभर रही है जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी।

वहीं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस हो या वर्तमान बीजेपी की सरकार दोनों मिलकर छत्तीसगढ़ की जनता का हक और अधिकार मारने का काम कर रही है, चाहे वह दारू की करने का मामला हो या हसदेव की कटाई का मामला हो।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला अध्यक्ष योगेश साहू का कहना है कि सरकार मस्त है 67 मधुशाला को खोलकर और बंद कर रही है छत्तीसगढ़ की पाठशाला। महतारी वंदना के नाम से जो 1000 छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दिया जा रहा है वह वास्तविक में महतारी मुंह बंद योजना है ताकि छत्तीसगढ़ की महिलाएं शराब को लेकर कुछ ना बोल सके और अपनी समस्याओं को सरकार के सामने ना रख सके।

कर्मचारी फेडरेशन 16 को पेंशनरों की मांग पूरा करने सौंपेंगे ज्ञापन

नगरी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी की बैठक 10 जुलाई को संपन्न हुआ है जिसमें प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करवाने कलम रख मशाल उठा आंदोलन के तहत 16 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर वादा निभाओ रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश में रहकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 16 जुलाई के ब्लॉक स्तर पर वादा निभाओ रैली एवं ज्ञापन के लिए सभी कर्मचारीअधिकारी दोपहर भोजन अवकाश में 2 बजे रावणभाठा मैदान नगरी मे एकत्रित होंगे तत्पश्चात रैली निकाल कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपेंगे। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया है कि ग्यारह सूत्रीय प्रमुख मांगे कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए।जुलाई2019से समय समय पर देय लंबित महंगाई भत्ता के एरियर्स राशि का समायोजन जी पीएफ खाते में किया जाए।वेतन विसंगति दूर करने गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने ,चार स्तरीय पदोन्नत समयमान प्रदान करने ,कैशलेश चिकित्सा सुविधा लागू करने,कार्यभारित,संविदा, दैनिक वेतनभोगी,एवं पंचायत सचिव का शासकीय कारण करने , एन पी एस खाते में कटौती तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करने ,300दिन अर्जित अवकाश नगरीकरण,अनुकम्पा नियुक्ति में 10सलिंग समाप्त करने शामिल है।उक्त बैठक में फेडरेशन उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू ,जोहन नेताम, अशोक साहू ,महासचिव-गिरीश जायसवाल ,कोषाध्यक्ष - महेंद्र बोर्झा ,सहसचिव- संजय रेड्डी ,सुरेंद्र लोन्हारे,कुलेश कुंजाम,एस के कश्यप,टिकेश कश्यप,योगेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

मोदी की गारंटी में शामिल मांगें अब तक अधूरी, संघर्ष का ऐलान

नगरी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा अपनी वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर सिहावा विधानसभा विधायक अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने बताया कि ये मांगे भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत भी सम्मिलित थीं और इन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। मगर आज तक मांगें अधूरी पड़ी हैं, जिससे प्रदेश के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मी और उनके परिजन गहरी निराशा और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।

प्रमुख मांगों में संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, समान कार्य के लिए समान वेतन हेतु ग्रेड पे निर्धारण, पारदर्शी कार्य मूल्यांकन व्यवस्था, नियमित भर्तियों में 50% सीटों पर आरक्षण, सेवा काल में अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा एवं अन्य अवकाश की सुविधा, पारदर्शी स्थानांतरण नीति और न्यूनतम 10 लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा शामिल हैं।

एनएचएम कर्मचारी संघ ने बताया कि प्रदेश में पिछले 20 वर्षों से निरंतर सेवाएँ देने के बावजूद उन्हें स्थायीत्व, सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाया है। भाजपा सरकार द्वारा चुनाव पूर्व घोषणा पत्र में «मोदी की गारंटी» में यह स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगें प्राथमिकता से पूरी की जाएंगी। लेकिन सरकार के इस वादे को अमल में नहीं लाया गया,

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिश्रा के साथ नगरी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अखिल चंद्राकर, डॉ. सपना ख्वान, मितलेश साहू, डॉ. तमनु नेताम, समिल राम नेताम, लोकेश साहू, रम साहू, सुमेश कुंभकार, दीपक गुप्ता, आभाष साहू, दीपक साहू, रोहित साहू, हेमंत नेताम, भेमन दीवान, खुशबू लाखन साहू, डॉ. दीपिका साहू, सपना साहू, रामकृष्ण ध्रुव और उमेश साहू समेत अनेक कर्मचारी शामिल थे। संघ ने आशा व्यक्त की है कि सरकार अब वादों को अमल में लाकर जल्द ही कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालेगी।

शिवरतन शर्मा-अश्वनी शर्मा ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भाटापारा/ नवप्रदेश। श्री रामनारायण शिक्षण समिति द्वारा संचालित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट भाटापारा द्वारा नारायणी विहार परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सम्मिलित होकर पौधरोपण.किया।

शिवरतन शर्मा ने पौधरोपण के बाद उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक और माँ के प्रति हमारी श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी है । माँ और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं, पोषण करती हैं, और बिना किसी स्वार्थ के अपनापन देती हैं ।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना माँ के प्रेम को प्रकृति के साथ जोड़ता है। यह एक जीवंत श्रद्धांजलि है, जो न केवल माँ के प्रति हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक उपहार है।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ के लिए एक पेड़, धरती के लिए एक कदम' ,, यह अभियान प्रकृति और मातृत्व के बीच समानता को रेखांकित करता है , क्योंकि दोनों ही जीवन का पोषण करते हैं ।

सावन मास | बोल बम सेवा समिति कुरूद में मनाया रजत जयंती वर्ष.

25 वर्षों की भक्ति यात्रा बनी श्रद्धा की मिसाल

- विधायक चंद्राकर ने किया भगवा गमछा पहनाकर कांवरियों का अभिनंदन

कुरूद/ नवप्रदेश। भक्ति, सेवा और समर्पण की पावन परंपरा को 25 वर्षों से निभा रही बोल बम सेवा समिति कुरूद इस वर्ष अपनी रजत जयंती मना रही है। सावन मास में बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर (झारखंड) की पवित्र कांवड़ यात्रा को लेकर समिति के 250 सदस्य इस वर्ष विशेष उत्साह और आस्था के साथ बाबा बैद्यनाथ की नगरी के लिए रवाना हुए हैं। समिति के 100 सदस्य पूर्ण सुविधायुक्त दो बसों के माध्यम से और 150 सदस्य ट्रेन से दिनांक 12 और 13 जुलाई को बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर कूच कर चुके हैं। यह जत्था न सिर्फ एक तीर्थ यात्रा है, बल्कि श्रद्धा, एकता और सेवा भावना का संगम भी है।

कांवरियों को आज कुरूद के प्राचीन चंडी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ विदा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर ने कांवरियों का स्वागत कर उनका अभिनंदन किया और बाबा भोलेनाथ से उनकी यात्रा की सफलता हेतु प्रार्थना की। हमारे क्षेत्र के यशस्वी विधायक ने रायपुर में कांवरियों का भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की कि यह रजत जयंती वर्ष सभी कांवरियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

बाबाधाम से वापसी के पश्चात समिति सावन महोत्सव 2025 को विशेष भव्यता के साथ मनाने जा रही है। रजत जयंती वर्ष में संस्था द्वारा अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और सेवा मूलक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, समिति में दीर्घकालिक योगदान देने वाले सैकड़ों सदस्यों और पदाधिकारियों का गरिमामय सम्मान भी किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

नगर के तालाबों और कुंओं को सुरक्षित रखने चल रहा कार्य

भाटापारा/नवप्रदेश। बूँद-बूँद बचाएँगे, जीवन को सुरक्षित बनाएँगे इसी उद्देश्य के साथ नगर क्षेत्र में भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) के अंतर्गत पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में कुँए एवं तालाब के सुधार कार्य की शुरुआत की गई। यह कार्य न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए स्वच्छ और सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम भी है।जल संरक्षण को लेकर प्रदेशभर में चलाए जा रहे इस जन-जागरण अभियान का उद्देश्य भू-जल स्तर में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आगामी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल भविष्य का निर्माण करना है। पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन से न केवल वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय जल संकट की समस्याओं का समाधान भी साकार रूप लेगा।पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा किसी भी सार्वजनिक कार्य में जनता का सहयोग जरूरी होता है इस अभियान में भी नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि जल ही जीवन÷ का मंत्र वास्तव में जन-जीवन का आधार बन सके।

शिक्षा से मिटता अंधकार, कोई बच्चा छूटे न इस बार

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती के शिक्षक कन्हैया साहू ने 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निकटवर्ती सरकारी विद्यालय में भर्ती कराने तथाआसपास के अन्य परिवारों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील करते हुए कहा है कि हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि ÷गाँव-शहर का कोई भी बच्चा अब अनपढ़ न रहे।÷यह केवल एक दाखिला नहीं है – यह आपके बच्चे के जीवन की सबसे बड़ी शुरुआत है। शिक्षा ही असली धन है – न चोर चुरा सकता है, न आग जला सकती है, न पानी बहा सकता है। शिक्षक का यह निवेदन जो केवल उनके विद्यालय या बच्चों से जुड़ा नहीं है, बल्कि पूरे गाँव, समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा है।शिक्षक साहु ने शिक्षा को हर द्वार तक पहुँचाने तथाअपने बच्चों को उज्ज्वल कल की राह दिखाने की अपील की है।श्री साहु का मानना है कि अगर कोई बच्चा शिक्षा से वंचित रह जाता है, तो वह जीवन की अनेक कठिनाइयों में उलझ जाता है। लेकिन वही बच्चा अगर पढ़-लिख जाए, तो न केवल अपना भविष्य संवार सकता है, बल्कि पूरे समाज को भी एक नई दिशा दे सकता है।

खम्हारिया स्कूल में हुआ पौधारोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शाला प्रबंध समिति के साथ मिशन लाइफइको क्लब के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हारिया में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं समस्त स्कूली शिक्षक समूह और विद्यार्थियों ने इको क्लब कमेटी के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारी के साथ इसका आयोजन किया । इस दौरान स्कूल परिसर में स्वच्छता बनाने हेतु विचार विमर्श करने के पश्चात आवश्यकता अनुसार और उनके रखरखाव पर चर्चा की गई । बच्चों को प्लास्टिक के कम से कम उपयोग के बारे में सिखाया गया । नए सत्र के इको क्लब प्रभारी पियूष बंजारे एवं उनके साथियों ने बाल संसद के सदस्यों के साथ परिसर में पौधे रोपे ।

लक्ष्मण वर्मा का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकलतरा निवासी लक्ष्मण वर्मा (52)वर्ष का शनिवार को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।उनके निधन पर मोहित, मुन्ना ,चैतराम, चंदू ,राधे चोवराम विजय गोलू भगवानदिन रुद्रा द्विव्यांशु सहित बड़ी संख्या में लोग शोक व्यक्त कर अंतिम बिदाई में शामिल हुए।

नगर पंचायत कुंरा में आधार सेंटर खोलने की मांग तेज, लोगों को हो रही भारी परेशान

■ **धरसींवा क्षेत्र में आधार सेंटर का अभाव - लोग त्रुटि सुधार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर, अधिकारी बने मूक-बधिर**

कुंरा (धरसींवा)/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुंरा के रहवासियों ने स्थानीय प्रशासन से नगर पंचायत क्षेत्र में आधार नामांकन और अपडेशन सेंटर खोलने की पुरजोर मांग की है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर आदि में सुधार के लिए उन्हें दूर के कस्बों और शहरों का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और नगरवासियों ने कहा कि कुंरा तेजी से आबादी और सुविधाओं के मामले में बढ़ रहा है, लेकिन आधार सेंटर जैसी जरूरी सेवा यहां उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और मजदूर वर्ग के लोग भारी दिक्कतें झेल रहे हैं।

स्थानीय नागरिक श्री वर्मा ने कहा, ÷कुंरा नगर पंचायत बन गई है, लेकिन आधार सेंटर की सुविधा आज तक नहीं दी गई। यहां का व्यक्ति अगर नाम या जन्मतिथि में सुधार कराना चाहे तो उसे धरसींवा या रायपुर जाना पड़ता है। कई लोग महंगी बस-ऑटो की सवारी भी नहीं कर सकते।

दूर के सेंटरों में भीड़ और परेशानी : रहवासियों ने बताया कि आसपास के आधार सेंटरों में इतनी भीड़ रहती है कि एक दिन में 30‌40 अपॉइंटमेंट से ज्यादा नहीं होते। लोग सुबह 4‌5 बजे से लाइन लगाते हैं। कई बार ऑपरेटर अनुपस्थित होते हैं, या मशीनें खराब हो जाती हैं।

नगर पंचायत में जगह और भवन है, फिर भी सेंटर नहीं

कुंरा नगर पंचायत क्षेत्र में खुद का पंचायत भवन और कई सरकारी परिसर मौजूद हैं, जहां आधार नामांकन और अपडेशन सेंटर खोला जा सकता है। बावजूद इसके अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। नगर के लोगो ने बताया, हमने कई बार आवेदन दिया कि नगर पंचायत भवन में ही आधार सेंटर की अनुमति दी जाए। यहां इंटरनेट और बिजली की सुविधा भी है। लेकिन अधिकारी सुन ही नहीं रहे। लगता है उनकी रुचि समस्या हल करने में नहीं है।

बच्चों के एडमिशन से पेंशन तक सब रुका

नगरवासियों ने बताया कि आधार में गलत जन्मतिथि या पता होने से स्कूलों में बच्चों का दाखिला अटक रहा है। वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, राशन कार्ड, बैंक खाते तक आधार लिंक न होने या गलत जानकारी के कारण फंस रहे हैं।

ग्रामीणों की मांग

- नगर पंचायत कुंरा में स्थायी आधार सेंटर खोला जाए
- पंचायत भवन या ष्टस्ष्ट सेंटर में मशीनें और ऑपरेटर की व्यवस्था हो
- समय-समय पर विशेष शिविर लगाकर त्रुटि सुधार किया जाए

पेंशनर संघ भी होंगे छग कर्मचारी फेडरेशन के आंदोलन में शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन द्वारा 16 जुलाई को ब्लॉक व जिला स्तर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी प्रकार 22 अगस्त को एक दिवसीय आंदोलन आयोजित है।

पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद भी आंदोलन में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी -अधिकारी पेंशनर फोरम द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को पूर्व में पत्र प्रेषित किया गया है,जिसमें पेंशनरों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा की सुविधा व 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पांच प्रतिशत पेंशन वृद्धि 70 वर्ष की आयु में पूर्ण करने पर 10 प्रतिशत एवं 75 की आयु पूर्ण करने पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत करने की मांग की गई है।

टोल पर अवैध वसूली और लापरवाही को लेकर एनएसयूआई का घेराव

धरसींवा/नवप्रदेश। आज एनएसयूआई के नेतृत्व में तरपोगी टोल प्लाजा का घेराव किया गया। यह विरोध प्रदर्शन 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय छात्रों, किसानों और वाहन चालकों की समस्याओं को उठाया गया। इस मौके पर भावेश बघेल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमिटी , (ओबीसी विभाग) , ने मीडिया से बात करते हुए कहा, जबसे भाजपा की सरकार आई है, तबसे टोल प्लाजा में अवैध वसूली और स्थानीय लोगों के साथ अपमानजनक व्यवहार आम हो गया है। पहले भी इस मुद्दे पर उनके द्वारा शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भावेश बघेल ने आगे बताया कि कुछ समय पहले आए आंधी-तूफान में टोल प्लाजा का शेड उड़ गया था, जिससे कई वाहन इसकी चपेट में आ गए थे। यह एक गंभीर घटना थी, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी टोल प्लाजा की मरम्मत नहीं करवाई गई है। बावजूद इसके, टोल वसूली जारी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टोल प्लाजा पर रात में महिला कर्मचारियों को नाइट शिफ्ट में बुलाया जाता है, जो सुरक्षा के लिहाज से चिंता का विषय है।

इस समय प्रदेश का माहौल पहले से ही असुरक्षित है और यह स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं कहा जा सकता, भावेश बघेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा,

भाजपा खुद को किसान हितैषी बताती है, लेकिन यहां किसानों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। छोटे मालवाहक वाहनों और छात्रों से भी अवैध टोल वसूली की जा रही है।÷

आज के प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए।भावेश बघेल द्वारा अंत में, टोल अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि

यदि छात्रों, किसानों और स्थानीय वाहनों से अवैध वसूली बंद नहीं हुई, तो 10 दिन के भीतर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। घेराव मे मुख्यरूप से ब्लॉक कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,एन एस. यू. आई. जिला ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी,एन एस यू. आई. प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा सरपंच धरसींवा साहिल खान सरपंच, सगनी रजत कश्यप, पूर्व पार्षद आकाश दीप शर्मा, एन. एस. यू. आई जिला उपाध्यक्ष संयम सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, रवि लहरी,राजा देवांगन, श्रयांश परगनिहा, सेशनारायण साहू, ईश्वर निषाद,दिव्यानाथ वर्मा,अभिजीत सिंह साहू, प्रमोद पाल, कुंदन वर्मा, एवं बड़ी संख्या मे छात्र और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उदीम लेखक टीम ने की कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाक़ात

सिमगा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के अलग अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम - सीखने सिखाने का एक प्रयास बलौदाबाजार उदीम लेखक मण्डल ने जिले के कलेक्टर दीपक सोनी, डीईओ हिमांशु भारतीय, जिला परियोजना अधिकारी जहीर अब्बास, अरुण वर्मा, सहायक संचालक के. के. गुप्ता, बलौदा बाजार विखं शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन ,बी. आर. पटेल, से भेंट कर पुस्तक प्रदान किये। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पहली बार हमारे जिले मे गतिविधि आधारित पुस्तक हम सबके बीच है यह हमारे लिए गौरव की बात है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों के लिए विशेष लाभदायक होगा। कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा , संपादक भारती वर्मा ,योगेश्वर कुमार साहू, महादेव जायसवाल, , आराधना वर्मा, कविता सरसीहा, सीमा जायसवाल, संध्या पैकरा, नीलम वर्मा, योगेश्वरी साहू, , बलौदाबाजार जिले के सभी नवाचारी उदीम लेखक मण्डल के सदस्य उपस्थित थे। नवाचारी गतिविधियों पर आधारित पुस्तक उदीम में बालवाडी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक ,अक्षर व मात्रा ज्ञान , भाषायी कौशल, गणितीय कौशल , विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने , अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला , बांस कला , मिट्टी कला , प्रिंट रिच वातावरण, खेल खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृध्द करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है।

सीएमएचओ ने किया मलेरिया मुक्त छग अभियान सर्वे का निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी एस उईके के निर्देशानुसार और नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एस नवरत्न के मार्गदर्शन में दिनांक 10 जुलाई से मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड के मलेरिया प्रभावित और संभावित 105 ग्रामों में घर घर भ्रमण कर सर्वे करते हुए मलेरिया बीमारी की जांच और उपचार कार्य शुरू हो चुका है। साथ ही विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा सर्वे कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एस नवरत्न के साथ स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के दल द्वारा मैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , देहारगुड़ा, जीडार सहित दूरस्थ पहाड़ी और दुर्गम स्थल कुल्हाड़ीघाट पहुंचकर मलेरिया सर्वे कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त ग्रामों में संबंधित ऱ्रा्रह्ल, ष्टा्रह्ल और मितानिनों के द्वारा घर घर जाकर सभी लोगों का मलेरिया जांच आरडी किट के माध्यम से किया जा रहा था। ग्रामों में मलेरिया पॉजिटिव मरीजों को जिला सीएमएचओ डॉ नवरत्न द्वारा मच्छरदानी भी वितरीत किया गया। साथ ही सभी को सही तरीके से मच्छरदानी लगाकर सोने , मलेरियारोधी दवाइयों की पूरी खुराक लेने तथा पानी उबालकर पीने पीने, गरम ताजा भोजन खाने और घरों के आस पास अन्दर बाहर साफ सफाई रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही बीएमओ और क्षेत्रीय पर्यवेक्षक को अभियान की सतत मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा डॉ नवरत्न ने आज 12 जुलाई को गरियाबंद ब्लॉक के ग्राम कोदोबतर, भीरालाट एवं कोसमी में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का आकस्मिक निरीक्षण किया और ग्रामीणों को मलेरिया होने के कारण और बीमारी से बचने के उपाय भी बताए । निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गनपत कुमार नायक, जिला नोडल अधिकारी (मलेरिया) डॉ सुनिल रेड्डी , बीएमओ डॉ बी. बारा, बीईटओ मुन्नालाल कश्यप, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक शेखर ध्रुवे, शामिल रहे।

गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का हुआ सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नगर पुरोहित पंकज तिवारी तथा गायत्री शक्ति पीठ के वेदाचार्यों पंडित प्रभात उपाध्याय एवं पंडित श्याम दुबे के घर जाकर उन्हें श्रीफल व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि हमारे सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है। देवी - देवता भी अपने गुरु का सम्मान करते हैं। कोई भी व्यक्ति गुरु के बिना आगे नहीं बढ़ सकता।

15 से रेलवे में तत्काल ओटीपी सिस्टम होगा लागू

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल्वे में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को तत्काल टिकट आरक्षित कराते समय अब फार्म में भरे मोबाइल नंबर पर ओ टी पी सिस्टम 15 जुलाई से लागू हो रहा है, ओटीपी नंबर बताने के बाद ही यात्री का टिकट बुक होगा,ऐसा डिजिटल सेवा को बढ़ावा देने तथा पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है,भाटापारा के आरक्षण कार्यालय में भी उक्त सूचना को प्रदर्शित करते हुए दिवाल पर चस्पा कर दिया गया है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे में तत्काल टिकट आरक्षण कराने के लिए भरे जाने फार्म में अब दिए गए मोबाइल नंबर पर ओ टी पी नम्बर भेजा जाएगा और उक्त ओ टी पी नम्बर को बताने के बाद ही यात्रियों का टिकट बुक होगा,।भाटापारा पी आर एस काउंटर में यह सुविधा 15 जुलाई से चालू हो रही है,जिसके लिए पूर्व में ही यात्रियों को जानकारी देने के उद्देश्य से आरक्षण कार्यालय के ऊपर में सूचना प्रदर्शित कर दी गई है।रेल सूत्रों का कहना है कि ओ टी पी सिस्टम लागू होने के बाद पूरी पारदर्शिता बनी रहेगी। वही पी आर एस काउंटर और ए टी वी एम में डिजिटल पेमेट को बढ़ावा देने के लिए पूर्व से ही क्यू आर कोड के माध्यम से रेल टिकट की बिक्री हो रही है और जानकारों की माने तो आने वाले समय में रेल सेवा पूरी तरह डिजिटल होने की संभावना बढ़ रही है।

कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सीएम से की मुलाकात

धरसीवां/नवप्रदेश। नगरी निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्री महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से किये मुलाकात पूरे प्रदेश भर के नगरी निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्री मूलभूत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे और अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते हुए आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने, और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत है और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहे थे इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारीयो को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारीयो द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

मवेशियों का आतंक | **बाजार में दुकान के बाहर कचरे में मुंह मारते मवेशी**

नगर में घूम रहे मवेशियों का आतंक जनता परेशान, प्रशासन बेखबर

छुरा / नवप्रदेश। छुरा नगर पंचायत क्षेत्र में छुट्टे मवेशियों की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। मुख्य बाजार हो या वार्ड की गली-मोहल्ले, हर जगह मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। सड़क किनारे बैठना, बीच रास्ते चलती गाड़ियों के सामने आ जाना, और बाजार में दुकान के बाहर कचरे में मुंह मारते मवेशी अब आम बात हो गई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खासतौर पर सुबह और शाम के व्यस्त समय में गाय बैल सड़कों पर बाधा बन जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई दोपहिया वाहन सवार इन मवेशियों से टकराकर घायल हो चुके हैं। वहीं स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भी जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत को इस बारे में कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें की गई हैं, लेकिन प्रशासन का रवैया उदासीन बना हुआ है। नगरवासी यह भी आरोप लगा रहे हैं कि पंचायत सिर्फ कागजों में गोवंश संरक्षण की योजनाएं चला रही है, ज़मीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही।

प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल : सवाल ये है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या नागरिकों की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की कोई अहमियत नहीं रह गई? अब देखना होगा कि नगर पंचायत इस गंभीर समस्या पर कब तक कार्यवाही करती है या फिर जनता को खुद ही सड़कों पर उतर कर जवाब मांगना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर दुकानदारों ने अपने समान सड़कों तक फैला कर रखते हैं जिसके कारण सदर रोड सकरा हों जाता है आवागमन में असुविधा होती है , नगर पंचायत द्वारा समय समय पर दुकानदारों से सड़क में समान नहीं फैलाने की हिदायत देती है लेकिन समान सड़क में फैलाने वाले व्यवसायी, सुधरने का नाम नहीं लेते, इसी तरह मवेशी मालिक भी अपने गाय-बैलों को घर में बांधने के बजाय नगर में छुट्टे घूमने को छोड़ देते हैं जिसके कारण आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

जरूरत है सख्त कार्यवाही की

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए और संबंधित मालिकों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए। साथ ही नगर में गोवंश नियंत्रण के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भी विकराल हो सकती है। नगर के नागरिक अब आंदोलन की चेतावनी भी देने लगे हैं।

गंधेश्वर और बम्ह्नेश्वर महादेव में हो रही विशेष श्रावणी पूजा

महासमुंद/नवप्रदेश। सावन लगते ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। अधिकांश स्थलों पर रूद्राभिषेक समेत विशेष पूजन की जा रही है। बम्हनी के बह्मनेश्वर नाथ महादेव और सिरपुर के गंधेश्वर महादेव समेत कनेकेरा, दलदली व अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिरों में विशेष श्रावणी पूजा की जा रही है। मंदिर के सर्वराकार डा. संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन यहां श्रावणी पूजा की जा रही है। मुख्य यजमान होरीलाल पांडेय के अलावा प्रतिदिन अन्य यजमान भी पूजन विधान में शामिल हो रहे हैं। इसी तरह सिरपुर मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र अमन गिरि गोस्वामी ने बताया कि सावन के प्रथम दिन से ही श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंच रहे हैं। दोपहर में रूद्राभिषेक के बाद गंधेश्वर नाथ की दिव्य आरती में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं। प्रथम दिन बम्हनी से जल लाकर 8 कांवरियों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

■ न्यूज गैलरी

नाश्ता करने रुका, टाटीबंध चौक में बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी संतोष कुमार दांडेकर गिरफ्तार हो गया है, खेमराज चक्रधारी ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह महादेव घाट रोड पास रहता है तथा मजदूरी करता है। प्रार्थी 20.06.25 को शाम करीबन 07.20 बजे टाटीबंध चौक बिलासपुर नया बायपास रोड एम.आर.सी गोडाउन के पास अपने निजी काम से गया था जहां अपने दोपहिया वाहन सीजी/04/एम एक्स/4348 को रोड किनारे खडी कर नास्ता करने ठेला के पास चला गया था। प्रार्थी नास्ता करने के बाद अपनी दोपहिया वाहन हेतु खड़े किये हुए स्थान पर जाकर देखा तो पाया कि दोपहिया वाहन वहां नही थी। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की दोपहिया वाहन को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 207/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध करना पाया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

तीर्थयात्रा ट्रेन 15 जुलाई को रवाना होंगी रायपुर से

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। केंद्र सरकार की श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत रायपुर से अयोध्या और वाराणसी के लिए एक विशेष तीर्थयात्रा ट्रेन 15 जुलाई को रवाना होगी। इस धार्मिक यात्रा में रायपुर से 300 से अधिक तीर्थयात्री भाग लेंगे जिन्हें भगवान श्रीराम के पावन नगरी अयोध्या के साथ-साथ बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। 15 जुलाई को यह विशेष ट्रेन दोपहर 1.10 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। 16 जुलाई को सुबह 10.15 बजे ट्रेन वाराणसी पहुंचेगी। यहां श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा घाट आदि का दर्शन करेंगे।और 17 जुलाई को सुबह 7.00 बजे ट्रेन वाराणसी से रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। यहां श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे। 17 जुलाई की रात को दर्शन के उपरांत ट्रेन रात 10.00 बजे अयोध्या से वापसी के लिए रवाना होगी। 18 जुलाई को यह ट्रेन रात 10.00 बजे रायपुर पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा।

मशरूम फैक्ट्री के प्रबंधक गांवों में फैला रहे बीमारी

रायपुर/ नवप्रदेश । खरोरा में बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। खरोरा के लोगों ने प्रशासन से इसकी शिकायत कर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है, साथ ही मशरूम फैक्ट्री के मालिक को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हुए है, मामले को दबाने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। खरोरा इलाके में कभी भी बड़ी त्रासदी आ सकती है, जिसकी वजह मशरूम फैक्ट्री है, प्रबंधक पर आरोप है कि फैक्ट्री से निकाले जा रहे प्रदुषण युक्त कचरे को आसपास के गांवों में खाली पड़े सरकारी जमीनों में ठिकाना लगाया जा रहा है, कचरे के ढेर को देखकर लोग भयभीत है৳ खरोरा थाने में शिकायत छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने बताया, उमाश्री राईस मिल ग्राम पिकरीडीह थाना खरोरा जिला रायपुर छग से निकलने वाली अपशिष्ट पदार्थ से काफी बदबू आ रहे है जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को श्वास लेने में काफी परेशानियां हो रहा है तथा कंपनी से अपशिष्टं पदार्थ को गांव के शासकीय भूमि जिस पर ग्रामवासी उपयोग कर रहे है उसी पर इधर-उधर फेका जा रहा है जिससे भूमि प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण हो रहा है । तथा मजदूरों के साथ शोषण किया जा रहा है ।

उपभोक्ता पर लगा 87,000 का जुर्माना

■ **स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी का पहला मामला**

रायपुर/नवपप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी करने का पहला मामला राजधानी रायपुर से सामने आया है. पावर कंपनी की विजिलेंस टीम ने ब्राम्हणपारा क्षेत्र में एक उपभोक्ता के यहां मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली बायपास करने का मामला पकड़ा है. ऑनलाइन सिस्टम से मिली सूचना के आधार पर अधिकारियों ने मौके पर दबिश दी. जांच में चोरी की पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। दरअसल, मामला लाखेनगर जोन के ब्राम्हणपारा इलाके का है, जहां उपभोक्ता आलोक शर्मा के घर लगे स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ की जानकारी गुढ़ियारी स्थित कंट्रोल रूम को मिली. तकनीकी टीम ने इसकी सूचना संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को दी, जिसके बाद 4 जुलाई को विजिलेंस की टीम ने छापा मारा. जांच में स्मार्ट मीटर की बॉडी क्रैक मिली और उसके सील टूटे हुए थे. इसके बाद मीटर को जब्त कर भिलाई के सेंट्रल लैब भेजा गया, जहां 10 जुलाई को उपभोक्ता की उपस्थिति में जांच हुई. रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि मीटर के दोनों बॉक्स की सील तोड़कर अंदर छेड़खानी की गई थी।

स्मार्ट मीटर की आंतरिक जांच में बड़ा खुलासा हुआ है. जांच में पाया गया कि मीटर के भीतर आर,वाई,बी तीनों फेज और न्यूट्रल टर्मिनल्स को अतिरिक्त कॉपर वायर से आपस में शॉर्ट कर दिया गया था, जिससे मीटर को बायपास किया गया. इस प्रक्रिया में मीटर की बॉडी को जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर उसके सर्किट में हस्तक्षेप किया गया, जिससे वास्तविक विद्युत खपत का रिकॉर्ड प्रभावित हुआ।

सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कल आरंग के विधायक गुरू खुशवंत के वाहन पर पथराव हुआ। दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का काफ्लिा जनता ने रोक कर आक्रोश प्रकट किया, नारेबाजी किया। उसके तीन दिन पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के काफ्लिे को जनता ने घंटो रोक रखा। यह घटनाये बताती है कि सरकार जनता में पूरी तरह अलोकप्रिय हो चुकी है। जनता सरकार खिलाफ सड़को पर उतर रही है। यह घटना यह भी बताती है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था कितनी जर्जर हो चुकी है कि विधायक मंत्री भी सुरक्षित नहीं है।

कृषि मंत्री खाद की उपलब्धता के आंकड़े सार्वजनिक करें: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कल हमने प्रेस कांफ्रेंस लेकर इस बात का प्रमाण प्रस्तुत किया था कि पूरे प्रदेश में डी.ए.पी, यूरिया, एन.पी.के आदि की कमी है। सरकार का 11 तारीख को नैनो डी.ए.पी. खरीदने का विज्ञापन भी हमने सार्वजनिक किया था। बेहद दुखद है कि सरकार की तरफसे एक बार फिर झूठ बोला जा रहा कि पूरे प्रदेश में डी.ए.पी एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध है। जबकि हकीकत यह है कि आज भी किसान खाद के लिये परेशान है। सोसायटियों में खाद नहीं है।

आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, नकली होलोग्राम तस्कर को किया गिरफ्तार

शराब का नकली होलोग्राम बनाने वाला गिरोह सक्रिय

■ **नकली होलोग्राम लगी शराब की खेप बरामद, 1 आरोपी गिरफ्तार**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नकली होलोग्राम केस में पूर्वआबकारी मंत्री कवासी लखमा, अनवर ढेबर, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा जेल में हैं। इसके बावजूद भी नकली होलोग्राम छपवाकर उसी तरीके से अवैध कारोबार जारी है। आज 13 जुलाई 2025 को आबकारी विभाग की टीम ने एक बार फिर रायपुर में नकली होलोग्राम लगाकर शराब बेचने वाले आरोपी गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के पास से 25 लीटर शराब जब्त की है, जिसे नकली होलोग्राम लगाकर बेंचा जा रहा था। इनमें से शोले ब्रांड की बोतलों पर स्टीकर भी नकली लगे मिले।

जानकारी के मुताबिक आरोपी मनीराम टंडन ग्रैंड द्व10 कार (ष्ठत्र04र्स्र्ङ272) में अभनपुर थाना अंतर्गत ग्राम चंडी में नकली होलोग्राम लगाकर शराब बेच रहा था. सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के पास से टीम ने 25.92 बल्क लीटर नकली होलोग्राम युक्त देशी शराब जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 14,400 रुपये है. मामले में आबकारी विभाग ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

इसके बाद टीम बीरगांव के एक प्रिंटिंग शॉप पर पहुंची, जहां गणेश चौरसिया को 371 शीट (करीब 40,000 स्टीकर) काटते पकड़ा गया. गणेश ने बताया कि यह प्रिंटिंग रंजीत गुप्ता के ऑर्डर पर की गई थी, जो रेड की सूचना मिलते ही फरार हो गया। जांच में यह भी सामने आया कि नकली होलोग्राम को सीरियल के अनुसार सेट करने और अलग-अलग प्रिंटिंग हाउस से टेम्पलेट्स प्रिंट कराने का काम संगठित तरीके से किया जा रहा था।अब तक की जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी नकली होलोग्राम के ज़रिए देशी शराब की तस्करी कर रहे थे।

3 महीने में दूसरा मामला

यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते तीन महीनों में यह दूसरा बड़ा मामला है, जिसमें नकली होलोग्राम के ज़रिए अवैध शराब बेचने की कोशिश पकड़ी गई है. 22 मार्च को रायपुर में एक ढाबे और प्रिंटिंग शॉप पर छापा मारकर 40 हजार से अधिक नकली होलोग्राम स्टीकर, शराब बोतलों के लेबल और ढक्कन जब्त किए गए थे. इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार हुए, जबकि कुछ आरोपी बिहार फरार हो गए थे। 20 अप्रैल 2025 को इसी कड़ी में बीरगांव स्थित एक ढाबे में छापा मारकर संकटमोचन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था. उसके पास से 1460 नकली होलोग्राम, 1100 शराब लेबल और 105 बोतल के ढक्कन मिले. पूछताछ में सामने आया कि नकली होलोग्राम का काम भिलाई निवासी संदीप के लिए किया जा रहा था, जिससे उसकी पहचान 2013-14 में सिलतरा की एक शराब भट्टी में नौकरी के दौरान हुई थी।

शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ में 2019 से 2023 के बीच 40 लाख पेटियों में नकली होलोग्राम से शराब बेची गई, जिससे 1660 करोड़ से अधिक की अवैध कमाई हुई. श्वष्ठ की जांच में सामने आया था कि यह सिंडिकेट राजनीतिक, प्रशासनिक और कारोबारी गठजोड़ के साथ काम कर रहा था. बीजेपी सरकार के सत्ता में आने के बाद इस मामले में,ष्ठक्च ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है. यूपी STF ने भी इस मामले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के मालिक विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ में घोटाले के कई चेहरे सामने आए। ईडी चार्जशीट में दर्जनों बड़े नाम शामिल हैं, जिनमें अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, अरुणपति त्रिपाठी, कई आबकारी अधिकारी, कारोबारी और ठेका कर्मचारी शामिल हैं. इनमें से अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा समेत कई लोग जेल में हैं. लेकिन घोटाले के प्रमुख आरोपी जेल में होने के बावजूद रायपुर में फिर से नकली होलोग्राम के मामले सामने आ रहे हैं, जो प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।

मेकाहारा में लेजर से पाइल्स-भगंदर के इलाज पर वर्कशॉप

रायपुर /नवप्रदेश। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के जनरल सर्जरी विभाग में लेजर इन बिनाइन प्रोक्टोलॉजी (गुदा संबंधी सौम्य रोगों में लेजर तकनीक) विषय पर लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया गया. यह कार्यशाला न केवल आधुनिक चिकित्सा तकनीक के व्यावहारिक प्रदर्शन का माध्यम बनी, बल्कि मरीजों को कम दर्द और तेज़ रिकवरी के जरिए राहत पहुंचाने में सफल रही।

रोगियों के लिए वरदान बनी लेजर तकनीक

इस वर्कशॉप के दौरान बवासीर, भगंदर , गुदा विदर जैसे गुदा रोगों का लेजर तकनीक से सफल ऑपरेशन किया गया. वरिष्ठ सर्जन डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि यह तकनीक पारंपरिक पद्धति की तुलना में कम पीड़ादायक, कम रक्तस्राव वाली और शीघ्र स्वस्थ होने वाली है, जिससे मरीज जल्दी अपने सामान्य जीवन में लौट सकते हैं।

डॉक्टरों और छात्रों को मिला ज्ञानवर्धक अनुभव

यह कार्यशाला न केवल चिकित्सकों के लिए तकनीकी सीख का मंच बनी, बल्कि चिकित्सा छात्रों और प्रशिक्षुओं के लिए भी प्रेरणादायक अनुभव रही. युवा डॉक्टरों में आधुनिक तकनीक को सीखने की जिज्ञासा और सेवा भाव का उत्साह साफ तौर पर नजर आया।

भविष्य में भी जारी रहेंगे ऐसे आयोजन

जनरल सर्जरी विभाग ने इस आयोजन को एक नई शुरुआत मानते हुए यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रखी जाएगी, जिससे चिकित्सा सेवा को और अधिक सुलभ, प्रभावी और उन्नत बनाया जा सके

राहुल गांधी को विधायक पुरंदर मिश्रा ने दिया श्राप!

■ **कहा- देख लेना अगले रथयात्रा तक कैसे होगी दुर्गति**

रायपुर/नवप्रदेश। राहुल गांधी के भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा अडानी परिवार के लिए रोक दिए जाने वाले बयान पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने सख्त आपत्ति जताई है. उन्होंने श्राप देते हुए कहा कि भगवान पर टिप्पणी करने वाले ऐसे सनातन विरोधी का सर्वनाश हो जाना चाहिए. देख लेना अगले रथयात्रा तक कैसे दुर्गति होगी। रायपुर जगनाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि राहुल गांधी बस आलू से सोना बनाये, भगवान पर टिप्पणी न करें. भगवान से लगेंगे तो सत्यानाश हो जाएगा. मैं ब्राह्मण हूं, और सही में जग्गनाथ जी का काम करता हूं तो चाहूंगा मेरा श्राप राहुल गांधी को लग जाए।

पुरंदर मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने भगवान जगन्नाथ को चैलेंज किया है। भगवान जगन्नाथ कलयुग के साक्षात् देवता हैं. सनातन को मानने वाले सभी भगवान जगन्नाथ के पास गए हैं. भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि कांग्रेस को सद्बुद्धि दे। विधायक ने इसके साथ आरोप लगाया कि कुछ लोग भगवान को, सनातन धर्म को अपमानित करना चाहते हैं. किसी व्यक्ति विशेष के लिए रथयात्रा रोकने का आरोप लगाया गया है. जिनकी शादी नहीं हो रही वह प्रभु जगन्नाथ को लेकर आरोप लगा रहे हैं। यह मुद्दा कांग्रेस का नहीं राहुल गांधी का है।

खराब सर्जरी किट मामले में मंत्री जायसवाल बोले-

कंपनी के खिलाफ होगी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेंगे भ्रष्टाचार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सर्जरी किट खराब मिलने के मामले पर स्वास्थ्य मंत्री बिहारी जायसवाल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कुछ लॉट की सप्लाई हुई थी। उसमें कई बैग की जांच किए गए हैं. जंग लगे बैग की भी जांच हो रही है. उन्होंने कहा कि अगर यह ज्यादा मात्रा में पाई गई तो सप्लाई करने वाली कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

विधायक गुरु खुशवंत साहब की कार पर अज्ञात असामाजिक तत्व द्वारा हमला के मामले में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह कोई नई घटना नहीं है। इस घटना के मूल में जाएंगे. जो आसमाजित तत्व शामिल है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई जाएगी. अपराध में शामिल लोगों को जल्द पकड़ लिया जाएगाा.

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार है. एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा है. उन्होंने कहा कि जो मांगे पूरा कर सकते हैं।

मंत्री श्याम जायसवाल का कांग्रेस पर हमला

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस का आंतरिक विषय है हमें क्या लेना है. हमरा उद्देश्य पार्टी के विषय को आगे पहुंचाना है. जो उनकी धारणा वो उसे आगे बढ़ाते रहें. कांग्रेस ने 70 सालों में क्या किया है? महिलाओं, किसान और जनता के लिए क्या किया सबने देखा है? भाजपा अपने घोषणा पत्र पर आगे बढ़ रही है. हम (भाजपा) बेरोजगाओ को न्याय दिलाने का काम कर रही है. कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है. जनता के सामने बने रहने के लिए ये बात करते रहते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार देश के हितैषी होती है तो देश का स्वरूप बदलता है।

कैट टीम ने वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से मुलाकात की

■ **ई-वे बिल संबंधित आदेश तत्काल प्रभाव से वापसी का अनुरोध किया**

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य - राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) अमर पारवानी, प्रदेश एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जितेंद्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य - राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का प्रतिनिधी मंडल माननीय वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी जी से मुलाकात कर ई-वे बिल संबंधित आदेश के कारण व्यापारियों को उत्पन्न हो रही गम्भीर समस्याओं के संबंध में आदेश को तत्काल प्रभाव से वापसी हेतु अनुरोध किया।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य - राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) अमर पारवानी ने बताया कि दिनांक 11-07-2025 को जारी छ.ग. शासन द्वारा जारी आदेश के तहत राज्य में ई-वे बिल की जांच की प्रक्रिया को सघन एवं कठोर कर दिया गया है, जिसके कारण राज्य के व्यापारी समुदाय में गहरी चिंता है। इस आदेश का व्यापार, लॉजिस्टिक्स और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर नकारात्मक प्रभाव प? रहा है। यह निर्णय व्यवहारिक दृष्टि से व्यापार के हित में नहीं है और इससे व्यापक स्तर पर व्यापार में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

पारवानी ने आगे बताया कि 11.जुलाई को जारी आदेश के तहत व्यापारियों को आ रही कुछ वास्तविक और महत्वपूर्ण समस्याएँ हैं जो निम्नानुसार हैं -

1. **त्योहार एवं सीजन का दबाव** - वर्तमान में राखी, गणेशोत्सव और आगामी त्योहारी सीजन के कारण व्यवसाय की चरमगति विधि का समय है। इस समय ऐसे सख्त प्रावधान लागू करना न केवल व्यापार की वृद्धि को रोकता है, बल्कि रोजगार पर भी प्रभाव डालता है।
2. **निर्दोष व्यापारियों के उत्पीड़न की आशंका**- जाँच के दौरान जांच अधिकारियों द्वारा विवेकाधीन शक्ति का दुरुपयोग कर निर्दोष व्यापारियों को परेशान करने की घटनाएँ सामने आ सकती हैं, जिससे व्यापारी वर्ग भयभीत है और व्यापार करने का वातावरण बाधित हो रहा है।
3. **सप्लाई चेन में देरी** - मालवाहनों की लंबी कतारें और चेकिंग में लगने वाला समय सप्लाई चेन में अत्यधिक देरी उत्पन्न होंगी, जिससे व्यापारिक अनुबंध प्रभावित होंगे और आर्थिक नुकसान होंगे।
4. **सबसे अधिक चिंता का विषय**- यह है कि अधिकारियों को वाहन डिटेंशन के लिए 'लक्ष्य' दिए गए हैं। वाहन रोकने का कार्य कभी भी लक्ष्य आधारित नहीं हो सकता। इसका उद्देश्य केवल कानून अनुपालन सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को परेशान करना।
5. **राजस्व पर नकारात्मक प्रभाव** - व्यापारी वर्ग के बीच इस आदेश के कारण असंतोष बढ़ने से कर अनुपालन पर नकारात्मक प्रभाव प? रहा है, जो राज्य के राजस्व संग्रह को भी प्रभावित करेगा।

विदेश में छत्तीसगढ़ की बेटियां बढ़ाएंगी मान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार राज्य के युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार, खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष अवसर उपलब्ध करा रही है। छत्तीसगढ़ की बेटियाँ आज खेल के मैदान से लेकर हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, निष्ठा और जज्बे से नया इतिहास रच रही हैं। राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बीजापुर जिले की धरती एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने जा रही है। जिले के आवापली गांव की होनहार खिलाड़ी चंद्रकला तेलम का चयन भारतीय सॉफ्टबॉल टीम में एशिया कप सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। जो 14 से 20 जुलाई तक शियान, चीन में आयोजित होगी। चंद्रकला के साथ ही जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ की शालू डहरिया भी भारतीय टीम का हिस्सा होंगी, जो पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। खास बात यह है कि भारतीय टीम के कोच के रूप में बीजापुर जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार की नियुक्ति हुई है। इससे पहले भी कर्णेवार के कोचिंग में जिले के अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं।

न्यूज गैलरी

अगले हफ्ते 6 दिन बंद रहेंगे बैंक जरूरी काम है तो जल्द ही निपटा लें

नई दिल्ली। अगर आपको अगले हफ्ते बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो यह खबर आपके लिए है। अगले सप्ताह देश के अलग-अलग राज्यों में त्योहारों और साप्ताहिक अवकाश के चलते कुल 6 दिन बैंक बंद रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (ऋद्ध) की छुट्टियों की सूची के अनुसार, इन छुट्टियों में बेह दीनखलम, हरेला, तिरोत सिंह की पुण्यतिथि और केर पूजा जैसे स्थानीय त्योहार शामिल हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये सभी छुट्टियां राष्ट्रीय नहीं हैं और केवल राज्यों में ही लागू होंगी। हालांकि, रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार को पूरे देश में बैंक बंद रहते हैं। इसलिए, किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने बैंक से संबंधित काम समय पर निपटा लें।13 जुलाई (रविवार)ः साप्ताहिक अवकाश के कारण पूरे भारत में बैंक बंद रहेंगे।14 जुलाई (सोमवार)ः बेह दीनखलम त्योहार के अवसर पर मेघालय (शिलांग) में बैंक बंद रहेंगे।16 जुलाई (बुधवार)ः हरेला उत्सव के चलते उत्तराखंड (देहरादून) और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बैंकों में अवकाश रहेगा।17 जुलाई (गुरुवार)ः खासी प्रमुख यू तिरोत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर मेघालय (शिलांग) में बैंक बंद रहेंगे।19 जुलाई (शनिवार)ः केर पूजा के त्योहार के कारण त्रिपुरा (अगरतला) में बैंकों में छुट्टी रहेगी। 20 जुलाई (रविवार)ः साप्ताहिक अवकाश के चलते पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

वजन घटाने की दवा बनाएगी सिप्ला, भारत में जल्द होगी लॉन्च

नई दिल्ली। भारत में मोटापे के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब दवा कंपनियां इस समस्या के समाधान की दिशा में गंभीर कदम उठा रही हैं। इसी कड़ी में भारत की बड़ी फार्मा कंपनी सिप्ला ने वजन घटाने के सेगमेंट में उतरने का फैसला किया है। कंपनी के एमडी और ग्लोबल सीईओ उमंग वोहरा ने कंपनी की सालाना रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कंपनी सिर्फ कारोबार के नजरिये से नहीं, बल्कि मरीजों की ज़रूरत और स्वास्थ्य जागरूकता को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में कदम रख रही है। सिप्ला अब उन मरीजों को मदद देना चाहती है जो मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों से परेशान हैं। एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्स(एआई) को स्पेसएक्स से 2 अरब डॉलर की बड़ी फंडिंग मिली है। यह निवेश 5 अरब डॉलर के इक्विटी राउंड का हिस्सा है, जिससे एक्स(एआई) की वैल्यू अब 113 अरब डॉलर हो गई है। हाल ही में एक्स(एआई) का मर्जर एक्स के साथ हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, अब ग्रॉक चैटबॉट स्टारलिंक की कस्टमर सर्विस में इस्तेमाल हो रहा है और भविष्य में टेस्ला के ऑप्टिमस रोबोट में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। मस्क ने ग्रॉक को दुनिया का सबसे स्मार्ट एआई बताया है, हालांकि हालिया विवादों के बाद भी कंपनी भारी निवेश कर रही है। सरकारी कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीकी देश माली में स्थित एक लिथियम खदान से लिथियम हासिल करने के लिए रूस की सरकारी कंपनी के साथ उन्नत चरण की बातचीत कर

भंडार में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों में भारी तेजी देखी जा रही

भारत का स्वर्ण भंडार 34.2 करोड़ डॉलर बढ़ा, विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर पर !

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार सप्ताह के दौरान 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.846 अरब डॉलर पर पहुंच गया।सोने के साथ-साथ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.868 अरब डॉलर हो गए। इसके अतिरिक्त, आंकड़ों के अनुसार, आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार भी 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.735 अरब डॉलर हो गया। भंडार में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों में भारी तेजी देखी जा रही है। आरबीआई ने कहा कि 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर रहा। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल मुद्रा

भंडार 4.849 अरब डॉलर बढ़कर 702.784 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। डॉलर के संदर्भ में, विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। शुक्रवार को भारत में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई और चांदी की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत 465 रुपए बढ़कर 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जो एक दिन पहले 97,046 रुपए थी। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 89,320 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत 73,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इस बीच, आखिरी कारोबारी दिन के पिछले 24 घंटों में चांदी की कीमतों में 2,356 रुपए की बढ़ोतरी हुई और चांदी ने 1,10,290 रुपए प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया। चांदी ने 18 जून को दर्ज 1,09,550 रुपए के पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को तोड़ दिया। वैश्विक स्तर पर भी कीमती धातुओं में तेजी देखी गई। सोना 1.01 प्रतिशत बढ़कर 3,358 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.92 प्रतिशत बढ़कर 38.40 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार शुल्कों को लेकर नई चिंताओं को सोने जैसी सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की ओर रुझान का मुख्य कारण बता रहे हैं।

देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने अपने 40 करोड़ से ज्यादा प्रीपेड ग्राहकों को तोहफा

ग्राहकों को बड़ा तोहफा : अनलिमिटेड-5 जी वाला सबसे सस्ता प्लान हुआ और भी सस्ता

नई दिल्ली। देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने अपने 40 करोड़ से ज्यादा प्रीपेड ग्राहकों को एक बड़ा तोहफा दिया है। कंपनी ने अपने एंट्री-लेवल अनलिमिटेड 5त्र डेटा वाले प्रीपेड प्लान को पहले से भी सस्ता बना दिया है, साथ ही उसमें मिलने वाले 4त्र डेटा को भी बढ़ा दिया है।

पहले, एयरटेल के जिस सबसे सस्ते प्लान में अनलिमिटेड 5त्र डेटा मिलता था, उसकी कीमत 379 रुपये थी। लेकिन अब कंपनी ने अपने 349 रुपये वाले प्रीपेड प्लान में ही अनलिमिटेड 5त्र डेटा का कॉम्प्लिमेंट्री बेनिफिट जोड़ दिया है। इससे अनलिमिटेड 5त्र डेटा का शुरुआती प्लान अब 30 रुपये सस्ता हो गया है। भारती एयरटेल ने अपने लोकप्रिय 349 रुपये वाले प्रीपेड प्लान को पहले से कहीं ज़्यादा आकर्षक बनाते हुए इसे नए फायदों के साथ अपडेट कर दिया है। इस प्लान में अब यूजर्स को

अनलिमिटेड 5त्र डेटा का लाभ मिलेगा, जो हाई-स्पीड इंटरनेट का भरपूर अनुभव देगा। इसके अलावा, कंपनी ने डेली 4त्र डेटा कोटा को भी 1.5त्रक्कसे बढ़ाकर 2त्रक्ककर दिया है। यह प्लान 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है, जिसमें किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और रोज़ 100 स्म्स की सुविधा शामिल है। एडिशनल बेनिफिट्स के तौर पर, फ्री हैलोट्यून्स और स्पैम कॉल अलर्ट के साथ अब इसमें एयरटेल एक्सट्रीम ऐप का एक्सेस भी जोड़ दिया गया है, जो इसे डेटा और मनोरंजन का एक बेहतरीन कॉम्बो बनाता है।कम डेटा यूजर्स के लिए 189 रुपये का नया प्लान लॉन्च इसके अलावा, एयरटेल ने उन ग्राहकों के लिए एक नया बजट-फ्रेंडली प्लान भी लॉन्च किया है, जिन्हें कॉलिंग की ज्यादा और डेटा की कम जरूरत होती है। 189 रुपये के इस प्लान में 21 दिनों की वैलिडिटी के साथ अनलिमिटेड कॉल्स, कुल 300 स्म्स और कुल 1त्रक्क डेटा मिलता है। एयरटेल के इन नए बदलावों को बाजार में अपनी पकड़ और मजबूत करने तथा ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपने 5त्र नेटवर्क की ओर आकर्षित करने की एक बड़ी रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

तिमाही नतीजे, महंगाई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुझान

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए आने वाला कारोबारी हफ्ता काफी अहम होने वाला है। तिमाही नतीजे, खुदरा महंगाई के आंकड़े, अमेरिका-भारत ट्रेड डील को लेकर नए अपटेड और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से बाजार की चाल प्रभावित होगी। 14-18 जुलाई के कारोबारी सत्र में एचसीएल टेक, नेल्को, टाटा टेक, तेजस नेटवर्क, एडब्लूएल एग्री बिजनेस,एचडीएफसी लाइफ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र,आईटीसी होटल्स, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी एमएसी, इंडियन होटल्स, पॉलीकैब, विप्रो और जेएसडब्लू स्टील जैसी कंपनियां नतीजे जारी करेंगी। इसके अलावा 14 जुलाई को जून के थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए जाएंगे। इनका बाजार पर असर देखने को मिल सकता है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर 15 जुलाई को अमेरिका में महंगाई और 16 जुलाई को इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के आंकड़े जारी किए जाएंगे। वहीं, 17 जुलाई को यूएस में जॉब लैस क्लेम के आंकड़े जारी होंगे। एसबीआई सिक्योरिटीज में टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च के प्रमुख सुदीप शाह ने कहा कि वर्तमान में भारतीय बाजार अपने वैश्विक समकक्षों की तुलना में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन कर रहा है और कई प्रमुख वैश्विक सूचकांकों में तेजी देखी जा रही है। यह स्थिति घरेलू शेयर बाजारों में समेकन और सतर्कता के दौर को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में दो फैक्टर्स बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं, जिसमें टैरिफ पर नया अपटेड और पहली तिमाही का आय सीजन शामिल है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान निफ्टी 311.15 अंक या 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,149.85 पर था। वहीं, सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,500.47 पर था। इस दौरान आईटी शेयरों ने बिकवाली का नेतृत्व किया, जिससे निफ्टी आईटी इंडेक्स 3.76 प्रतिशत फिसल गया है। निफ्टी ऑटो इंडेक्स में 2.03 प्रतिशत, निफ्टी इन्फ्रा और निफ्टी एनर्जी क्रमशः 1.88 प्रतिशत और 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि, एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी देखी गई और निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 2.15 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

खेल, मनोरंजन

डब्ल्यूटीसी में ऐसा कारनामा करने वाले बने दुनिया के पहले क्रिकेटर

नईदिल्ली। लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में टीम इंडिया 387 रनों पर ऑलआउट हो गई. लेकिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (72 रन) ने अर्धशतक जड़कर सबको प्रभावित किया. उन्होंने तीसरे दिन टीम इंडिया की बल्लेबाजी में केएल राहुल (100) और ऋषभ पंत (70) के साथ अहम भूमिका निभाई. लेकिन जडेजा ने अपने अर्धशतक से सबको प्रभावित किया. इसके साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

तीसरे दिन, जब टीम इंडिया ने जल्दी-जल्दी दो विकेट गंवा दिए, तो जड्डू बल्लेबाजी करने उतरे. फिर उन्होंने पंत, नितीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर के साथ अच्छी साझेदारियां कीं. हालांकि, अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद, शतक की ओर बढ़ रहे जडेजा 72 रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गए. लेकिन वो एक दुर्लभ रिकॉर्ड अपने नाम कर गए.जड्डू ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की है. लॉर्ड्स में अर्धशतक बनाने के साथ, जडेजा ने ड्ब्ल्यूष्ट में 2000 रन पूरे कर लिए हैं. डब्ल्यूटीसी में यह जडेजा का 15वां अर्धशतक है. उन्होंने 130 विकेट लेकर गेंदबाजी में भी अपना दमखम दिखाया. इस तरह से जडेजा ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 2000 प्लस रन, 15 अर्धशतक और 130 विकेट लेने वाले एकमात्र खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया. वह इस डब्ल्यूटीसी

में ऐसे आंकड़े दर्ज करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं.इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में गेंदबाजी में खराब प्रदर्शन करने वाले जड्डू ने बल्लेबाजी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है. हालांकि वह पहले टेस्ट में असफल रहे, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने प्रभावित किया. एजबेस्टन में हुए दूसरे मैच में जड्डू ने दोनों पारियों में 50 प्लस स्कोर बनाकर शानदार प्रदर्शन किया. बाद में, उन्होंने तीसरे मैच की पहली पारी में 72 रन बनाकर प्रभावित किया. इस तरह, अर्धशतकों की हैट्रिक लगाकर वह टीम इंडिया के लिए अहम खिलाड़ी बन गए हैं.इस बीच, इस सीरीज में जडेजा ने अब तक 5 पारियों में 88 की औसत से 266 रन बना लिए हैं. जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं. उन्होंने गेंदबाजी में 3 विकेट लिए. कुल मिलाकर, टेस्ट मैचों में उन्होंने 83 मैचों में 3636 रन बनाए. इसमें 25 अर्धशतक और 4 शतक शामिल हैं. उन्होंने गेंदबाजी में 326 विकेट भी लिए. जिसकी वजह से वो आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में काफी दिनों से नंबर -1 ऑलराउंडर के स्थान पर बने हुए हैं.मैच की बात करे तो पहले बल्लेबाजी करने वाली इंग्लैंड की टीम 387 रनों पर ऑलआउट हो गई. स्टार बल्लेबाज रूट (104 रन) ने शतक बनाया. ब्रेंडन कार्से (56) और जेमी स्मिथ (51) ने अर्धशतकीय पारी खेली. भारत की ओर से स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिया. जबकि नितीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट और रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट

दिव्या अग्रवाल ने दिए किलर पोज, इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें

टीवी और वेब सीरीज़ की पॉपुलर एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है. दिव्या ने कुछ बेहद स्टाइलिश और बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिनमें वो मल्टीकलर कट-आउट ड्रेस में कातिलाना अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं. अपने पोस्ट में दिव्या ने लिखा, मैं आपको कुछ बेहतरीन क्लिक्स से भर दूँगा! इन फोटोज में दिव्या का कॉन्फिडेंट एक्सप्रेशन, परफेक्ट मेकअप और खुले बाल उनके लुक को और भी ग्लैमरस बना रहे हैं. उनके इस अंदाज को देखकर फैंस लगातार तारीफ कर रहे हैं. किसी ने उन्हें गॉर्जियस कहा तो किसी ने सुपर हॉट बताते हुए कमेंट्स में फायर और हार्ट इमोजी की बारिश कर दी.

दिव्या अग्रवाल का यह लेटेस्ट फोटोशूट इस बात का सबूत है कि वह सिर्फ एक टैलेंटेड एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि एक फैशन आइकन भी हैं, जो हर बार अपने नए अंदाज से फैंस को इंप्रेस कर देती हैं. उनके फोटोज कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स बटोर चुके हैं और तेजी से वायरल हो रहे हैं।दिव्या के इस ग्लैमरस अवतार से साफ है कि वह न सिर्फ अपने प्रोजेक्ट्स से बल्कि अपने स्टाइलिश लुक्स से भी लाइमलाइट में रहना अच्छे से जानती हैं. फैंस को अब उनकी अगली पोस्ट और अपकमिंग वेब सीरीज़ का बेसब्री से इंतजार है।

जो रूट ने सचिन तेंदुलकर के क्लब में मारी एंट्री

भारत के खिलाफ शतक लगाकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने शुक्रवार को भी अपने 37वें टेस्ट शतक के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने का सिलसिला जारी रखा. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपना शतक पूरा किया और राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ दिया, जिनके 36वें टेस्ट शतक हैं। इससे पहले जो रूट भारत के खिलाफ पहले दिन 3000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे. अब जो रूट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में पांचवें स्थान पर हैं. रूट सचिन तेंदलुकर, जैक कैलिस, रिकी पोटिंग और कुमार संगाकारा के क्लब में एंट्री मार चुके हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाकर खुद को एक खास क्लब में शामिल कर लिया है. रूट पहले दिन 99 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने दिन का पहला रन बनाते ही शतक पूरा कर लिया. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर कर लिया है। रूट और कुमार संगकारा के नाम 38 टेस्ट शतक हैं. रूट को संगकारा की बराबरी करने के लिए एक शतक लगाने के जरूरत है. भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर 51 टेस्ट शतकों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद जैक्स कैलिस (45 टेस्ट शतक) और रिकी पोंटिंग (41 टेस्ट शतक) का नंबर आता है. इस सूची में शामिल शीर्ष पांच खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के कप्तान रह चुके हैं। रूट 104 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए. हालांकि पवेलियन लौटने से पहले उन्होंने भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सर्वाधिक टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. यह रूट का भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक था और उन्होंने स्टीव स्मिथ के भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इस मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने पहले दिन के अंत तक 83 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 251 रन बनाए थे. आज दूसरे दिन की शुरुआत में ही इंग्लैंड ने एक के बाद एक 3 विकेट गंवा दिए. इस समय इंग्लैंड का स्कोर 98.4 ओवर में 7 विकेट पर 318 रन है. स्मिथ 38 और कार्स 16 पर

जोकोविच सेमीफाइनल में हारे, फाइनल में भिड़ेंगे दो उभरते हुए युवा खिलाड़ी

नईदिल्ली। इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने शुक्रवार, 12 जुलाई को विंबलडन 2025 के पुरुष एकल सेमीफाइनल में महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में जगह बना ली है. विश्व नंबर-1 सिनर ने सर्बियाई स्टार जोकोविच को सीधे सेट 6-3, 6-3 और 6-4 से मात दी. क्वार्टर फाइनल में चोट लगने का असर 38 वर्षीय जोकोविच की मूवमेंट पर साफ नजर आ रहा था, जबकि सिनर ने एक घंटे 55 मिनट तक चले सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में अपनी पूरी क्षमता दिखाई। इसके साथ सिनर लगातार चार ग्रैंड स्लैम (ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन, फ्रेंच ओपन और विंबलडन) के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने रोजर फेडरर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो उन्होंने 24 साल की उम्र में 2006 में बनाया था. इसके अलावा सिनर चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं, उनसे आगे केवल जिम कूरियर (22 वर्ष, 308 दिन) हैं। 23 वर्षीय सिनर ने अब 38 वर्षीय जोकोविच के खिलाफ लगातार पांच मैच जीते हैं, जिसमें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल (ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024, फ्रेंच ओपन और विंबलडन 2025) में जीत भी शामिल है. इस के अलावा यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन में भी सिनर ने जोकोविच को हराया है।

बॉर्डर 2 से सनी देओल की पहली झलक आई सामने, लिखा- मिशन पूरा हुआ

निर्देशक जे पी दत्ता की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 जल्द ही आने वाला है। आज फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सनी देओल ने बॉर्डर 2 से अपना फौजी लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया और साथ ही फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी भी शेयर की है। इस खुशखबरी को सुनकर सनी के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। सनी देओल ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर एक खास पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। सनी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना फौजी लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, मिशन पूरा हुआ। फौजी, विदा लेता हूं! झबॉर्डर2 के लिए मेरी शूटिंग पूरी हुई। जय हिंद! एक्ट्रेस सिमरत कौर ने लिखा, जय हिंद, एक फैन ने लिखा, बहुत खूब..., एक और फैन ने लिखा, जय श्री राम, एक और फैन ने लिखा, सनी देओल सर हमेशा दिल को छू लेने वाले दिग्गज अभिनेता हैं, एक और फैन ने लिखा, शानदार.., एक और फैन ने लिखा, सर आप एक सच्चे हीरो लगते हैं, एक और फैन ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता सर-जय हिंद, एक और फैन ने लिखा, अब रिलीज का इंतजार है। बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। बॉर्डर 2 फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, और वरुण धवन जैसे कलाकार नजर आएंगे।

न्यूज गैलरी

70 से ज्यादा हाथियों का झुंड सड़क पार करते दिखा

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के धर्मजयगढ़ वन मंडल से एक हैरान कर देने वाला दृश्य सामने आया है, जहां 70 से अधिक हाथियों का विशाल दल एक सड़क को पार करते नजर आया। यह घटना सीधरा से हाटी मार्ग की है। स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए इस वीडियो में हाथियों के दल में बड़े-बड़े वयस्क हाथियों के साथ छोटे शावक भी साफदिखाई दे रहे हैं। वन विभाग की टीमें पूरे क्षेत्र में सतर्कता बरत रही हैं, हालांकि इतनी बड़ी संख्या में हाथियों की निगरानी करना उनके लिए एक चुनौती बन गया है। हाथियों की सड़क पर मौजूदगी के कारण काफी देर तक यातायात बाधित रहा। इस घटना ने इलाके में लोगों के बीच डर और चिंता का माहौल बना दिया है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और उनकी गतिविधियों की जानकारी विभाग को दें।

कुख्यात नक्सली रामा बोड़के गिरफ्तार

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। जगरगुंडा थाना पुलिस और सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन की संयुक्त कार्रवाई में पामेड़ एरिया कमेटी से जुड़े कुख्यात नक्सली रामा बोड़के को गिरफ्तार किया गया है। रामा बोड़के कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उस पर ग्राम पूवर्ती में एक ग्रामीण की हत्या करने और मृतक के परिजनों को धमकाकर मारपीट करने का आरोप है। इस मामले में जगरगुंडा थाने में नक्सल निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। अब तक इस केस में कुल छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ जारी है और पुलिस को उससे कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की संभावना है।

घरेलू विवाद में महिला ने पति पर चाकू से किया हमला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पंडरी ताज नगर में शुक्रवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहाँ एक घरेलू विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला, काजल ने कथित तौर पर अपने पति, मोहम्मद तैयब पर चाकू से हमला कर दिया। टाइल्स मिस्त्री तैयब किसी तरह अपने किराए के मकान से भागकर अपनी माँ के घर सुरक्षित पहुँचने में कामयाब रहे। सिविल लाइन पुलिस इस घटना की जाँच कर रही है, जो रात करीब 10:30 बजे हुई। काजल और मोहम्मद तैयब, जिनकी तीन साल पहले लव मैरिज हुई थी और उनका डेढ़ साल का एक बच्चा भी है, के बीच तब झगड़ा शुरू हुआ जब काजल ने अपने पति पर किसी और महिला के साथ संबंध होने का आरोप लगाया। यह मौखिक विवाद जल्द ही हिंसक हो गया। काजल ने कथित तौर पर एक सब्जी काटने वाले चाकू से तैयब की पीठ और गर्दन पर कई वार किए, और उसे हाथों और घूंसों से भी पीटा।

जटाशंकरी नाले पर पुलिया नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोपालपुर से नवापारा पहुंच मार्ग पर जटाशंकरी नाला का जलस्तर बढ़ने के बाद से 8 किलोमीटर घूमकर ग्रामीणों को ग्राम चैतमा जाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार लगभग 6 महीना पहले पुलिया निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। अब बारिश के बाद ही काम शुरू हो सकेगा। जिले में रुक-रुककर हो रही बारिश से जटाशंकरी नाला का जलस्तर बढ़ गया है। लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं। नाला पार कर ग्राम डोड़की, सगुना, ठाड़पखना के ग्रामीण चैतमा की ओर आवाजाही करते हैं। साथ ही वहां के हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भी इसी मार्ग से गुजरते हैं।

नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के थाना बालकोनगर अंतर्गत एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिक के साथ अनाचार की घटना हुई है। पीड़ित के परिजनों की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बालको पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जहां आरोपी ने लगभग 11 वर्षीय नाबालिक को बहला फुसलाकर घटना को अंजाम दिया है। आरोपी की पहचान सरना सिंकू पिता शंकर सिंकू निवासी मुंडा मोहल्ला, लालघाट थाना बालकों के रूप में की गई है।

श्रद्धा, सेवा और संस्कृति की झलक दिखाएगी भोरमदेव पदयात्रा

- भोरमदेव पदयात्रा को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने की विशेष बैठक
- भोरमदेव पदयात्रा में अधिक अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका सभाकक्ष में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिक, जिम संचालक, फिटनेस ट्रेनर, तथा खेल जगत से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि जनभागीदारी और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक नागरिकों को इस पदयात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, स्वास्थ्य प्रेमियों और खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि वे इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि पदयात्रा न केवल आध्यात्मिक, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश भी समाज में फैला सके।

स्कूली बच्चों द्वारा झांकी भी रहेगी आकर्षण का केंद्र

इस वर्ष की भोरमदेव पदयात्रा को और भी भव्य व आकर्षक बनाया जाएगा। विशेष रूप से स्कूली बच्चों द्वारा भगवान शंकर और माता पार्वती की झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जो पदयात्रा का मुख्य आकर्षण रहेगी। यह झांकी धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को भी उजागर करेगी।

कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्था

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र संतोष पांडेय के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रावण मास में कवर्धा नगर पहुंचने वाले कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए 'कांवड़िया सेवा कक्ष' की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे निरंतर संचालित रहेगा। इस सेवा कक्ष में ठहरने की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कांवरिया सेवा कक्ष के रूप में यूथ क्लब भवन, वीर सावरकर भवन तथा डॉ अंबेडकर भवन को तैयार किया गया है।

इनकी रहेगी विशेष उपस्थिति

भोरमदेव पदयात्रा को भव्य बनाने के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है मार्ग में आवश्यक साफ़सफ़ाई, यातायात को सुगम बनाया जा रहा है कवर्धा शहर के लोग यात्रा को लेकर उत्साहित है यात्रा में शामिल होने एक दूसरे को प्रेरित किया जा रहा है यात्रा में प्रमुख रूप से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित अन्य जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होंगे।

मरीज के परिजनों ने जगन्नाथ हॉस्पिटल पर लगाए गंभीर आरोप

आयुष्मान कार्ड के नाम पर ठगी

- फ्री इलाज का झांसा देकर वसूल जा रहे पैसे

राजिम/नवप्रदेश। राजिम के पथर्रा स्थित श्री जगन्नाथ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने का झांसा देकर मरीजों से मोटी रकम वसूलने के गंभीर आरोप लगे हैं। इलाज के लिए पहुंचे मरीज के परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन पहले मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज का भरोसा देकर भर्ती करता है, लेकिन बाद में हजारों रुपये का बिल थमाकर पैसे जमा करने का दबाव बनाता है।

क्या है पूरा मामला

परिजनों के अनुसार भिलाई (आरंग) निवासी बिसाहा बाई नवरंगे (60) अपने रिश्तेदारों से मिलने तर्रा आई थीं। वापसी में चौबेबांधा के पास गाड़ी से गिर गईं। जहां इलाज कराने राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सीटी स्कैन कराकर लाने को कहा। परिजन सीटी स्कैन कराने लाइफकेयर पहुंचे तो वहां उपस्थित स्टाफ ने कहा कि यहां आयुष्मान कार्ड से इलाज हो जाएगा नगदी पैसे नहीं लगेंगे। उन्होंने मरीज को वहां भर्ती कर दिया फिर शनिवार को डॉक्टरों ने परिजनों से कहा कि मरीज की स्थिति ठीक नहीं है उसे दूसरी जगह ले जाओ। साथ ही उन्हें 25 हजार रुपए जमा करने अस्पताल प्रबंध दबाव बनाने लगा।

हॉस्पिटल की लापरवाही से मरीज की स्थिति नाजुक

परिजनों का आरोप है कि मरीज का बेड चेंज करते समय स्टाफ की लापरवाही से मरीज गिर गया था। जिससे उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। चेहरे में कुछ जगह चोट के निशान दिखने लगा और खून भी बह रहा था। जिसके बाद डाक्टरों ने उसे अन्यत्र ले जाने की बात कही है।

हॉस्पिटल को आयुष्मान कार्ड से इलाज की नहीं है मान्यता

जगन्नाथ हॉस्पिटल को आयुष्मान कार्ड से इलाज करने की मान्यता अभी तक नहीं मिली है परन्तु क्षेत्र की भोली भाली जनता को झांसा देकर उनका आर्थिक शोषण करने का अड्डा बना लिया गया है। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजना का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

मरीज व डॉक्टरों के बयान भिन्न भिन्न

इस मामले की सूचना पाते ही जब मीडिया की टीम ने मौके पर पहुंचकर डॉक्टरों और मरीजों से बात की तो डॉक्टर आयुष शर्मा व डॉ. श्वेता पांडे ने साफतौर पर कहा कि उनके अस्पताल में आयुष्मान योजना लागू ही नहीं है। इसके बावजूद वहां कई मरीज ऐसे मिले, जिन्हें आयुष्मान योजना के नाम पर भर्ती किया गया था।

फर्जी रेफर सिस्टम या सुनियोजित लूट

एक ही डॉक्टर दो अलग-अलग अस्पतालों में इलाज कर रहे हैं। एक अस्पताल से मरीज को रेफर कर दूसरे में भेजा जा रहा है, जहां योजनाओं की सुविधा बताकर भर्ती किया जाता है। लेकिन हकीकत में मरीज को मजबूर किया जाता है नकद भुगतान करने के लिए। यह पूरा मामला इस तरह के रेफर सेंटर और फर्जीवाड़े के संगठित नेटवर्क की ओर इशारा करता है। चूंकि जगन्नाथ हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं होता।

एक करोड़ की ठगी के सहयोगी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

कांकेर/ नवप्रदेश। जिले के थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में एक डॉक्टर के परिवार को पैसे दोगुने करने का झांसा देकर एक करोड़ की ठगी के मामले की पीड़ित युवती अपर्णा रामटेके उम्र 26 वर्ष द्वारा की गई शिकायत के आधार पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 148/25 धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज का विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में ठगी के आरोपी के सहयोगी डीलक्स मरकाम को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी अलीम खान अभी फरार है।

पीड़िता के पिता का क्लिनिक कांकेर के संतोषी मेडिकल स्टोर परिसर में वर्ष 2017 से संचालित है। इसी क्लिनिक में संजय नगर निवासी अलीम खान अपनी पत्नी के इलाज के लिए आया करता था। पहचान बनने के बाद नवंबर 2018 में अलीम खान ने स्वयं को कोलकाता की एक कंपनी में कार्यरत बताते हुए डॉक्टर को निवेश पर दोगुना लाभ मिलने का झांसा दिया। अलीम ने पहले 2 लाख रुपये नकद लिए और बाद में यह कहकर और धन राशि मांगी कि पिछली कंपनी डूब गई है, लेकिन अब वह एक नई कंपनी से जुड़ गया है, और वहां से गारंटी के साथ पैसे वापस मिलेंगे। वर्ष 2019 से 2024 तक लगातार किश्तों में डॉक्टर और उनकी बेटी ने कुल मिलाकर करीब 1 करोड़ रुपये अलीम खान को दिए कुछ नकद, कुछ ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कुछ सीधे खातों में ट्रांसफर किए गए। पुलिस जांच के दौरान खुलासा हुआ कि अलीम खान ने अपने सहयोगी डीलक्स मरकाम के खाते में भी लगभग 23 लाख रुपये ट्रांसफर करवाए थे।

बच्चों की शिक्षा को संकट से उबारने मैदान में उतरे डीईओ

- तत्परता व संवेदनशीलता की बनी मिसाल बने जे.आर. डहरिया

खबर का असर

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश। सरकारी स्कूलों में पुस्तक और ड्रेस की भारी कमी के कारण बच्चों के भविष्य पर मंडराते खतरे को लेकर गोपी अजय हमारे संवादाता के द्वारा नवप्रदेश में प्रकाशित विशेष रिपोर्ट ने आखिरकार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर ही दिया। खबर के सामने आने के कुछ ही घंटों में जिला शिक्षा अधिकारी जे.आर. डहरिया ने अद्भुत तत्परता, जवाबदेही और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पूरे जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का बीड़ा उठा लिया। श्री डहरिया ने जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक शासकीय स्कूल से पुस्तक और यूनिफॉर्म वितरण की अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर प्रस्तुत की जाए। जिन स्कूलों में अब तक पुस्तक और वर्दी की आपूर्ति नहीं हुई है, वहां तुरंत पूर्ति सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, यदि कहीं लापरवाही या उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय मानी जाएगी।

इस गंभीर मुद्दे पर जिला कलेक्टर महोदय ने भी तत्परता दिखाई और शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि वह बच्चों के भविष्य से कोई समझौता न करे। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय पर किताब और ड्रेस देना शासन प्रशासन की कर्तव्य है, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आने वाले दिनों में कोई बच्चा खाली हाथ न दिखे। इस पूरे घटनाक्रम में जे.आर. डहरिया की कार्यशैली, उनकी संवेदनशील सोच और बच्चों के हित में त्वरित कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रशासन में जब सही नेतृत्व होता है, तो समस्याएं केवल उजागर नहीं होतीं उनका समाधान भी सामने आता है। श्री डहरिया आज न सिर्फशिक्षा विभाग के एक अधिकारी के रूप में बल्कि बच्चों के हितों के प्रहरी के रूप में सामने आए हैं।

नवप्रदेश इस सकारात्मक बदलाव का स्वागत करता है और आशा करता है कि श्री डहरिया जैसे अधिकारी शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत बनकर हज़ारों नन्हे सपनों को संवारने का काम करेंगे।

चाकू लहराकर आतंक फैलाते दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस को सूचना मिली कि मेडिसाइन अस्पताल के पास आरोपी अनुज सिंह 18 वर्ष और देवानंद यदु 18 वर्ष चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मोजो मशरूम फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट से ग्रामीण परेशान

- जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम ग्रामीणों की शिकायत पर फैक्ट्री का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। मोजो मशरूम फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाए जाने और उन्हें दी गई यातनाओं के खिलाफ जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री का निरीक्षण कर मजदूरों से चर्चा की।

उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री से बहुत ज्यादा बदबू आती है जिससे आसपास के गांव प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने फैक्ट्री के द्वारा गांव की सार्वजनिक जगहों पर फेंके जा रहे अपशिष्ट की समस्या से भी अवगत कराया। फैक्ट्री प्रबंधन ने इस बात को नकारते हुए कहा कि कोई भी अपशिष्ट फेंका नहीं जाता बल्कि पावर प्लांट में इस्तेमाल किया जाता है। नाराज ग्रामीणों ने प्रतिनिधिमंडल को पीकरीडीह स्थित गौठान भूमि और गांव के सार्वजनिक निस्तार की जगह को दिखाया।

मौका मुआवना करने पर प्रतिनिधिमंडल को फैक्ट्री द्वारा बड़े पैमाने पर फेंके गए बदबूदार अपशिष्ट मिले जो गैरकानूनी रूप से डंपिंग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अपशिष्ट में बड़े पैमाने पर पॉलीथिन भी मौजूद हैं जिसे खासकर गांव की कई गाय मर चुकी है।

कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

फैक्ट्री प्रबंधन की इस गंभीर लापरवाही और इस पर कार्यवाही हेतु सोमवार को जिला कलेक्टर और पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष उधोराम वर्मा, छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक आलोक शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा,भावेश बघेल, पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति के सचिव घनश्याम वर्मा सहित पीकरीडीह, बंगाली सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

- बागबाहरा में दो अवैध प्लाटिंग की जा रही थी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए जिला प्रशासन द्वारा आज दो स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री विनय लंगेह के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा श्री उमेश साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बागबाहरा के लालपुर क्षेत्र में सोनदादर मार्ग के समीप एवं वार्ड क्रमांक 09, पिथौरा रोड के पास स्थित अवैध प्लाटिंग पर की गई। दोनों ही स्थानों पर बिना अनुमति के भूमि का अवैध रूप से विभाजन कर प्लाटिंग की जा रही थी, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री नितिन ठाकुर, राजस्व निरीक्षक श्री बेहरा, पटवारी श्री रूपेश सिन्हा, उप अभियंता श्री शशि प्रताप सिंह तथा नगर पालिका के राजस्व अमले की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पालिका ड्राइवर की मिली लाश

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। अभनपुर इलाके में सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर अभनपुर इलाके के ग्राम सातपारा के पास सड़क किनारे ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान मुकेश टंडन के रूप में हुई है, जो अभनपुर का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक बुधवार को घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। उसके शरीर से कीड़े निकलने लगे थे। मृतक नगर पालिका के कचड़ा गाड़ी का ड्राइवर था।

पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से शराब की शीशी और डिस्पोजल मिला है। आशंका है कि वह नशे में धुत होकर बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। ताकि कुछ सुराग मिल सकें। पुलिस का कहना है कि युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो एक्टिवा वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी कुशाल अंदानी 25 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमवाय 4536 को करेंसी टावर चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं मच्छी तालाब निवासी हंसा शर्मा 31 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलयू 3439 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मित्तल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com